संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया



@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 12, अंक : 105, पृष्ठ : 12, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), शुक्रवार 22 नवंबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

# बच्चों का पुनर्वास योगी सरकार की प्राथमिकता

## दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024 के तहत लखनऊ में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव

**» केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य रहीं मौजूद**

**उत्तर प्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के संयोजन में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित हुआ कॉन्क्लेव**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ »** योगी सरकार द्वारा बड़े बच्चों के पुनर्वास और उन्हें नई दिशा देने के उद्देश्य से %दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024% के अंतर्गत एक विशेष राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित इस कॉन्क्लेव में भारत सरकार की ओर से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने योगी सरकार द्वारा बच्चों के पुनर्वास को लेकर किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

### देखभाल और पालन-पोषण की भावना द्वारा बड़े बच्चों का पुनर्वास

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सहित उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने 'देखभाल और पालन-पोषण की भावना द्वारा बड़े बच्चों का पुनर्वास' विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बड़े पैमाने पर लोगों को ऐसे बच्चों को गोद लेने और फोस्टर केयर (पालन-पोषण) की कानूनी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा, जो या तो निराश्रित हों या करीबी परिवार के ही अनाथ सदस्य हों। साथ ही, समाज में ऐसे बच्चों के पुनर्वास के लिए अपनापन और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने पर भी वक्ताओं ने विशेष जोर दिया।



**बाल संरक्षण योगी सरकार की प्राथमिकता :** बेबी रानी मौर्या ने अपने वक्तव्य के दौरान प्रतिभागियों को बताया कि बाल संरक्षण उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए प्राथमिकता का विषय रहा है। प्रदेश सरकार बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कहा कि बच्चा दत्तकग्रहण के माध्यम से एक परिचित वातावरण में रहे और भाषाई या सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर बड़ी चुनौतियाँ ना पेश करे, यह आवश्यक है।

**गोद लेने वाले दंपत्तियों ने साझा किये अनुभव, बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोह मन :** इस अवसर पर केयरिंग पोर्टल के जरिए बच्चों को गोद लेने वाले दंपत्ति गुरप्रीत सिंह और नवनीत ग्रेवाल, मो आरिफ खान और दीप्ति सिंह, वीरेन्द्र और शर्मिला पाल तथा सिंगल पैरेंट डॉ रचना भारती को सम्मानित किया गया। सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। इसी प्रकार फॉस्टर केयर से बच्चा गोद लेने वाली डॉ शहनवाज ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान 'किलकारियां' शीर्षक से प्रेरक कहानियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। वहीं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। इसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा 'राधा तेरी चुनरी... गीत, किशोरियों द्वारा रानी झांसी के जीवन को प्रस्तुत करते हुए समूह नृत्य का विशेष आयोजन किया गया। वहीं बच्चों द्वारा बनाए गये उत्पादों की प्रदर्शनी को भी लोगों ने खूब सराहा।

बता दें कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल नवंबर माह को %राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह% के रूप में मनाया जाता है।

इस वर्ष, इस अभियान का विशेष आयोजन उत्तर प्रदेश के लखनऊ में किया गया है।कार्यक्रम में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्य महिला आयोग की आध्यक्ष बबिता चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव अनिल मलिक, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी, निदेशक संदीप कौर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव प्रीती पन्त समेत प्रदेश में गठित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, चिकित्सा विभाग के पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारी, यूनिसेफ, चाइल्ड हेल्प लाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, देखरेख संस्थाओं तथा विशेषिकृत दत्तक ग्रहण अभिकरणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कानूनी दत्तक-ग्रहण की सभी प्रक्रियाओं पर हुई परिचर्चा

कान्क्लेव के दौरान सावित्री ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से राजधानी लखनऊ में हमारे हितधारक और माता-पिता एकत्रित हुए हैं। यहां हम दत्तक परिवारों से चर्चा कर बच्चों को गोद लेने के उनके अनुभवों के बारे में जान रहे हैं, वहीं हम अपने हितधारकों के साथ कानूनी दत्तक-ग्रहण की सभी प्रक्रियाओं पर परिचर्चा कर रहे हैं। उन्होंनें मीडिया को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस बार हमारे पूरे अभियान का थीम 'फॉस्टर केयर और फॉस्टर अडॉप्शन के ज़रिए बड़ी उम्र के बच्चों का पुनर्वास' है। 6 साल से अधिक उम्र के बच्चे जिनका अडॉप्शन आसानी से नहीं हो रहा, उनके लिए हमारे सिस्टम में फॉस्टर केयर का एक विकल्प मौजूद है। इस विकल्प के ज़रिए 'नो विज़िटेशन' और 'अनफ़िट गार्डियन्स/पेरेंट्स' की श्रेणी के अंतर्गत आने वाले बच्चों को अस्थायी पारिवारिक देखरेख प्रदान की जाती है।

---

### मौसम

**दिल्ली/एनसीआर**

| अधिकतम ता. | न्यूनतम ता. |
|---|---|
| 272.0°C | 14.0°C |

## संक्षिप्त समाचार

### आप ने दिल्ली विधानसभा के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की


एजेंसी

**नई दिल्ली »** आम आदमी पार्टी(आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक में आज उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गयी। पहली सूची में उम्मीदवारों में छतरपुर से ब्रह्मा सिंह तंवर, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, बदरपुर से राम सिंह नेताजी, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सुमेश शौकीन शामिल हैं। आप ने पहली सूची में कांग्रेस और भाजपा छोड़कर आए नामों को प्राथमिकता दी है जबकि 11 में से छह सीटों पर दूसरे दलों से आए प्रत्याशी घोषित किए हैं। अनिल झा, बीबी त्यागी और ब्रह्म सिंह तंवर कुछ दिनों पहले ही भाजपा से आप में शामिल हुए हैं।

### ईवीएम हैक मामले में उदयभान की हाईकोर्ट में याचिका

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**चंडीगढ़ »** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में नाकाम रही कांग्रेस लगातार ईवीएम हैक करने का आरोप लगा रही है और अब इस दलील के साथ पार्टी ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने दावा कर रहे है कि 14 विधानसभा सीटों के चुनाव में ई वी एम हैक की गई है, जिसके लिए पार्टी के पास पर्याप्त सबूत हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने जिन 14 सीटों पर ईवीएम हैकिंग का दावा किया है, उनमें 4 सीटें ऐसी हैं, जिन पर जीत-हार का अंतर 3000 से कम है।




# गौतम अडानी, सहयोगियों पर रिश्वतखोरी के आरोप में अमेरिका में मुकदमा

एजेंसी

**नई दिल्ली »** अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी और उनके कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों से ' झूठे और भ्रामक' तथ्यों के आधार पर धन जुटाने की अरबों डॉलर की योजना में उनकी कथित भूमिका को लेकर अमेरिका की एक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किए गए हैं।अमेरिका के संघीय अभियोजन कार्यालय के न्यूयार्क के पूर्वी जिले के संबंधित अभियोजक द्वारा ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में कथित रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी की के पांच बिंदुओं को लेकर आपराधिक धाराओं में अभियोग-पत्र पढ़े गए।

वार्ता ने इन कथित आरोपों पर अडानी समूह से प्रतिक्रिया माँगने के लिए एक प्रश्न भेजा है और उसकी ओर से प्रतिक्रिया का इंतज़ार है। इस बीच, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में बीएसई पर 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई।अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर 20 प्रतिशत गिरकर गुरुवार को पूर्वाह्न मे 2256.20 रुपये प्रति शेयर तक आ गया था।ब्रुकलिन की अदालत में दाखिल आरोपत्र के अनुसार 2020 और 2024 के बीच, प्रतिवादियों ने भारत में सरकार के साथ आकर्षक सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डालर से अधिक की रिश्वत देने को तैयार हुई थी। कंपनी को इससे लगभग 20 साल की अवधि में कर के बाद दो अरब डालर से अधिक के लाभ होने का अनुमान था ।अडानी समूह के खिलाफ दाखिल आरोपों में कहा गया है कि इस भारतीय कंपनी ने रिश्वत की अपनी योजना के प्रति अमेरिकी निवेशकों को अंधेरे में रख कर, बैंकों और निवेशकों से झूठ बोल कर अरबों डॉलर जुटाए जो अमेरिका के कानूनों का उल्लंघन है। न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ' कई मौकों पर, गौतम एस. अडानी ने रिश्वत योजना को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक भारतीय सरकारी अधिकारी से मुलाकात की और प्रतिवादियों ने इसके निष्पादन के पहलुओं पर चर्चा करने के लिए एक-दूसरे के साथ व्यक्तिगत बैठकें कीं। प्रतिवादियों ने रिश्वत योजना को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों पर अक्सर चर्चा की, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मैसेजिंग एप्लिकेशन के माध्यम से भी शामिल था।'न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अटॉर्नी, ब्रियोन पीस ने कहा, ' जैसा कि आरोप लगाया गया है, प्रतिवादियों ने अरबों डॉलर के अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की एक विस्तृत योजना बनाई और गौतम एस. अडानी, सागर आर. अडानी और विनीत एस. जैन ने रिश्वतखोरी की योजना के बारे में झूठ बोला क्योंकि वे अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों से पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे थे।'

### मोदी-अडानी एक ही हैं-राहुल

**नई दिल्ली »** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी को हर जगह भ्रष्टाचार में शामिल बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी एक ही हैं इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। श्री गांधी ने यहां पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अडानी के भ्रष्टाचार को लेकर अमेरिकी अभियोजन एजेंसी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ अमेरिका में कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन भारत में उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड-सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच का भी उल्लेख किया और कहा कि वह भी अडानी से जुड़ी हैं और उनके शेयरों के भाव बढ़ाने में मदद करती हैं इसलिए तमाम आरोपों के बावजूद उनको हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि अडानी की कार्रवाई नहीं होने से छोटे निवेशकों को बहुत खतरा है।



### अमेरिकी न्याय विभाग और सेक द्वारा अडानी ग्रीन कंपनी पर लगाये निराधार आरोप : अडानी समूह

**नई दिल्ली »** अडानी समूह ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के न्याय विभाग और प्रतिभूति बाजार विनियामक (सेक) द्वारा अडानी ग्रीन कंपनी के निदेशकों के खिलाफ लगाये गये आरोप निराधार है और इनका खंडन किया जाता है।अडानी समूह ने आज यहां जारी बयान में कहा, 'अदालत में लगाये गये आरोप सिर्फ आरोप हैं और प्रतिवादियों को तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक की दोष साबित नहीं हो जाते।' हम कानून का हर संभव सहारा लेंगे। उन्होंने कहा कि अडानी समूह अपने ऑपरेशन्स में गवर्नेंस, ट्रांसपेरेंसी और रेगुलेटरी कम्पलायंस के उच्चतम मानकों को बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी साझेदारों, कर्मचारियों और हितधारकों को यह पूरा भरोसा दिलाते हैं कि हम कानून का पालन करने वाले समूह है और नियमों का पूर्णरूप तथा दृढ़ता से पालन करते हैं।




# मोदी की विश्वसनीयता बढ़ती ही जा रही है : भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली »** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उद्योगपति गौतम अडाणी को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लगाये गये आरोपों को खारिज कर दिया और कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कि मां, बेटा और उनकी पार्टी 22 साल से श्री मोदी की विश्वसनीयता समाप्त करने की चेष्टा कर रहे हैं लेकिन जनता की नज़र में मोदी की विश्वसनीयता बढ़ती ही जा रही है।

भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाये गये आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका में जिस मुकदमे की बात हो रही है, उसमें कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन आदि के आरोपों पर उद्योग समूह जवाब देगा, लेकिन जो आरोप प्रधानमंत्री और सरकार पर लगाये हैं, उनको लेकर कई सवाल खड़े हो गये हैं। उन्होंने श्री गांधी और कांग्रेस को इस मामले को अदालत में ले जाने की चुनौती दी। उन्होंने श्री गांधी से सवाल किया कि अमेरिका में जिस मुकदमे का वह जिक्र कर रहे हैं, उसमें चार राज्यों -तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में उनकी पार्टी की सरकारों ने जो अडाणी समूह से निवेश लिया है, क्या उसमें भी घोटाला हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जिन चार राज्यों की बात हो रही है, उनमें कांग्रेस एवं सहयोगी दलों की सरकारें हैं। श्री गांधी कह रहे हैं कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री अडाणी समूह से समझौता करके निवेश ले रहे हैं, पर अजीब बात है कि पैसा प्रधानमंत्री श्री मोदी के पास जा रहा है। वह यह भी कह रहे हैं कि श्री मोदी की विश्वसनीयता समाप्त हो गयी है। उन्होंने कहा, 'राहुल जी ने आज बार बार कहा कि मोदी जी की विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है। मोदी जी अडानी के पीछे खड़े हैं, इसलिए उनकी विश्वसनीयता वैश्विक स्तर पर समाप्त हो चुकी है। राहुल जी, मोदी जी की विश्वसनीयता समाप्त करने की चेष्टा और कोशिश कोई आप पहली बार नहीं कर रहे हैं। 2002 से मोदी जी की विश्वसनीयता को समाप्त करने की कोशिश आप, आपकी माताश्री और आपकी पार्टी लगातार कर रही है। कभी उन्हें मौत के सौदागर कहा गया तो कभी चौकीदार चोर है कहा गया। ऐसे करके सौ से अधिक गालियों से उन्हें नवाज़ा गया।'

डॉ. पात्रा ने कहा, 'हमारे देश से हजारों मील दूर दूसरे देश में आज सर्वोच्च नागरिक सम्मान उन्हें (मोदी जी को) दिया जा रहा है। ये है मोदी जी की विश्वसनीयता... न मौत के सौदागर से मोदी जी की विश्वसनीयता पर डेंट पड़ा और न ही चौकीदार चोर है कहने से! क्योंकि देश की जनता जानती है कि कौन विश्वसनीय है।' उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि श्री गांधी का 'स्ट्रक्चर' क्या है। इल्हान उमर और जॉर्ज सोरोस के स्ट्रक्चर से उनका क्या संबंध है और उनकी नीयत क्या है।

# राजनीतिक उद्देश्यों के लिए होता आ रहा वीटो का इस्तेमाल : भारत

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वीटो पावर पर भारत की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक वीटो मौजूद है, तब तक सभी स्थायी सदस्यों द्वारा निष्पक्षता और न्याय के मामले में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस दौरान हरीश ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वीटो के इस्तेमाल की कड़ी आलोचना भी की।

न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक बयान में हरीश के हवाले से कहा वीटो का इस्तेमाल केवल पांच सदस्य देशों के लिए उपलब्ध एक प्रावधान रहा है, हालांकि यह संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की संप्रभु समानता की अवधारणा के विरुद्ध है। पिछले 8 दशकों के दौरान, यूएनएससी के सभी 5 स्थायी सदस्यों ने अपने-अपने राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वीटो का इस्तेमाल किया है।



भारतीय राजदूत ने कहा इस अवधि में लगभग 200 बार वीटो का प्रयोग किया गया। आज, संशोधित यूएन सुरक्षा परिषद में वीटो के इस्तेमाल के लिए कई विकल्प हैं और भारत अन्य देशों के साथ मिलकर इस पर काम करने को तैयार है।

यूएनएससी प्रणाली में सुधार के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए हरीश ने आगे कहा हम दृढ़ता से आग्रह करते हैं कि वीटो के सवाल सहित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के सभी पांच पहलुओं को आईजीएन प्रक्रिया में स्पष्ट रूप से परिभाषित समयसीमा के माध्यम से व्यापक तरीके से संबोधित किया जाना चाहिए।

# नायब सैनी से द. कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोरियाई शहर के लिए जमीन की पहचान करने की संभावनाएं तलाश सकती है सरकार- मुख्यमंत्री

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नई दिल्ली »** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज गुरुग्राम में कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमैन श्री जंग वोन जू की अगुवाई में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर इंटरएक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में कोरियाई व्यवसायों को बढ़ने में सहायता देने के साथ साथ सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र में वर्तमान सरकार उपयुक्त भूमि चिन्हित करने में सहयोग करेगी, जिससे कोरियाई व्यवसायों को बढ़ने में सहायता मिलेगी।

इस मौके पर विदेश सहयोग विभाग के मंत्री राव नरबीर सिंह और सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने सहयोग के लिए फोकस क्षेत्र जैसे कि ऑटो टेक्सटाइल्स, खाद्य प्रसंस्करण, रियल एस्टेट पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सिटी टू सिटी प्रोजेक्ट के लिए दक्षिण कोरिया के साथियों का हरियाणा में स्वागत है। शहर-दर-शहर सहयोग के माध्यम से सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने से पारस्परिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया की संस्कृति में बहुत सारी समानताएं हैं। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से दोनों देश एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। दक्षिण कोरिया और हरियाणा एक दूसरे के लिए बने हैं। हमारा लक्ष्य है कि हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के साथ मिलकर हम हरियाणा को अंतरराष्ट्रीय जगत पर एक नई पहचान दिलाएं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार बनी सरकार-मुख्यमंत्री :** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा में बिजनेस के तौर पर स्वागत करते हैं और हरियाणा सरकार द्वारा कोरिया को पूरा सहयोग दिया जाएगा, किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

**स्टारलेक सिटी प्रोजेक्ट को हरियाणा में भी लाना चाहते है - श्री जंग वोन जू :** इससे पहले, कोरियन प्रतिनिधिमंडल और कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमैन श्री जंग वोन जू ने कहा कि वे और उनका प्रतिनिधिमंडल हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह का आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने उन्हें आज यहां पर बुलाकर सम्मान देने का काम किया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम में दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा। (21.11.2024)

### हरियाणा गीता, कर्म की भूमि और भगवान श्रीकृष्ण की धरा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा गीता की भूमि है। कर्म की भूमि है और भगवान श्रीकृष्ण की धरा है और वे इस पावन धरा पर कोरियन प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें एक देश पार्टनर देश होता है तथा इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में तंजानिया देश को पार्टनर कंट्री के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कोरियन प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि दक्षिणी कोरिया के साथ हमारा बहुत पुराना नाता है और हम चाहते हैं कि अगली बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कोरिया भी हमारा पार्टनर देश बने।

लेख

# जेईई मेन के लिए ड्रॉप ईयर लेना जोखिम भरा हो सकता है? लाभ और चुनौतियाँ

जेईई के 15% अभ्यर्थी ड्रॉप ईयर लेते हैं आईआईटी में प्रवेश करने वाले 40-45% छात्र ड्रॉपर होते हैं जोखिमों में तनाव और खोया हुआ शैक्षणिक वर्ष शामिल है हर साल, बड़ी संख्या में छात्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन की तैयारी के लिए ड्रॉप लेने पर विचार करते हैं, जिसका लक्ष्य अपने प्रदर्शन में सुधार करना और शीर्ष स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में सुरक्षित प्रवेश करना है। जेईई के लगभग 15 प्रतिशत अभ्यर्थी ड्रॉपर हैं, और जो लोग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश पाते हैं, उनमें से अनुमानित 40-45 प्रतिशत ऐसे छात्र हैं जिन्होंने तैयारी के लिए एक अतिरिक्त वर्ष लिया। हालाँकि, इस वर्ष गिरावट का निर्णय अपनी चुनौतियों और निहितार्थों से रहित नहीं है। छात्रों को ड्रॉप ईयर क्यों लगता है? एक वर्ष में ड्रॉप लेने की प्रेरणाएँ छात्रों के बीच व्यापक रूप से भिन्न होती हैं। कुछ सामान्य कारणों में शामिल हैं। वांछित रैंक या कॉलेज नहीं मिलना - कई छात्रों को लगता है कि वे एक और केंद्रित प्रयास के साथ बेहतर रैंक हासिल कर सकते हैं या अपने सपनों के इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पा सकते हैं। पर्याप्त तैयारी का अभाव - खराब समय प्रबंधन, अधूरा पाठ्यक्रम, या अवधारणाओं की कमजोर समझ अक्सर छात्रों को दूसरे मौके की तलाश में ले जाती है। बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी को संतुलित करना - बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी का दोहरा दबाव भारी पड़ सकता है, जिससे कुछ छात्र जेईई के लिए तैयार नहीं रह पाते हैं। पहला प्रयास सफल नहीं रहा - जो छात्र अपने पहले प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सके, वे अक्सर ड्रॉप ईयर को सफल होने के दूसरे अवसर के रूप में देखते हैं। बेहतर कोचिंग या परामर्श कुछ उम्मीदवारों को लगता है कि उनकी प्रारंभिक तैयारी में उचित मार्गदर्शन और संसाधनों का अभाव था, जिससे उन्हें अधिक संरचित कोचिंग का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया गया। अन्य प्रेरणाओं में प्रारंभिक तैयारी के दौरान आत्मविश्वास, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत मुद्दे और कंप्यूटर विज्ञान या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी विशिष्ट इंजीनियरिंग शाखा को सुरक्षित करने की आकांक्षा शामिल है। ड्रॉप ईयर लेने के फायदे एक ड्रॉप वर्ष छात्रों को पूरी तरह से जेईई की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है, कमजोर क्षेत्रों को संबोधित करने, जटिल अवधारणाओं में महारत हासिल करने और मॉक परीक्षाओं के माध्यम से रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करता है। 'एक गिरावट वाले वर्ष के दौरान तैयारी में आपके द्वारा किया गया निवेश तेजी से रिटर्न दे सकता है, खासकर शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों से स्नातक होने के बाद उपलब्ध प्लेसमेंट पैकेज और करियर के अवसरों के साथ,' मुफ़्त यूट्यूब सामग्री और संरचित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों सहित किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले संसाधनों की उपलब्धता ने ड्रॉपर्स के लिए वित्तीय बोझ को कम कर दिया है, जिससे सभी के लिए केंद्रित तैयारी सुलभ हो गई है। चुनौतियाँ और कमियाँ जबकि एक ड्रॉप वर्ष के लाभ आकर्षक हैं, छात्रों को इसकी चुनौतियों पर भी विचार करना चाहिए। बढ़ा हुआ दबाव और तनाव - दूसरे प्रयास में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद चिंता को बढ़ा सकती है। एक शैक्षणिक वर्ष का नुकसान - एक वर्ष छोड़ने से कॉलेज स्नातक और कार्यबल में प्रवेश में देरी होती है, जिससे छात्र अपने साथियों से पीछे रह जाते हैं। परिणामों की अनिश्चितता - एक गिरावट वाले वर्ष के बाद सफलता की गारंटी नहीं है, जिससे निराशा हो सकती है। बर्नआउट का जोखिम - एक ही सामग्री को दूसरे वर्ष तक दोहराने से थकान और प्रेरणा कम हो सकती है।

छूटे अवसर - कुछ छात्र अपने पहले प्रयास में अच्छे कॉलेज प्रस्तावों को नज़रअंदाज कर सकते हैं, जो बाद में उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। जेईई का प्रतिस्पर्धी परिदृश्य भी हर साल विकसित होता है, जिसमें परीक्षा पैटर्न, कटऑफ और प्रतिस्पर्धा के स्तर में बदलाव से अनिश्चितता बढ़ती है। एक बूंद वर्ष का मनोवैज्ञानिक प्रभाव एक वर्ष में गिरावट एक छात्र पर काफी प्रभाव डाल सकती हैमानसिक स्वास्थ्य. शुरुआत में अति आत्मविश्वास - कई ड्रॉपर शुरू में ही आत्मसंतुष्ट महसूस करते हैं, यह मानते हुए कि वे पहले से ही अवधारणाओं से परिचित हैं। जैसे-जैसे तेज़ गति वाला पाठ्यक्रम आगे बढ़ता है, इससे काम का बोझ बढ़ सकता है। अधीरता - छात्र अक्सर अपने ड्रॉप ईयर की शुरुआत अत्यधिक उत्साह के साथ करते हैं, अध्ययन के लिए लंबे समय तक समर्पित करते हैं। समय के साथ, यह तीव्रता जलन और हताशा का कारण बन सकती है। इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, विजय गर्ग एक संतुलित दिनचर्या बनाए रखने की सलाह देते हैं जिसमें निर्धारित अध्ययन, शारीरिक गतिविधि और नियमित ब्रेक शामिल हैं। ड्रॉपर्स के लिए व्यायाम सलाह सफल ड्रॉप-ईयर छात्र केवल सैद्धांतिक अध्ययन के बजाय समस्या-समाधान को प्राथमिकता देते हैं। 'अपनी प्रगति को पढ़ाई के घंटों से नहीं बल्कि प्रतिदिन हल किए गए प्रश्नों की संख्या से मापें।' जेईई एडवांस्ड के लिए अब उपलब्ध तीन प्रयासों के साथ, छात्र पिछले वर्षों के प्रश्नों में महारत हासिल करने और अपनी गति को निखारने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मिश्रा सुझाव देते हैं कि उम्मीदवार अपनी समस्या-समाधान कौशल में सुधार करने की प्रतिबद्धता के साथ अपनी तैयारी करते हैं, जो सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। सामाजिक जीवन का प्रभाव ड्रॉप ईयर के दौरान जेईई की तैयारी के लिए अक्सर खुद को सामाजिक विकर्षणों से अलग करने की आवश्यकता होती है।

*विजय गर्ग, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, शैक्षिक स्तंभकार*

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है।

भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है।

परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत



होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं।

भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1,73,000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी। खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं।

बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है।

जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं फैशन का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती या फैशन है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?

जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है।

# "नारी और उसका अस्तित्व"



स्वाती वर्मा

नारी के अस्तित्व का मनुष्य के जीवन में बहुत महत्व है. नारी को जीवन का स्रोत माना जाता है. नारी ही बच्चे को जन्म देती है और उसे पालती-पोसती है। नारी ही परिवार की नींव होती है। नारी ही घर को आरामदायक और सुंदर बनाती है। नारी ही बच्चों को प्यार और शिक्षा देती है. नारी ही परिवार और समाज को एकजुट करती है।

इन सबके बावजूद आज भी नारी की अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। नारी का अस्तित्व उतना ही है जिस मात्रा में वह पुरुष से संबंधित होती है। उसकी अपनी कोई आत्मा नहीं है। रिश्तों में बांधकर ही उसे देखा जाता है।

आज की महिलाएं छोटे-से-छोटे काम के लिए किसी पर निर्भर नहीं हैं। मोबाइल फोन और साइकिल-स्कूटी की रफ्तार ने आधी-आबादी के जीवन में एक हद तक उसकी स्वतंत्रता को गतिशीलता दी है परंतु देश-दुनिया, राज्य, समाज और परिवार में आज भी वो अपने लिए समानता की ज़मीन तलाश कर अपने अस्तित्व को सम्मानजनक बना रही है। किसी भी समाज में स्त्री की भूमिका हमेशा से ही महत्वपूर्ण रही है, वो हर रोज़ किसी-ना-किसी क्षेत्र में सफलता की नई कहानी रच रही हैं परंतु देश-दुनिया की सबसे छोटी इकाई पहले परिवार में और फिर समाज में उनके लिए आज भी हालात सुकून भरे नहीं है। महिलाएं अपने जीवन में जुड़े हर व्यक्ति से वह समानता वाला सम्मान चाहती हैं, जो जाने-अनजाने में उसको कमतर होने का एहसास करा देते हैं। 'महिलाएं कमज़ोर होती हैं, लड़की है ना, लोग क्या कहेगें, चुपकर ज़ोर से मत हंस, लड़कियों का ज़्यादा बोलना सही नहीं' जैसी कई बातें समाज के सामाजिक ढांचे की परिकल्पना में उनके अस्तित्व को चुनौती देती रहती हैं जिससे मुक्ति पाना परिवार और समाज की सोच बदले बिना बिलकुल संभव है ही नहीं। 'महिलाएं कमज़ोर होती हैं' यह वाक्य महिलाओं को कमज़ोर समझकर हर महिला के आत्मविश्वास, उसके अंदर सशक्त होने वाली हर चीज़ की मिट्टी-पलीद कर देता है, साथ-ही-साथ महिलाओं में मौजूद नैसर्गिक गुण भावुकता, जीवंतता और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को पीछे ढ़केल देता है जबकि यही मानवीय मूल्य किसी भी महिला को समाज में माँ, बहन, पत्नी, दोस्त या अन्य संबोधन से कमज़ोर नहीं बल्कि एक बेहतर नागरिक बनाते हैं।कई परतों में दबी



हुई उसकी स्वतंत्रता ना ही बाज़ार में बिकने वाली फेयरनेस क्रीम के उपयोग से मिलती है, ना ही अपने पसंद का कोई परिधान या आभूषण पहनकर। उसके लिए अपने साथ रह रहे लोगों में फ्रिक और स्वयं के लिए एक दबाव मुक्त जीवन ही, उसकी जीवंतता है, जिसके लिए वह आज भी सीमित है।

बलात्कार, तेजाब फेकें जाने, सबक सिखाने वाली सोच ही नहीं, घर के अंदर और घर के बाहर छोटी बच्ची से लेकर हर उम्र की महिलाएं एक अनजाने डर से मुक्त नहीं हैं जबकि प्रथम दृष्टया वह इसके लिए ज़िम्मेदार भी नहीं हैं फिर भी सामाजिक सोच और मान्यताएं उसको ही दोषी मानती हैं जबकि इसकी जगह परिवार, समाज और परिजनों को महिलाओं के पक्ष में खड़ा होना चाहिए और दोषियों के मन में डर का खौफ होना चाहिए।

महिलाएं जब तक स्वयं को एक महिला होने से पहले मनुष्य नहीं मानेगी, तब तक उसकी स्वतंत्रता और समानता दोनों की बाधा वह स्वयं ही बनती रहेगी। महिला के रूप में उसका अस्तित्व बहू, बेटी, माँ, भाभी, चाची, मौसी जैसी सामाजिक मान्यताओं में कैद है और उसकी पहचान स्वयं के स्वतंत्र अस्तित्व की तलाश में है। हमारे घर-आंगन-समाज में जब-जब महिलाएं आग में तपकर कुंदन की तरह निखरकर सामने आती हैं, उनकी तुलना या तो पुरुषों के साथ की जाती है या जैविक आधार पर उसकी यथास्थिति निश्चित कर उसकी उपलब्धि को दायरे में सीमाबद्ध करने की कोशिश होती है। नारी एक मजबूत और साहसी व्यक्ति होती है. वह हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहती है. वह अपने परिवार और समाज के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करती है। नारी एक प्रेरणास्त्रोत होती है. वह दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है. नारी एक शक्तिशाली व्यक्ति होती है. वह दुनिया में बदलाव ला सकती है।

नारी का जीवन कठिन होता है. उसे कई तरह के भेदभावों का सामना करना पड़ता है. लेकिन, वह हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहती है. वह अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। वह एक बेहतर भविष्य के लिए काम करती है। नारी का जीवन बहुमूल्य होता है. वह एक अनमोल उपहार है. वह दुनिया को खूबसूरत बनाती है. वह दुनिया को एक बेहतर जगह बनाती है।

नारी का अस्तित्व मनुष्य के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है. नारी को सम्मान और सम्मान दिया जाना चाहिए. उसे हर तरह के भेदभाव से मुक्त होना चाहिए. उसे अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए. नारी को खुद एक बेहतर भविष्य के लिए काम करना चाहिए।

# महाराष्ट्र झारखंड चुनावी रिजल्ट पर सबकी नज़रें, एक्जिस्ट पोल से सभी दल सहमें



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

एग्जिट पोल मतदान एजेंसियों और मीडिया संगठनों द्वारा किए जाते हैं और आम तौर पर मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद नतीजे जारी किए जाते हैं। एग्जिट पोल जनता की राय का एक सिर्फ आकलन देते हैं और चुनाव के परिणाम के बारे में शुरुआती संकेत दे सकते हैं,लेकिन वे हमेशासटीक नहीं होते हैं। महाराष्ट्र की जंग में एक तरफ महाविकास अघाड़ी गठबंधन है वहीं, उनके सामने महायुति की चुनौती है। बीजेपी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है।

पूरी दुनियाँ की नज़रें 23 नवंबर 2024 को आने वाले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई वाले महाराष्ट्र व आदिवासी बहुल इलाके झारखंड में 20 नवंबर 2024 को हुए विधानसभा चुनाव का परिणामपर लगी हुई है जिसके एक्जिस्ट पोल का आंकलन मीडिया के हर प्लेटफार्म पर 20 नवंबर 2024 शाम 6 के बाद से शुरू होगए है। हर राजनीतिक दल व उम्मीदवार की सांसें अटकी हुई है,हालांकि हर पार्टी व उम्मीदवार अपनी जीत का दम भर रहे हैं, परंतु एक्जिस्ट पोल दोनों पक्षों में अति भारी टक्कर होने के आंकड़े दे रहे हैं, जिसमें मात्र 10 सीटों का अंतर बताया जा रहा है, जिसमें बाज़ी किधर भी पलट सकती है इसका एक कारण शहरी क्षेत्र में मतदान का कम प्रतिशत होना भी है, जैसे मुंबई पुणे व नागपुर जैसे शहरी इलाकों में 50-55 प्रतिशत मतदान होना, मतदाताओं की उदासीनता को व्यक्त करते हैं,जिससे स्वाभाविक रूप से महायुती को फर्क पड़ने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि महायुति व महाविकास आघाडी दोनों को मिलने वाली सीटों का अंतर बहुत कम बताया जा रहा है,परंतु मेरा व्यक्तिगत रूप से आँकलन व पिछले एक माह से महाराष्ट्र वह झारखंड के चुनावों पर नज़र रख रहा हूं,तो मेरा अनुमान है महाराष्ट्र में महायुती व झारखंड में सोरेन सरकार की वापसी होने की संभावना दिखाई दे रही है, हालांकि हकीकत से पर्दा 23 नवंबर 2024 को ही उठेगा, यह मेरा निजी आकलन है।चूँकि अब मतदाताओं ने उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मशीनों में कैद कर दिया है, जिसका पता हमें 23 नवंबर 2024 को ही पहले पड़ेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,महाराष्ट्र झारखंड चुनावी रिजल्ट पर सबकी नज़रें 23 नवंबर 2024 पर टिकी, एक्जिस्ट पोल से सभी दल सहमें।

साथियों बात अगर हम 23 नवंबर 2024 को आने वाले चुनावी परिणामों की करें तो,महाराष्ट्र और झारखंड में उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। महाराष्ट्र में जहां 288 सीटों पर एक चरण में मतदान हुआ है,वहीं झारखंड में 81 सीटों पर राजनीतिक दलों की साख दांव पर लगी है, दोनों ही प्रदेशों में किसे बहुमत मिलने की संभावना है,ये भी अब अनुमानतः साफ हो चुका है, ज्यादर एग्जिट पोल में दोनों ही प्रदेशों में वर्तमान सरकार ही बनती नजर आ रहीहै।एग्जिट पोलमतदाताओं के मतदान के तुरंत बाद किए जाने वाले सर्वेक्षण होते हैं, जिनका उद्देश्य आधिकारिक परिणाम घोषित होने से पहले चुनाव के परिणाम की भविष्यवाणी करना होता है। ये पोल आम तौर पर मतदाताओं से पूछते हैं कि उन्होंने किस पार्टी या उम्मीदवार को वोट दिया और कभी-कभी उनके चुनाव के कारण भी पूछे जाते हैं।

एग्जिट पोल मतदान एजेंसियों और मीडिया संगठनों द्वारा किए जाते हैं और आम तौर पर मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद नतीजे जारी किए जाते हैं। एग्जिट पोल जनता की राय का एक सिर्फ आकलन देते हैं और चुनाव के परिणाम के बारे में शुरुआती संकेत दे सकते हैं,लेकिन वे हमेशासटीक नहीं होते हैं। महाराष्ट्र की जंग में एक तरफ महाविकास अघाड़ी गठबंधन है वहीं, उनके सामने महायुति की चुनौती है। बीजेपी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है। एकनाथ शिंदे मौजूदा वक्त में महाराष्ट्र के सीएम हैं, वहीं विपक्षी गठबंधन की बात की जाए तो कांग्रेस के साथ शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी शरद गुट




मैदान में हैं।अब 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा की जाएगी जिस पर पूरी दुनियाँ की नजरें एकटक टिकी है।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र में चुनाव लड़ने वाले दो गठबंधनों की करें तो, महाराष्ट्र एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ चुके हैं. प्रदेश की 288 सीटों के लिए लाखों की तादाद में वोटर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है,इस बार का असेंबली इलेक्शन मुख्य रूप से दो गठबंधन के बीच है, सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकस अघाड़ी के प्रत्याशियों के बीच मुख्य रूप से मुकाबला है।महायुति की अगुआई जहां बीजेपी कर रही है, वहीं विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) शामिल हैं।महायुति में बीजेपी के साथ ही एनसीपी (अजित पवार गुट) औरशिवसेना (एकनथ शिंदे गुट) घटल दल हैं। ज्यादातर सर्वे एजेंसयिों ने महायुति की सत्ता में वापसी दिखाया है, जबकि कुछ ने विपक्षी एमवीए के हिस्से में ज्यादा सीटें जाने का अनुमान जताया है। पोल ऑफ पोल्स में बीजेपी की अगुआई वाली महायुति गठबंधन की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई है।महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए कुल 4,136 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से लगभग आधे यानी 2,08 6 उम्मीदवार स्वतंत्र हैं। मुख्य पार्टियों में, बीजेपी 149 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) 81 सीटों पर और अजित पवार की नवल-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 59 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। विपक्षी दलों में कांग्रेस 101 उम्मीदवारों को मैदान में उतारी है, शिवसेना 95 सीटों पर और शरद पवार की पार्टी 86 उम्मीदवारों के साथ चुनावी मैदान में है।छोटे दलों की भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति है। बहुजन समाज पार्टी 237 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल-मुसलमीन 17 सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रही है।पीएम के लिए महाराष्ट्र में जीत एनडीए की स्थिति को मजबूत करेगी। लोकसभा में इस साल कम सीटों के बाद यह चुनाव बीजेपी के लिए अति महत्वपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान परसेंट में भारी अंतर होने की करें तो,शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की उदासीनता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े शहरों में मतदाता कम संख्या में निकलते हैं। इसके कारण नतीजे कुछ ही मतदाताओं के हाथों में आ जाते हैं। महाराष्ट्र के चुनावों में यह सवाल बना हुआ है कि क्या मुंबई और पुणे जैसे शहरी केंद्र अपनी कम मतदान दर के इतिहास को चुनौती देंगे या वही पुराना पैटर्न फिर से दिखेगा? शहरी वोटर की उदासीनता यह मुद्दा 2019 विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिला था। महाराष्ट्र के 64 शहरी निर्वाचन क्षेत्रों में से 62 पर राज्य के औसत से कम मतदान हुआ था। लोकसभा चुनावों में भी यह ट्रेंड बना रहा। मुंबई, जो राज्य की राजधानी और भारत की वित्तीय राजधानी है, लंबे समय से कम मतदान दर की समस्या से जूझ रही है। हालांकि, हालिया चुनावों में मुंबई में थोड़ा सुधार देखा गया है। विधानसभा चुनावों में यहां 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि पिछले विधानसभा और संसदीय चुनावों में महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्रों में कम मतदान दर्ज किया गया था जिसके चलते शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने पर विशेष ध्यान दिया गया था। बहुमंजिला इमारतों और सोसाइटी में 1,185 से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे और शहरी तथा युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव से पहले चलाये गए अभियानों में फिल्मी हस्तियों को भी शामिल किया गया।

साथियों बढ़कर हम चुनाव आयोग द्वारा अति जनजागरण अभियान के बावजूद कम मतदान की करें तो मतदान बुधवार को संपन्न हो गया। शाम पांच बजे तक महाराष्ट्र में 58.22 प्रतिशत और झारखंड में 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, झारखंड में 2019 में इन विधानसभा सीट पर 67.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि महाराष्ट्र झारखंड चुनावी रिजल्ट पर सबकी नज़रें 23 नवंबर 2024 पर टिकी- एक्जिस्ट पोल से सभी दल सहमें।मतदाताओं की उम्मीद-अब चुने हुए प्रतिनिधि व सरकार के खरा उतरने का इंतजार शुरू।चुनाव आयोग को शहरी क्षेत्र में कम व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वोटिंग प्रतिशत मतदान की खाई को पाटनें ज़रूरी कदम उठाने की आवश्यकता है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasiaup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## मुख्य समाचार

### खाने के पैसे मांगने पर दबंगों ने ढाबा संचालक पीटा



**हाथरस।** गांव रामनगर के बंबा पर स्थित एक ढाबे पर दबंगों ने खाना खाया और चल दिए। जब ढाबा संचालक ने खाने के पैसे मांगे तो उसे दबंगों ने जमकर पीट दिया। जिसकी शिकायत पीडित ने कोतवाली सासनी में की है।गुरूवार को कोतवाली में शिकायत करते हुए नगला सेवा निवासी महेन्द्र सिंह के पुत्र शीलू उर्फ जितेन्द्र सिंह ने कहा है दिनांक 17 नवंबर दिन रविवार को दबंग ढाबे पर खाना खाने आया था। जो कि शराब के नशे में था, खाना खाने के बाद जब पैसे मांगे तो पैसे देने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए ढाबा संचालक को मारापीटा। ढाबा संचालक ने तहरीर में कहा है कि उसे दबंग पैसे न देकर ढाबा बंद कराने की धमकी देकर चला गया। करीब चार दिन बाद नामजद ढाबे पर पढी पत्थर की टीनसैट तोडकर ढाबा में बने कमरे से दो सौ वाट की सोलर प्लेट एक भारत गैस कंपनी का गैस सिलेंडर, चोरी कर लिया। जब ढाबा संचालक ने शिकायत की तो नामजद ने उसे धमकी दी कि वह उसका कुछ नहीं बिगाड पाएगा। पीडित ने घटना की तहरीर में गांव गोपालपुर उर्फ भूतपुरा एक युवक को नामजद किया है।

### आबकारी टीम द्वारा विभिन्न संदिग्ध अड्डों पर दी दबिश



**हाथरस।** ज़िलाधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व में थाना हाथरस जंक्शन अंतर्गत विभिन्न संदिग्ध अड्डों पर आबकारी टीम द्वारा दबिश दी गयी। इस दौरान श्री कृष्ण मोहन,जिला आबकारी अधिकारी तथा क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर द्वारा थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र की विभिन्न मदिरा की दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया और अनुज्ञापियों को राजस्व हित में अधिक से अधिक उठान तथा ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत क्ष्क्स्र मशीन के माध्यम से बिक्री करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कैलोरा क्षेत्र में स्थित पंकज ढाबा,प्रधान ढाबा आदि विभिन्न होटलों/ढाबों की भी सघन तलाशी ली गई।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के तहत जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन 23 व 24 नवम्बर को

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के दौरान 23 नवम्बर 2024 (शनिवार) एवं 24 नवम्बर 2024 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची एवं फार्मों के साथ अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेगें व मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने सभी अर्ह नागरिकों से अपील किया है कि उपरोक्त अवधि में सम्बन्धित मतदेय स्थल अथवा तहसील में जाकर आलेख्य मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें, यदि किसी अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हों अथवा उससे अधिक आयु के हों, परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हुआ हो तो वे प्रारूप-6 में अपना आवेदन सम्बन्धित पदाभिहीत स्थल पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी/बूथ लेबिल आफिसर (बी0एल0ओ0) के समक्ष अथवा सम्बधित तहसील क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसी सम्मिलित नाम के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो प्रारूप-7 एवं मतदाता के नाम से सम्बन्धित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो उसे शुद्ध कराने या उसी विधानसभा के किसी अन्य मतदेय स्थल पर स्थानान्तरित कराये जाने अथवा डुप्लीकेट पहचान पत्र जारी कराये जाने या दिव्यांग मतदाता चिन्हित कराये जाने हेतु प्रारूप-8 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब वर्ष में 04 अर्हक तिथि क्रमशः 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है अर्थात एक पात्र नागरिक को जो वर्ष 2025 में अर्ह तारीखों अर्थात 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 एवं 01 अक्टूबर 2025 में से किसी भी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर सम्बन्धित अर्हता तारीख के संदर्भ में सम्बन्धित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जाएगा।

# डेकोरेटिव लाइट्स से महाकुंभ बनेगा भव्यता का प्रतीक

**महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार का अनूठा प्रयास**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार अनेक अभिनव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पूरे मेला क्षेत्र को डेकोरेटिव लाइट्स से सजाया जा रहा है। 8 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल का जाल बिछाया जा रहा है। संगम जाने वाली हर प्रमुख सड़क पर यह अलौकिक पोल और लाइट श्रद्धालुओं का स्वागत करती नजर आएगी। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव देगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा।

**प्रमुख मार्गों पर अनूठी रोशनी का जादू**

अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी की।मंशा के अनुरूप महाकुंभ



को भव्य रूप देने के लिए विद्युत विभाग बड़े पैमाने पर कार्य कर रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स और डिजाइनर पोल्स उसी का हिस्सा है। मेला क्षेत्र में लाल सड़क, काली सड़क, त्रिवेणी सड़क और परेड के सभी मुख्य मार्गों को आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स से रोशन किया जा रहा है। ये लाइट्स भगवान शंकर, गणेश और विष्णु को समर्पित हैं, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सौंदर्य का अनुभव कराएंगी।

**8 करोड़ की भव्य परियोजना**

अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 8 करोड़ से ज्यादा की लागत से 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। इस बार टेंपरेरी की बजाय स्थायी पोल्स का निर्माण किया गया है, जो महाकुंभ के बाद भी क्षेत्र की रौनक बनाए रखेंगे। हर पोल को कलश और देवी-देवताओं की आकृतियों से सजाया गया है, जो मेले के वातावरण को सांस्कृतिक वैभव से भर देंगे। 15 दिसंबर तक सभी डेकोरेटिव लाइट्स का कार्य संपन्न कर लिया जाएगा, जिसके बाद रात में मेला क्षेत्र की आभा देखते ही बनेगी।

**विद्युत विभाग का अभिनव प्रयास**

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए यह विद्युत विभाग की ओर से एक अभूतपूर्व पहल है। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक प्रतीकों के मेल से यह परियोजना महाकुंभ को विश्वस्तरीय भव्य आयोजन का दर्जा देगी। महाकुंभ के लिए लगाए गए ये डेकोरेटिव पोल्स स्थायी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटक भी लंबे समय तक इस भव्यता का आनंद ले सकेंगे। डेकोरेटिव लाइट्स से सजे इस महाकुंभ में हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गर्व का अनुभव होगा। यह पहल महाकुंभ को भारतीय संस्कृति की भव्यता और आधुनिक विकास का अद्वितीय प्रतीक बनाएगी।

## फर्जी नाम से हो रही शिकायतों की एसएसपी से की शिकायत, कार्यवाही की मांग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में फर्जी नाम से की जा रही शिकायतों का मामला पहुंचा एसएसपी के पास फतेहगंज पश्चिमी निवासी एडवोकेट इमरान अंसारी ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े हुए है बह और उनका



परिवार इलाके में शिक्षित व संभ्रांत लोगों में गिना जाता है।पिछले कुछ दिनों से असामाजिक तत्वों द्वारा उनके नाम से फर्जी शिकायतें फतेहगंज पश्चिमी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठा कर शासन प्रशासन में की जा रही है।इस प्रकरण में बह कई बार अपने लिखित बयान सीओ हाइवे कार्यालय में दर्ज करा चुके है कि इन फर्जी शिकायतों से उनका कोई लेना देना नहीं है ना ही उन्होंने इस तरह की कोई शिकायत दर्ज कराई है

इसके बावजूद इन फर्जी शिकायतों पर विराम नहीं लग रहा है और आए दिन उनको किसी ना किसी कार्यालय से बयान दर्ज कराने के लिए फोन आते रहते है इस कारण बह मानसिक रूप से परेशान है।एडवोकेट इमरान अंसारी ने इस प्रकरण में फर्जी शिकायतें कर उनकी छवि धूमिल करने व उनको मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले अज्ञात दोषियों पर रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है ताकि इस कृत्य को करने वाले खुराफातियों का चेहरा बेनकाब हो सके।

## बन्द घर में चोरी करने वाले दो युवकों को किया पुलिस ने गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नहटौर।** गांव सादिकाबाद में बंद घर में चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी किए गए चांदी के जेवरात बरामद किए। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सादिकाबाद निवासी ब्रजेश कुमार की तबीयत खराब होने पर उसे परिवार के लोगों ने बिजनौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार के लोग मकान को बंद करके बिजनौर चले गए थे। मंगलवार/बुधवार की रात को दीवार फांदकर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरों के ताले तोड़कर चांदी के जेवरात व दो हजार रुपए की नगदी व बर्तन, कीमती सामान चोरी




करके ले गए थे।इस मामले में कमलेश की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।पुलिस ने गांव सादिकाबाद के मोड़ से मोहल्ला मोलवियान के अली खान व अरमान को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सफेद धातु की तीन जोड़ी पाजेब,एक मंगलसूत्र, एक अगूंठी के अलावा 1400 रूपए की नगदी बरामद की। कोतवाल धीरज सिंह का कहना हैं कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के तहत जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के दौरान 23 नवम्बर 2024 (शनिवार) एवं 24 नवम्बर 2024 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची एवं फार्मों के साथ अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेगें व मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने सभी अर्ह नागरिकों से अपील किया है कि उपरोक्त अवधि में सम्बन्धित मतदेय स्थल अथवा तहसील में जाकर आलेख्य मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें, यदि किसी अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हों अथवा उससे अधिक आयु के हों, परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हुआ हो तो वे प्रारूप-6 में अपना आवेदन सम्बन्धित पदाभिहीत स्थल पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी/बूथ लेबिल आफिसर (बी0एल0ओ0) के समक्ष अथवा सम्बधित तहसील क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसी सम्मिलित नाम के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो प्रारूप-7 एवं मतदाता के नाम से सम्बन्धित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो उसे शुद्ध कराने या उसी विधानसभा के किसी अन्य मतदेय स्थल पर स्थानान्तरित कराये जाने अथवा डुप्लीकेट पहचान पत्र जारी कराये जाने या दिव्यांग मतदाता चिन्हित कराये जाने हेतु प्रारूप-8 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब वर्ष में 04 अर्हक तिथि क्रमशः 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है अर्थात एक पात्र नागरिक को जो वर्ष 2025 में अर्ह तारीखों अर्थात 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 एवं 01 अक्टूबर 2025 में से किसी भी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर सम्बन्धित अर्हता तारीख के संदर्भ में सम्बन्धित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जाएगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आवेदन के प्रारूप सम्बन्धित तहसील के मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं समस्त पदाभिहीत स्थलों पर नियुक्त पदाभिहीत आफिसरों/बूथ लेबिल आफिसर (बी0एल0ओ0), विशेष कैम्प में समस्त मतदेय स्थलों पर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी से निःशुल्क प्राप्त/जमा किये जा सकते हैं।

## तीन दोस्तो की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर तीनो की अर्थी एक साथ उठने पर छलके आंसू

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नहटौर।** हल्दौर मार्ग पर धींगरपुर के पास सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत होने पर तीनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। एक युवक की आठ माह पूर्व शादी हुई थी। उसके ससुरालियों ने मृतक के घर पहुंचकर हंगामा किया। कुछ लोगों ने उन्हें समझाया।तीनों दोस्तों के एक साथ शव उठे। गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार किया गया।

गौरतलब है कि बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे हल्दौर मार्ग पर गांव धींगरपुर के पास सड़क पर खड़े गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बाईक घुसने के दौरान मोहल्ला शेखान के ऋतिक व मोहल्ला नौधा के रविन्द्र



कुमार व दीपक की मौत हो गई थी।तीनों आपस में दोस्त थे और रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे।इसी दौरान हादसा हो गया। रविन्द्र कुमार की आठ माह पूर्व ही शादी हुई थी।तीनों दोस्तों की एक साथ मौत होने पर मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है।परिवार की महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। रविन्द्र कुमार की मौत होने पर बृहस्पतिवार को उसके ससुराल वालों ने मोहल्ला नौधा में पहुंचकर हंगामा किया।गमगीन माहौल होने पर कुछ लोगों ने उन्हे समझाया।तीनों दोस्तों के एक साथ शव उठने पर वहां मौजूद लोगों के आंसू छलक उठे।कोतवाल धीरज सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

तीनों दोस्तो को यह उम्मीद नहीं थी कि यह उनका आखिर दिन होगा।तीनों दोस्त अक्सर साथ रहते थे। तीनों दोस्तों की एक साथ अंतिम विदाई होने पर मोहल्ले वासियों के आंसू रूकने का नाम नहीं ले रहे थे। नहटौर। शुगर मिल गन्ना क्रय केंद्रो से नियमों की अनदेखी करते हुए ट्रैक्टर ट्राले से गन्ने की ढुलाई कर रही है।यह ट्राले राहगीरो के लिए मौत का सबब बने हुए है। ट्राले में करीब ढाई कुंतल गन्ना ले जाया जाता है।कई बार इन गन्ने से भरे ट्रालो को ले जाने के दौरान ट्रैक्टर बेकाबू हो जाते है।

सड़क पर खड़े गन्ने से भरे ट्राले ने तीन दोस्तो की जान ले ली। प्रशासन की लापरवाही के कारण ही इस हादसे को जिम्मेदार माना जा रहा है। यदि सड़क से हटकर ट्राला खड़ा होता तो शायद इतनी बड़ी सड़क दुर्घटना नही होती।

## एसडीएम सदर व खाद्य विभाग टीम की होटल ढाबों पर चेकिंग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी सदर द्वारा आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य / पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर, एसएचओ थाना चंदपा तथा एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा आगरा रोड पर नगला भूस से बिसाना तक होटल/ ढाबो तथा रेस्टोरेंटों पर निरीक्षण कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान शौर्य भोजनालय आगरा रोड, एन.डी.एन. रेस्टोरेंट नगला भुस, जय मां भगवती भोजनालय, श्री गोपालजी फैमिली ढाबा, भगवान होटल, पंचम ढाबा एवं रेस्टोरेंट, सिसौदिया होटल बिसाना तथा श्रीजी मिष्ठान भण्डार चंदपा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी होटल ढाबों एवं रेस्टोरेंटों मे खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता तथा कैमरे आदि की चेकिग की गयी। श्रीजी मिष्ठान भण्डार चंदपा से 10 कि.ग्रा.खराब पेडा, 1 कि.ग्रा. रंगीन हरा मटर विनिष्ट कराया गया। सचल टीम मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमकार कुशवाहा तथा सुरेन्द्र कुमार गोंड शामिल थे।

## दुर्घटनायें रोकने को पुलिस ने 840 वाहनों पर लगवाई रिफ्लेक्टर टेप

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के निर्देशन में यातायात व थाना पुलिस ने धुन्ध के मौसम को देखते हुऐ ट्रैक्टर ट्रॉली, ट्रक आदि 840 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाई गई और टेम्पों चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के निर्देशानुसार यातायात व थाना पुलिस द्वारा धुंध के मौसम के दृष्टिगत ट्रेक्टर ट्रॉली, ट्रक, लोडर, एवं अन्य भारी वाहनों सहित करीब 840 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव ने रात के समय होने वाले हादसों को रोकने के लिए वाहनो से पुरानी टेप उतार कर नई रिफ्लेक्टर टेप लगायी गयी तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार एहतियाती कदम उठाए जा रहे है,जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।इसी क्रम में विभिन्न थाना पुलिस द्वारा भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे है। साथ ही वाहन चालको को सफर के दौरान विशेष सावधानी रखनेवाहनो को एक-दूसरे के बीच उचित दूरी व धीमी गति से वाहन चलाने के लिये प्रेरि्त किया गया।

## एफसीआई गोदाम में बंदरों की मौत के प्रकरण को लेकर विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा शहर के कलवारी रोड स्थित एफसीआई गोदाम में बंदरों की मौत के संदर्भ में निष्पक्ष जांच व दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम सौंपा गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिलाधिकारी से एफसीआई गोदाम के प्रभारी अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किए जाने व कार्यवाही करने की मांग की गई है। साथ ही आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा अपर जिलाधिकारी शिव नारायण शर्मा से भी वार्ता की और अपर



जिलाधिकारी ने उन्हें बताया कि कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उनके आग्रह पर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी/ओसी कलैक्ट्रेट लवगीत कौर को ज्ञापन सौंपा गया।

विश्व हिंदू परिषद – बजरंग दल ने मांग करते हुए उक्त घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ गोदाम के प्रभारी अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाये। जिन अधिकारियों द्वारा 19 नबम्बर को हुई घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को न देकर घटना को छुपाने के साथ सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया गया, उनके खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित हो, अन्यथा संगठन अंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक मनीष कौशल एडवोकेट, बजरंग दल विभाग सह संयोजक हर्षित गौड़, बजरंग दल नगर संयोजक किशन भारती आदि शामिल थे।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट

**अपने-अपने सेक्टर में प्रशासनिक व विभागीय समन्वय का कार्य करेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। सीएम योगी के दिव्य भव्य महाकुंभ की योजना के मुताबिक महाकुंभ नगरी ने संगम तट पर आकार लेना शुरू कर दिया है। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों के रहने और स्नान के लिए घाटों, अस्थाई सड़कों व टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो गया है। प्रयागराज मेला प्रधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा हैं। सेक्टर और कार्य के मुताबिक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने - अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था के लिए जिम्मेदार रहेंगे। महाकुंभ के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट आम जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे।

**विभागीय समन्वय का करेंगे कार्य**



महाकुंभ 2025 में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की संभावना है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में साधु-संन्यासियों और मेला प्रशासन के लोग महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में रहेंगे। इन सबके रहने के लिए टेंट सिटी व स्नान के लिए घाटों और मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पूर्व योजना के मुताबिक प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पूरे महाकुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। 4000 हेक्टेयर और 25 सेक्टरों में बंटा महाकुंभ मेला क्षेत्र इससे पहले के किसी भी महाकुंभ मेले से सबसे बड़ा क्षेत्र है। मेला प्राधिकरण ने प्रत्येक सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था और विभागीय समन्वय के लिए उप जिलाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्ति किया है। ये सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर, कार्य विभाग और विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे।

**अधिकांश ने ग्रहण किया कार्यभार**

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सेक्टर वाईज सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिस्ट जारी कर दी है। इस सबंध में एसडीएम मेला अभिनव पाठक ने बताया कि अधिकांश सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शेष अपनी विभागीय जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जल्द ही मेला क्षेत्र में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। जो कि महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर की प्रशासन व्यवस्था व विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में भूमि आवंटन की प्रगति और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में ये सेक्टर मजिस्ट्रेट मददगार होंगे।

## पी. डब्ल्यू. डी. के ठेकेदारों का लगातार 12 वें दिन टेंडरों का बहिष्कार निरन्तर जारी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** लोक निर्माण विभाग, में ठेकेदार बन्धुओं की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें पी. डब्लू. डी. अलीगढ़ के ठेकेदार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष श्री किशन कुमार सारस्वत जी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमे हाथरस के समस्त ठेकेदारों के द्वारा पाँच साल के अनुरक्षण लगाये जाने वाली निविदाओं के विरोध मे व 6 गुना रोयल्टी कटौती के सम्बन्ध व जी. एस. टी. के डिफरेंस के भुगतान एवं डिपोजिट में काटी गई धनराशि के भुगतान सहित कई अन्य समस्याओं पर विचार किया गया। ठेकेदारो के विचारों पर सहमति जताते हुए ठेकेदार एसोशिएशन हाथरस के जिलाध्यक्ष अनिल राजपूत ,महामंत्री राजेश सारस्वत, उपाध्यक्ष चन्द्रभान शर्मा एवं राज कुमार पोनियां, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा,



महासचिव चिन्तन पाठक सहित जनपद के सभी ठेकेदारों के द्वारा निविदाओं के बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया ठेकेदारों का कहना है कि जब तक सभी मांगे नहीं मानी जायेगी। तब तक टैंडरो का बहिष्कार जारी रहेगा और कोई भी ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लेगा। मीटिंग में जनपद के निम्न ठेकेदारों की उपस्थिति रही। संयोजक राम कुमार शर्मा ,पूर्व अध्यक्ष ठेकेदार यूनियन हाथरस कप्तान सिंह ठेनुआ, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल , सुरेन्द्र शर्मा , सत्यपाल सिंह , वरुण दीक्षित , प्रवेश यादव , अजय रावत , दीपक गोस्वामी , हेमंत शर्मा , विमल चौधरी , राम कुमार वर्मा, जयप्रकाश चौधरी, जितेन्द्र पराशर, रवि सारस्वत , विनय प्रताप सिंह , प्रवीण सारस्वत , रवि ,मुकेश शर्मा ,राजपाल सिंह ,विपिन श्रोति ,अजीत सिंह ,आदि ठेकेदार उपस्थित रहे ।

## मुख्य समाचार

### बाइक व चाकू समेत चोर पकडे




**अलीगढ** ।( संदीप शर्मा ) । थाना क्वार्सी पुलिस व एण्टी व्हीकल थैफ्ट टीम ने वाहन चोर गिरफ्तार किए हैं। अभियुक्त मिनाज पुत्र सज्जाद निवासी नगला पटवारी कोलम्बिया स्कूल अक्सा मस्जिद के पास अफजाल पुत्र अब्दुल कलाम निवासी गली नं0 03 नगला पटवारी को एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित वहीदनगर से एफएम टावर को जाने वाले खाली प्लाट के पास से 01-01 चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ललितपुर में करंट लगने से दो किसानों की मौत



**ललितपुर** । उत्तर प्रदेश के ललितपुर में गुरूवार को अलग-अलग स्थानों पर विद्युत करंट की चपेट में आने से दो किसानों की मौत हो गई।

थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम धर्मपुरा निवासी प्रकाश (52) अपने खेत पर पानी देने के लिए विद्युत मोटर चलाने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान वह करंट कर चपेट में आ गया।

दूसरी ओर थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम देंनपुरा निवासी हरीराम (56) अपने खेत पर आज गुरुवार को फसल को पानी देने गया था, जब वह ट्यूबवेल की मोटर को चालू कर रहा था उसी समय उसे विद्युत करंट लग गया और वह गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार हेतु नाराहट के राजकीय चिकित्सालय ले गये, जहां चिकित्सकों ने परीक्षणोपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया।

### फिरोजाबाद में लोडर और बोलेरो की भिडंत,दो मरे



**फिरोजाबाद** । उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र में गुरुवार सुबह लोडर टेंपो और बोलेरो की भिडंत में दो लोगों की मौत हो गई ।पुलिस सूत्रों ने बताया कि टूंडला आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मोहम्मदाबाद के समीप लोडर टेंपो और बोलेरो में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में घायल दोनों को ट्रामा सेंटर लेकर आई जहा चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान कुलदीप (46) के तौर पर हुयी है जबकि दूसरे करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

### फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत




**फर्रुखाबाद** । उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज क्षेत्र में गुरुवार को एक लोडर (भारी वाहन) की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि शहर कोतवाली के सातनपुर पट्टी निवासी अभिषेक (18) अपने दोस्त कमालगज थाना के रजीपुर निवासी शिवा (22) तथा सबलपुर निवासी आकाश (22) के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर ग्राम रजीपुर जा रहा था कि ग्राम कतरौली पट्टी के समीप तेज रफ्तार वाले लोडर ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में आकाश,शिवा तथा अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को समीपवर्ती कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने शिवा तथा अभिषेक को मृत घोषित कर दिया।

### ललितपुर में महिला सिपाही के पति का शव फंदे पर लटकता मिला




**ललितपुर** । उत्तर प्रदेश के ललितपुर में गुरुवार को महिला सिपाही के पति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला मिला।

कोतवाली तालबेहट अंतर्गत क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात महिला सिपाही गौमती अपने पति रंजीत व 6 वर्ष की पुत्री के साथ सरकारी आवास में रह रही थी। पिछले दो दिन पहले वह छुट्टी लेकर घर गई हुई थी। गुरुवार को लोगों ने उसके सरकारी आवास के पीछे परिसर में महिला सिपाही के पति रंजीत (30) का शव अमरूद के पेड़ पर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी मौके पर पहुंचे व शव को पेड़ से नीचे उतारा कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है व मृतक के परिजनों व पत्नी को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### सहारनपुर में बस स्टैंड के निर्माण के लिए 36 करोड़ रूपए मंजूर



**सहारनपुर** । सहारनपुर में स्थाई बस स्टैंड के निर्माण के लिये शासन ने बस स्टैंड निर्माण के लिए 36 करोड़ 2 लाख रूपए मंजूर किए हैं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बुधवार को बताया कि शीघ्र ही शासन द्वारा स्वीकृति राशि प्राप्त हो जाएगी और बस स्टैंड के निर्माण का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया जाएगा। सहारनपुर नगर में दिल्ली रोड़ पर शाकुम्बरी विहार में नया बस स्टैंड बनाया जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर पांच की मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**अलीगढ़।** (संदीप शर्मा) । थाना टप्पल क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस ट्रक में घुस गई। हादसे में एक बच्चा, महिला समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार टप्पल थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात करीब एक बजे ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। बताते हैं कि प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी। इस हादसे में जान गंवाने वालों में 25 वर्षीय पारुल, उसका पांच माह का बेटा आरोह, प्रतापगढ़ के हसमुख सरोज और दो अज्ञात शामिल हैं। मृतकों में एक महिला, तीन पुरुष और एक मासूम बच्चा हैं। जबकि आशी 11 माह, 27 वर्षीय रानी गिरी पत्नी विपिन गोस्वामी निवासी करावल नगर, 32 वर्षीय पिंकी पत्नी अजय कुमार निवासी विनय नगर अगवानपुर, फरीदाबाद, 1 वर्षीय रुद्र पुत्र अवनीश त्रिपाठी निवासी विनय नगर अगवानपुर, फरीदाबाद, 18 वर्षीय आकाश यादव पुत्र सनी यादव निवासी कारीबाथ थाना जहानागंज आजमगढ़, 26 वर्षीय अभिषेक पुत्र राकेश निवासी गगन विहार भोपुरा, थाना टीला मोड़ गाजियाबाद, 52 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र कांता प्रसाद निवासी डरानी की सराय हसनपुर आजमगढ़, 48 वर्षीय बलदेव राज पुत्र प्यारेलाल निवासी गाजियाबाद, जयनारायण पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी फैजाबाद, 42 वर्षीय छोटेलाल पुत्र परशुराम निवासी गौसपुर थाना महिमाबाद गाजीपुर, 27 वर्षीय खुशबू पत्नी अवनीश त्रिपाठी निवासी 20 वर्षीय अमन गोस्वामी पुत्र कैलाश नाथ निवासी मिराडी रतन विहार नई दिल्ली, 5 वर्षीय अभिनव पुत्र प्रमोद निवासी शकूरपुर थाना केशवपुरम नई दिल्ली, 3 वर्षीय अदिती गिरी पुत्री प्रमोद साल निवासी शकूरपुर थाना केशवपुरम नई दिल्ली बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर बस तेज गति से चल रही थी। अचानक ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त सभी यात्री गहरी नींद में थे। अचानक एक जोरदार झटका लगा। आगे की सीटों पर बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हालांकि पीछे बैठे लोगों की चोट आई।

## एसएस हॉल साउथ में 'आईएएस की तैयारी को लेकर सेमिनार आयोजित

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ।** (संदीप शर्मा)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सर सैयद हॉल साउथ ने 'आईएएस की ओर बढ़ना' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया, जिसका उद्देश्य सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने के इच्छुक छात्रों का मार्गदर्शन करना था।

सेमिनार में पुलकित सिंह, आईएएस (सीएसई 2020) और आशीष पुरुषोत्तम, नेक्स्ट आईएएस के सहायक शिक्षक ने हाल के छात्रों के साथ बहुमूल्य जानकारी और मार्गदर्शन साझा किये।

पुलकित सिंह ने अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक को पास करने के लिए जिन बाधाओं को पार किया और जिन रणनीतियों को उन्होंने अपनाया पर चर्चा की। आशीष पुरुषोत्तम ने व्यावहारिक सलाह, विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि और प्रभावी तैयारी के टिप्स दिए। सेमिनार का आयोजन सर सैयद हॉल साउथ के प्रोवोस्ट डॉ. फारूक अहमद डार और वार्डन इन चार्ज डॉ. बिलाल तफसीर की देखरेख में आयोजित किय गया।

कॉमन रूम सचिव मोहम्मद मुश्फिक रजा ने संचालन तथा समापन सीनियर हॉल मोहम्मद उबैद ने किया।

## प्री-तिब नीट के 6 टॉपरों ने दाखिले के लिए एएमयू को चुना

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ** । (संदीप शर्मा)। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) द्वारा आयोजित प्री-तिब राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में टॉप करने वाले छह छात्रों ने कुल्लियात विभाग द्वारा आयोजित प्री-तिब (प्री-बीयूएमएस कोर्स) में दाखिले के लिए अजमल खान तिब्बिया कॉलेज को चुना है।

कुल्लियात विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एफएस शेरानी ने कहा कि इस साल एनसीआईएसएम ने प्री-तिब कोर्स में दाखिले के लिए पहली बार नीट का आयोजन किया और उमर फारुक (रैंक 1), नमरा आरिफ (2), अनम (3), मोहम्मद सादिक (4), शकील अहमद (5) और फैजान अहमद (6) समेत छह शीर्ष रैंकिंग वाले छात्रों ने दाखिला लेने और अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए एएमयू को चुना।

उन्होंने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि एएमयू का यूनानी चिकित्सा संकाय देश के सभी यूनानी चिकित्सा संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ है।

# संस्कार भारती ने देव दीपावली के सहयोगी कलाकारों का किया सम्मान



**अलीगढ** । (संदीप शर्मा)। देव दीपावली पर संस्कार भारती के सहयोग से अचल सरोवर के सूरजमुखी घाट पर बनी भव्य रंगोली एवं दीपदान कार्यक्रम के अंतर्गत बनी भव्य रंगोली को बनाने वाले सभी कलाकारों का सम्मान श्री गिलहराज मन्दिर अचल ताल पर मन्दिर महंत योगी कौशलनाथ जी के सानिध्य मे किया गया । संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष एड अनिल राज गुप्ता के अनुसार डा सुनीता गुप्ता के दिशा निर्देशन मे संस्कार भारती के कलाकारों के साथ धर्म समाज महाविद्यालय के 30 से अधिक छात्र कलाकारों द्वारा रंगोली को रंगों के माध्यम से जीवंत किया ।कलाकार सम्मान समारोह मे संस्कार भारती के पदाधिकारियो ने महंत योगी कौशलनाथ जी का सम्मान अंग वस्त्र, मिष्ठान्न एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। कलाकार सम्मान समारोह मे गिलहराज मन्दिर के महंत योगी कौशलनाथ, जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, महानगर अध्यक्ष एड अनिल राज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डा सुनीता गुप्ता, राधिका वार्ष्णेय, आंशी, करन ,अजय, ललित, मोनिका, अजमद, पुष्पेन्द्र, संजना, नन्दिनी, नितेश, योगेश, जान्ह्वी, काजल, खुशबू, प्रतीक, रीया, प्रिया, अपूर्वा, मोहित, हिमानी, अनुराधा, निशा आदि उपस्थित थे।

## तीन पालियों में अधिकारी करेंगे ईवीएम की चक्रवार सुरक्षा

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ।** (संदीप शर्मा)। उपनिर्वाचन के तहत 20 नवंबर को सकुशल मतदान के उपरांत कृषि उत्पादन मंडी समिति, धनीपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई सील्ड ईवीएम-वीवीपैट की चक्रवार सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मतगणना समाप्ति तक तीन पालियों में अधिकारियों की एवं प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकालीन निरीक्षण के लिए मजिस्ट्रेट्स की तैनाती कर दी गई है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 23 नवम्बर मतदान समाप्ति तक प्रथम पाली में प्रातः 06 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सीडीपीओ गोंडा राहुल वर्मा, अपरान्ह 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक सीडीपीओ खैर अनिल दत्तात्रेय एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक सीडीपीओ इगलास विष्णु कुमार को ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए धनीपुर मंडी में तैनात किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वह मतगणना केंद्र स्थित स्ट्रांग रूम परिसर में भ्रमण करते हुए निगरानी रखेंगे और सीपीएमएफ इंचार्ज के पास उपलब्ध लॉगबुक में इंट्री करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान यदि कोई समस्या दृष्टिगोचर होती है तो तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ ही डीईओ द्वारा स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के लिए 22 नवंबर को प्रातः 10 बजे एसीएम द्विती संजय मिश्रा एवं सांय 05 बजे एसडीएम महिमा राजपूत को नामित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।


## गुपचुप तरह से गोवंशों को दफना रही थी, पहुंच गये, करणी सेना के कार्यकर्ता

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ** । (संदीप शर्मा)। अखिल भारतीय करणी सेना के महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव को पला सल्लू जी.टी. रोड पर गोकशी की मिली। प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान तुरंत अपनी समस्त टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे वहां जाकर पता चला कि पुलिस ने गुपचुप तरीके से गोवंशों को दफना दिया था यह सब होता देख करणी सेना के तमाम पदाधिकारी आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया हंगामा होते देखा वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मुकदमा दर्ज किया अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया। घटनास्थल पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदौरिया, आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फिरोजाबाद में दो को उम्रकैद

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**फिरोजाबाद** । उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के जसराना क्षेत्र में हत्या के आरोप में दो लोगों को उम्रकैद और 25-25 हजार जुर्माने की सजा सुनायी गयी है। गाँव नगला पट्टी निवासी कायम सिंह व जगदीश के खिलाफ थाने में 302/34 में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर उक्त दोनों लोगो को आजीवन कारावास एवं 25 - 25 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है। दर्ज मुक़दमे में अभियुक्त कायम सिंह एवं जगदीश को न्यायालय द्वारा दोषी मानते हुए, आजीवन कारावास एवं 25 -25 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है।

अभियुक्तो को सजा दिलाने में अभियोजक राजीव उपाध्याय एवं कोर्ट पैरोकार हेडकांस्टेविल देवेन्द्र सिंह का योगदान रहा है।

## कार पलट जाने से गाडी चला रहे, बालक की मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ।** (संदीप शर्मा)। हाईस्कूल का छात्र अपनी बुआ की कार लेकर दोस्तों के पास गया। वाप लौटते समय कार पलट गई। जिससे वह कार में फंस गया। उसे निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, वहां उसको मृत घोषित कर दिया। हरदुआगंज के तालानगरी क्षेत्र में कार पलटने से कार सवार किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसकी मौत से परिवार वालों का रोकर बुरा हाल था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय कुनाल ठाकुर पुत्र मुकेश कुमार हरदुआगंज क्षेत्र के गांव कलाई के निवासी थे। विजडम स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ रहे थे। दिल्ली से उनकी बुआ कार से आई थीं। बुधवार की सुबह कार की चाबी लेकर वह अपने दोस्तों के पास अलीगढ़ गया था। लौटते समय करीब साढ़े आठ बजे रामघाट कल्याण मार्ग पर डीपीएस स्कूल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में मौजूद दो साथी तो बाहर निकल आए, लेकिन कुनाल ठाकुर कार में फंसे रह गए। गंभीर रूप से घायल कुनाल को बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह दो भाइयों में छोटे थे। पिता मुकेश दिल्ली में एक कुरियर कंपनी में काम करते हैं।

# बाराबंकी में क्रीड़ाधिकारी और कोच के खिलाफ मुकदमा

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में महिला फुटबॉल खिलाड़ी के साथ बैड टच के मामले में क्रीड़ाधिकारी राजेश कुमार सोनकर और फुटबॉल कोच श्रद्धा सोनकर के विरुद्ध थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है ।पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली नगर अंतर्गत केडी सिंह बाबू स्टेडियम में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के बैड टच व प्रताड़ना के आरोपों में क्रीड़ाधिकारी राजेश कुमार सोनकर व फुटबॉल प्रशिक्षिका श्रद्धा सोनकर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।

दोनों के विरुद्ध शिकायत की जांच एसडीएम व सीओ ने करके रिपोर्ट सौंपी, जिसके बाद कार्रवाई हुई।

सीतापुर में तैनात राजेश के पास बाराबंकी जिले का अतिरिक्त प्रभार है जबकि फुटबॉल प्रशिक्षिका का दूसरे जिले में तबादला हो चुका है। महिला खिलाड़ियों का आरोप है कि क्रीड़ाधिकारी राजेश कुमार सोनकर उनसे अभद्र व अनैतिक व्यवहार करते हैं। यहां होने वाली प्रतियोगिताओं और चयन ट्रायल में भी अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर राजेश ने ड्यूटी लगवाई और बैड टच किया। श्रद्धा सोनकर उनकी रिश्तेदार है। वह खिलाड़ियों पर राजेश से आवास पर मिलने का दबाव बनाती थी।

उनका आरोप है कि जब शिकायत खेल निदेशक व डीएम से की तो स्टेडियम में प्रशिक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया गया। तबादले के बाद भी राजेश सोनकर को यहां का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया।

बाराबंकी में होने वाले फुटबॉल संबंधी सभी प्रतियोगिताओं चयन ट्रायल में अपनी ड्यूटी लगवा कर बालिका खिलाड़ियों के साथ बेड टच करने के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रभावित करते हैं। बालिकाएं लोक लाज के चलते इनके विरुद्ध कोई शिकायत नहीं करता। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आनंदीबेन ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिवस,योगी ने दी बधाई



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ खुशियां बांटी। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान से बढ़कर कोई उपहार नहीं है और उनके साथ समय बिताना एक विशेष अनुभव है। यह आयोजन राज्यपाल जी के सादगी और सेवा भाव का प्रतीक बनकर सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को बुके एवं राम नाम की पुस्तक भेंट कर उन्हे जन्मदिन की शुभकामनायें दीं।

राज्यपाल ने बच्चों से बातचीत करते हुए उनकी शिक्षा, रुचियों और सपनो के बारे में जाना। बच्चों ने भी राज्यपाल को अपने हाथों से बनाए हुए पेंटिंग, पत्र और कार्ड उपहार स्वरूप भेंट किए।

## मुख्य समाचार

### घोटाला के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन का धरना



**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पावटी मे स्थित प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक मे कुछ दिन पहले लाखों का घोटाला बैंक कर्मियों द्वारा किया गया था जिसका कोई समधान अभी तक नहीं हुआ हैं आज एक बजे ग्रामीणों द्वारा भा कि यूनियन क तत्वधान आज एक धरना बैंक के सामने दिया जिसमे व जिला अध्यक्ष चौ.विकास जिला महा सचिव चौ पार्थ ब्लॉक अध्यक्ष चौ राकेश ने बैंक मनेजर राजेश भाटी से वार्ता कर जल्द से जल्द ग्रामीणों का पैसा वापस करने कि मांग कि हैं हल्दोर थाना अध्यक्ष रामप्रताप भी धरना स्थल पर आये और.आर एम से फोन पर बात कि आर एम ने दस दिन का आश्वासन दिया हैं कि दस दिन मे जांच कर सभी का रु वापस करदेगे।

### ज्ञापन देकर ग्राम प्रधान ने की बिजली आपूर्ति की सुबह 7 बजे तक की मांग



**मंडावर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत के प्रधान लाल सिंह ने अधिशासी अभियंता - 2 विद्युत वितरण खंड बिजनौर को दिया ज्ञापन। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार को दयालवाला ग्राम पंचायत से प्रधान लाल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की समस्या को देखते हुए एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता - 2 विद्युत वितरण खंड बिजनौर को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया की रोज सुबह सवेरे 4 बजे बिजली आपूर्ती बंद कर दी जाती है। और यह समय ग्रामीण छात्रों का पढ़ाई का समय होता है।जैसा की सभी जानते है कि बोर्ड परीक्षा सर पर है।तो बच्चों को सुबह सवेरे पढ़ाई करनी पड़ रही है। लेकिन 4 बजे बिजली जाने से परीक्षा देने के लिए पढ़ाई करने मे बाधा उत्पन्न होती है। क्योंकि क्षेत्र मे ग्रामीण अत्यधिक गरीब परिवार जीवन यापन करते है।इनके पास बिजली से अलग और कोई साधन नहीं होता है। इन सभी समस्याओ को देखते हुए ज्ञापन के माध्यम से बिजली की आपूर्ती सुबह 7 बजे तक कर दी जाये। जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो।

### बाइकों की टक्कर से एक की मौके पर ही तो दूसरे की उपचार के दौरान मौत



**किरतपुर।** नगर से अपने गांव जा रहे दो युवको की बाइक आमने-सामने से टकरा गई जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम करवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात किरतपुर से अपने घर लौट रहे थाना क्षेत्र के गांव छितावर निवासी बाइक सवार युवक राजीव शर्मा 44 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मुनेश चंद्र शर्मा को गांव के पास स्थित नहर के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे बाइक सवार मोहित निवासी ग्राम दर्गोपुर नंगली थाना कोतवाली शहर की बाइक आमने-सामने से टक्कर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार राजीव शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंचे एस एच ओ जय भगवान सिंह ने घायल मोहित को उपचार के लिए बिजनौर भेज दिया। एस एच ओ जय भगवान सिंह ने बताया कि मोहित की जिला मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक राजीव अपने पीछे मां राममूर्ति पत्नी दिव्या शर्मा पुत्र हिमांशु और अर्णव सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया। राजीव अपने परिवार का एकलोता कमाऊ सपूत था। जिसके जाने से परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट गया। वही परिजनों को लालन पालन में समस्या का सामना करना करना पड़ेगा।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं




**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# काबू में रहेंगे दाम, चाइनीज लहसुन की तस्करी पर लगेगी लगाम

## बढ़ेगा देशी लहसुन का उत्पादन अच्छे बीज से सुधरेगी उपज और गुणवत्ता, योगी सरकार दे रही लहसुन की खेती को बढ़ावा

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**लखनऊ।** देशी लहसुन का उत्पादन बढ़ेगा। मांग और आपूर्ति में संतुलन रहने पर कीमतें काबू में रहेंगी। ऐसे में चीन से जरिए तस्करी आने वाले लहसुन की इंट्री अपने आप बंद हो जाएगी। चूंकि भारत लहसुन का निर्यात भी करता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के किसानों को भी निर्यात की संभावनाओं का लाभ मिलेगा। योगी सरकार इसके लिए प्रदेश में वैश्विक स्तर की बुनियादी संरचना (एक्सप्रेस वेज) तैयार कर चुकी है। साथ ही जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही सरकार किसानों और बागवानों के हित में एक्सपोर्ट हब की भी स्थापना कर रही है। इसे कहते हैं,एक तीर से कई निशाने। उल्लेखनीय है कि प्याज और लहसुन एक दूसरे के पूरक हैं। भोजन की लज्जत बढ़ाने में दोनों का समान रूप से महत्व है। रही औषधीय गुणों की बात तो लहसुन,प्याज पर भारी पड़ता है। बावजूद इसके प्याज की तुलना में लहसुन को सुर्खियां कम मिलती हैं। अलबत्ता देशी लहसुन की कीमतों के आसमान छूने पर चाइनीज लहसुन की तस्करी पर इसे थोड़ी सुर्खियां मिल जाती हैं। इस साल ही लहसुन 400 रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड भाव पर बिका। लहसुन की मंहगाई की वजह से आम आदमी की भोजन की लज्जत प्रभावित न हो इसके लिए योगी सरकार एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत विशेष योजना के तहत लहसुन की खेती को बढ़ावा दे रही है।

**किसानों को लागत का 40 फीसद अनुदान दे रही सरकार**

योजना के तहत प्रदेश में प्रति हेक्टेयर 30,000 रुपये की अनुमान्य इकाई लागत तय की गई है। इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर अधिकतम 12,000 रुपये (40 फीसद)का अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत करीब 10,000 हेक्टेयर अतिरिक्त रकबे पर किसानों को लहसुन की खेती को विस्तार देना है। किसी भी फसल की उत्पादकता में गुणवत्तापूर्ण बीज का योगदान करीब 25 फीसद होता है। इसीलिए सरकार ने फैसला लिया है कि किसानों को बीज राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, ( नई दिल्ली )द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। एक किसान न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर और अधिकतम 4.0 हेक्टेयर तक लहसुन की खेती पर योजना का लाभ ले सकता है। बीज की कीमत 370 से 390 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रखी गई है।

**पात्रता पहले आओ, पहले पाओ की है**

किसान इस योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक किसानों को अपने जनपद के जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क करना होगा। इसके साथ ही, किसान योजना में पंजीकरण करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://dbt.uphorticulture.in पर भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

**मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 45 जिलों का चयन**

परंपरागत रूप में उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर लहसुन की खेती मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगे कुछ जिलों में होती है। सरकार ने इसे विस्तार देते हुए 45 जिलों को खेती के लिए चुना है। इन जिलों में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, कानपुर, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, कुशीनगर, महराजगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या एवं फर्रूखाबाद शामिल हैं।

इस योजना में आने वाले खर्च का 60 फीसद केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर के लास्ट से नवंबर तक लहसुन की बुआई की जाती है। बुआई के करीब दो से तीन हफ्ते में इसकी पत्तियां इस्तेमाल योग्य हो जाती है। अगले दो तीनमहीने तक मन करे तो इन पत्तियों का चटनी बनाएं या तड़के के लिए इस्तेमाल करें। फसल परिपक्व होने पर इसके बल्ब का कायदे से भंडारण कर साल भर इसका उपयोग कर सकते हैं। इसका आचार और पेस्ट भी बनाया जा रहा सकता है।

**लहसुन के औषधीय गुण**

अपने एंटीबैक्टीरियल और एंटीफ़ंगल गुणों के कारण यह कई तरह के संक्रमणों से लड़ने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट होने के नाते यह शरीर में ऑक्सीडेटिव क्षति को रोकने में भी मददगार है। इसी खूबी के नाते इसके प्रयोग से डेमेंशिया और अल्ज़ाइमर की संभावना कम हो जाती हैं। लहसुन में विटामिन सी, विटामिन बी6, मैंगनीज़, और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इसमें मौजूद सल्फ़र कम्पाउंड ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करते हैं और हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं। बालों को स्वास्थ्य में भी सल्फर की अहम भूमिका होती है। एंटी-इंफ़्लेमेटरी होने के नाते यह जोड़ों के सूजन और दर्द में राहत देता है।

**लहसुन के निर्यात में भारत दुनियां में दूसरा नंबर**

लहसुन की खेती की संभावनाओं के मद्देनजर किसानों में इसकी खेती के प्रति रुचि है। पिछले 25 वर्षों में इसके उत्पादन में करीब चार गुना (2.1 लाख टन से68.34 लाख टन) वृद्धि इसका प्रमाण है।

भारत, लहसुन का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है। मुख्य रूप से इंडोनेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, वियतनाम, मलेशिया, और ब्राज़ील आदि देशों को भारत लहसुन निर्यात करता है। साल 2023-2024 में भारत ने 56,823 मीट्रिक टन लहसुन का निर्यात किया था, जिसका मूल्य 27.96 बिलियन डॉलर था। यह पहली बार था जब भारत ने लहसुन का निर्यात 50,000 टन के आंकड़े को पार किया।

# हल्दौर ग्रुप का कॉलेज हल्दौर में चौथे जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हल्दौर।** हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज हल्दौर में चौथे जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन। 10 नवंबर 2021 को भारत सरकार ने 15 नवंबर यानी बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाती1य गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। जो आदिवासी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सम्मान करने के लिए समर्पित है। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार चौहान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 में रांची के पास उलिहातु में हुआ था। इनकी मृत्यु 9 जून 1900 में हुई थी। 3 मार्च 1900 को मुंडा का ब्रिटिश पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे चक्रधरपुर के जामकोपाई के जंगल में अपनी आदिवासी गोरिल्ला सेना के साथ सो रहे थे। ऐसा माना जाता है कि बीमारी के कारण जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई ,उस समय उनकी उम्र मात्र 25 साल थी। वह एक स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक नेता और लोकनायक थे। उनका कार्य क्षेत्र मुख्य रूप से रांची के तमाड़, सिंह भूम और संथाल परगना के क्षेत्र में था बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ एकजुट किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र त्यागी ने कहा कि स्व दिलावर सिंह जी की स्मृति में स्थापित महाविद्यालय समय-समय पर ऐसी कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है, जिससे गांव नगर व क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का मानसिक, और बौधिक विकास हो सके, और अपने परिवार, महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करते रहें।कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, नृत्य व वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेंटिंग में प्रथम स्थान पर गौरव कुमार रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानसी रही जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम गौरव कुमार ,द्वितीय कंचन सैनी और तृतीय स्थान पर प्रेरक त्यागी रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री ने शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

- **बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की गौ सेवा**
- **दर्शन-पूजन कर मुख्यमंत्री ने की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना**
- **बुधवार शाम को ही बलरामपुर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए थे शामिल**





पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को श्री मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर, देवीपाटन में पूजा-अर्चना की और मंदिर की गोशाला में गौ सेवा की। उन्होंने मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक गतिविधियों में भाग लिया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इससे पहले बुधवार शाम को मुख्यमंत्री ने तुलसीपुर स्थित श्री मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के विकास कार्यों की समीक्षा की और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी सहित अन्य साधु-संत उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को देना होगा आइसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और टैबलेट से पढ़ाने का हिसाब

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रयोग पर अब विभाग द्वारा सख्ती की जाएगी। इन विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट दिए गए हैं। वहीं इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाई जा चुकी हैं और हर ब्लाक में इन्फार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी (आइसीटी) लैब भी स्थापित की जा रही है। फिर भी शिक्षक बेहतर ढंग से पढ़ाई कराने के लिए इनका प्रयोग नहीं कर रहे। ऐसे में अब शिक्षकों को इनके उपयोग का हिसाब- किताब देना होगा। प्रत्येक ब्लाक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) पर आइसीटी लैब तैयार कर विद्यार्थियों को कंप्यूटर का ज्ञान देने की व्यवस्था की गई है। बीआरसी के आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों को रोस्टर के अनुसार इस लैब में कंप्यूटर का ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए शासन की तरफ से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आइसीटी लैब के उपयोग के लिए रोस्टर तैयार किया जाए और खंड शिक्षा अधिकारी तय रोस्टर के अनुसार विद्यार्थियों को इसमें भेजना सुनिश्चित करें। समय-समय पर तय किए गए रोस्टर के अनुसार विद्यार्थी वहां भेजे जा रहे हैं या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी। स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाई कराने की व्यवस्था की गई है। जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है, वहां विद्यार्थियों को इसमें कितना तकनीकी ज्ञान दिया गया है, इसकी भी जांच की जाएगी। वहीं शिक्षकों को दिए गए टैबलेट का प्रयोग किस प्रकार पढ़ाई में किया जा रहा है इस पर भी शासन की कड़ी निगरानी रहेगी, और उसका हिसाब भी अब लिया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के माध्यम से इनका उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत दिव्या बनी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की एक दिन की वार्डन

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**बरेली।** बरेली में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत स्कूल कॉलेजों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और बालिका शिक्षा के साथ छात्राओं में आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए उन्हे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर भविष्य के लिए तैयार करने की मुहीम जारी है, इसी मुहीम के चलते गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हाफिजगंज में विद्यालय की वार्डन सपना पांडेय द्वारा विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा दिव्या गंगवार को एक दिन का वार्डन बनाया गया। जिसके बाद दिव्या गंगवार ने विद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी जा रही है जिससे वह विपरीत परिस्थितियों में इन नंबरों का इस्तेमाल कर अपने आप को सुरक्षित कर सकती है इसी के साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया गया है, एक दिन की वार्डन बनी दिव्या गंगवार ने गुरुवार को इस पद का कार्य किया, दिव्या ने अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए बालिकाओं को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया और समय पर कार्य करने की शिक्षा दी दिव्या ने कहा कि आपका विद्यार्थी जीवन है और विद्यार्थी का कर्तव्य होता है कि वह अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें और सभी कार्य समय पर करें, ऐसा करने से उनका आने वाला समय, उनका जीवन खुशहाल होगा। अपनी पढ़ाई में अपना शत् प्रतिशत दें और मन लगाकर पढें और जीवन की ऊंचाइयों को छू ले, दिव्या ने कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने माता-पिता विद्यालय और अपना नाम रोशन करें। इस अवसर पर कल्पना मीणा, काजल, हिमांगी, दीक्षा, कशिश को शिक्षिका बनाया गया और सभी ने दिव्या की तरह अपनी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# शहीद वीर सैनानियों की विरागंनाओ को किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बिजनौर की स्थापना के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा बिजनौर महोत्सव,2024 के सफतापूर्वक आयोजित होने पर जिले के शहीद परिवारों और वीर नारियों को सम्मान प्रतीक एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सैनिकों का देश प्रेम तथा देश सेवा प्रति सर्मपण और त्यागों को ध्यान में रखते हुए समस्त शहीद परिवारो एंव पूर्व सैनिकों का मान सम्मान बनाये रखना तथा उनकी समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सदैव प्रार्थमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव में बिजनौर की महान विभूतियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए भावी पीढ़ी के मानस पटल पर उनकी स्मृतियों को संजोए रखते हुए उनसे प्रेरणा प्राप्त करने का संकल्प भी लिया गया। आपकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र की रक्षा करते हुए दिए गए बलिदान के लिए जिला प्रशासन आपको नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करता है तथा आपको सम्मानित करते हुए हम सभी को गर्व की अनुभूति हो रही है। इस दौरान शहीद गजेन्द्र की पत्नि पुष्पा देवी, शहीद गजेंद्र सिंह के पिता सतीराम एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी, शहीद समरपाल सिंह की पत्नि सुरेश देवी, शहीद नितीन कुमार की पत्नि माला देवी, शहीद भूदेव के पिता यशपाल सिंह, शहीद भूपेन्द्र कुमार के भाई अजेन्द्र सिरोहि को सम्मानित किया गया तथा शेष शहीद परिवार जो आज किसी कारण उपस्थित नही हो सके उनका सम्मान प्रतीक उनके घर भेजने के आदेश दिये गये।

## बाइक चोर व मोबाइल छीनने वाले चार युवको को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नहटौर।** बाईक चोरी कर मोबाईल छीनने वाले चार अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से दो चोरी की बाईक बरामद की है। खर्चा चलाने के लिए बाईक चोरी करने के बाद दस हजार रूपए में बाईक बेच देते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को नहटौर के नूरपुर मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल से गांव नवादा चौहान के योगेन्द्र कुमार की बाईक चोरी हो गई थी। इसके अलावा नहटौर के मोहल्ला शेखान के चंद्रभान से झपटा मारकर मोबाईल छीनने का प्रयास किया गया था। गांव कोतवाली देहात के गांव कृतो नंगली के राशिद की 18 नवंबर को कोतवाली देहात के सरकारी अस्पताल से बाईक चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में नहटौर थाने के गांव नकीबपुर खजूरी के हिमांशु पुत्र धर्मपाल सिंह व मोहल्ला नेजोसराय के रिहान पुत्र इकबाल, कोतवाली देहात के गांव खूरमपुर खड़क के मोहित पुत्र मुन्नू व नांगल क्षेत्र के गांव बरकातपुर के पुनित पुत्र तुलाराम को गिरफ्तार किया।पूछताछ में उन्होंने बताया कि खर्चा चलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से बाईक चोरी करके 10 हजार रूपए में बेच देते थे।चोरी की गई बाईक से वह झपटा मारकर मोबाईल छीनने की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाईके व घटना में प्रयुक्त एक बाईक बरामद की है।

# गुलदार ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**किरतपुर।** क्षेत्र के गांव में पशुओं के लिए जंगल से चारा लेने गए एक किसान के पालतू रोड विलर डॉग को गुलदार ने अपना निवाला बना जिससे लोग डरे सहमे हुए हैं और ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को क्षेत्र के गांव उमरी निवासी महेंद्र सैनी अपने परिजनों के साथ गांव के पास ही अपने जंगल में पशुओं का चारा लेने गया था।उनके साथ उनका रोड विलर डॉग भी था।महेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ गन्ना छील रहा था।उन्होंने कुछ समय बाद देखा कि उनका डॉग गायब हो गया। कुछ समय बीत जाने के बाद उन्होंने डॉग को आसपास में देखना शुरू किया तो उन्होंने देखा कि गुलदार डॉग को उठाकर ले जा रहा है। गन्ना छील रहे महेंद्र व अन्य उसके परिजन यह मंजर देख घबरा गए और वह गांव की ओर दोड़ पड़े।उन्होंने सारा मंजर आकर गांव में बताया लेकिन देर शाम होने के कारण लोग उक्त स्थान पर जाकर देख ना सके।यह सुनकर लोग डरे व सहमे हुए हैं और उक्त स्थान पर जंगल जाने से भी डर रहे हैं। लोग टोलिया बनाकर आतिशबाजी कर पशुओं का चारा लाने पर मजबूर है। उक्त स्थान पर लोगों ने पहले भी गुलदार देखे जाने की बात कही है।वही ग्रामीण वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में जब हमने वन दरोगा नीतीश कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि फिलहाल तो मैं कहीं बाहर हूं मौके पर आकर निरीक्षण कर पिंजरा लगवा दिया जाएगा।

# आगरा में पार्किंग के लिए मनमानी वसूली

## बिजनौर से पर्यटकों को लेकर आए ड्राइवर ने की शिकायत, ताजमहल मेट्रो स्टेशन का मामला

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग के लिए मनमानी रकम वसूलने का मामला सामने आया है। बिजनौर से पर्यटकों को लेकर आए टेंपो ट्रैवलर ड्राइवर ने शिकायत की है कि उससे पार्किंग शुल्क के नाम 200 रुपए लिए गए। बुधवार को ताजमहल मेट्रो स्टेशन पार्किंग पर बिजनौर से पर्यटकों का ग्रुप घूमने आया। पर्यटकों का ग्रुप टेंपो ट्रैवलर से आया था। ड्राइवर ने टेंपो ट्रैवलर को ताजमहल मेट्रो पार्किंग में खड़ा किया। वहां पार्किंग शुल्क के नाम पर 200 रुपए की पर्ची काटी गई। ड्राइवर किरणपाल का कहना है कि पार्किंग कर्मचारी ने 200 रुपए की टिकट दी। ड्राइवर ने वो कर्मचारी भी दिखाया, जिसने रसीद दी थी। कर्मचारी का कहना था कि तीन गाड़ियों की पर्ची काटी है। पर्ची दिखाने को कहा गया तो उसने कहा कि पर्ची खत्म हो गई है।

### पहले हो चुका है मामला

11 नवंबर को भी ऐसी ही घटना हुई थी। पुरानी मंडी चौराहा पर ताजमहल का मेट्रो स्टेशन है। सोमवार दोपहर चित्तौड़गढ़ से टैक्सी ड्राइवर महेंद्र कुमार आए थे। उनके साथ दो विदेशी पर्यटक थे। उन्होंने ताजमहल मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में कार खड़ी की। उन्हें पार्किंग शुल्क की 100 रुपये की रसीद दी गई। महेंद्र कुमार का कहना था कि डेढ़ महीने पहले उनसे 20 रुपये पार्किंग शुल्क के लिए गए थे। उन्होंने भी वीडियो के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

# अवैध बालू खनन का विरोध करने पर माफियाओं ने घर में घुसकर बोला जानलेवा हमला, दो घायल

- दो दर्जन खनन माफियाओं ने घर में घुसकर महिलाओं व बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**पिनाहट।** बीती रात को थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत विप्रावली चंबल नदी से बड़े पैमाने पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों से अवैद्ध बालू खनन किया जा रहा था। खनन माफिया बालू से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को तेज रफ्तार में दौडाते हुए ले जा रहे थे। खेत पर जा रहा किसान अवैद्ध बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाल बाल बच गया।तेज रफ्तार बालू से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को दौड़ने का किसान ने विरोध किया।विरोध करने पर दबंग खनन माफिया ट्रैक्टर ट्राली में भरकर किसान के घर पर आ गए और किसान के घर पर लाठी डंडा फावडा से जानलेवा हमला बोल दिया।जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दबंग खनन माफिया अवैध तमंचे से जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच है। बुधवार रात्रि को थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत विप्रावली घाट स्थित चंबल नदी से ट्रैक्टर ट्रालियों से बड़े पैमाने पर अवैद्ध बालू खनन किया जा रहा था। खनन माफिया रात्रि के अंधेरे में बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली को निकाल रहे थे। और अवैद्ध बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे थे। तेज रफ्तार दौड़ रही बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से किसान कुंदन सिंह बाल बाल बच गया। किसान ने खनन माफियाओ से बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली को धीमी चलने की बात कही। आरोप है जिस पर दबंग खनन माफियाओ ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया।जिस पर किसान ने अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली की वीडियो बनाते हुए इसकी शिकायत पुलिस से करने की बात कही। पुलिस से शिकायत और वीडियो बनाने से दबंग खनन माफिया बौखला गये। ट्रैक्टर ट्राली में भरकर किसान के घर पर पहुंच गए।और घर में घुसकर लाठी डंडा,फावड़ा से हमला बोल दिया। महिलाओं व बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसमें केशव सिंह व कुंदन सिंह पुत्रगण दाताराम निवासी ग्राम तिकोनिया बिप्रावली गंभीर रूप से घायल हो गए।

# आगरा में जनप्रतिनिधियों को दिखाई 'द साबरमती रिपोर्ट'

- मंत्री और विधायक के साथ भाजपा नेता पहुंचे

**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** गुजरात दंगों पर बनी द साबरमती रिपोर्ट' मूवी गुरुवार को आगरा के जनप्रतिनिधियों को दिखाई गई। इसके लिए प्रशासन ने सर्व मल्टीप्लेक्स में विशेष शो आयोजित कराया। मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा भजपा नेताओं ने इस मूवी को देखा।सर्व मल्टीप्लेक्स में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया, विधायक चौधरी बाबूलाल, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डा. धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह, एमएलसी विजय शिवहरे आदि ने फिल्म देखी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाह, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन, कई भाजपा पार्षदों के साथ-साथ जिले के अधिकतर ब्लॉक प्रमुख भी मौजूद थे। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सरकार के कई मंत्रियों ने इस फिल्म को देखा। आगरा में जिला प्रशासन की ओर से भाजपा सांसद, विधायक तथा अन्य प्रतिनिधियों के लिए शो आयोजित कराया।

# जिला अस्पताल में मिली कमियां, सीआरएम टीम नाराज

- 16 सदस्यों ने मरीजों से की बात, इलाज और सुविधाएं देखी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** आगरा जिला अस्पताल का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आवंटित धनराशि और सुविधाओं की समीक्षा के लिए सीआरएम की 16 सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। यह टीम जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, उप केंद्रों, सीएचसी, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और एसएन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर रही है। टीम में केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के सदस्य भी शामिल हैं। इस निरीक्षण में कई खामियां पाई गईं। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए टीम ने विभिन्न वॉर्डों का निरीक्षण किया। वॉर्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों से सवाल किए कि उन्हें दवाइयां कहां से मिल रही हैं। सफाई दिन में कितनी बार होती है? डॉक्टर्स कितनी बार देखने आते हैं? निरीक्षण के दौरान कई कमियां पाई गईं। इमरजेंसी वॉर्ड और टॉयलेट्स की स्थिति को लेकर टीम ने आपत्तियां जताईं।

डॉ. रचना की अगुवाई में निरीक्षण के दौरान टीम को दवाइयों, ऑक्सीजन सप्लाई और बाहरी चिकित्सकों से परामर्श लेने के मामलों में कमियां मिलीं। टीम ने अपनी रिपोर्ट बना ली है। रिपोर्ट केंद्र को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव साथ रहे।

उन्होंने बताया कि सीआरएम की यह टीम यह सुनिश्चित करने के लिए आगरा में सरकार द्वारा दिए गए करोड़ों रुपये की सहायता का सही तरीके से उपयोग हो रहा है या नहीं, और केंद्र द्वारा भेजी गई राशि का कहीं दुरुपयोग तो नहीं हो रहा, इन सभी मामलों का गहराई से निरीक्षण कर रही है।

# जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला आयोजित

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**आगरा।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद (आगरा) में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगरिया ताजपुर, विकास क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में संचालित यूनिट दुर्गा शक्ति गाइड कंपनी की यूनिट लीडर रेनू भारद्वाज ने और उनकी गाइडों के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में रेनू भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रही है, जिसमें भारत भी अछूता नहीं रह गया है। जलवायु परिवर्तन की मुख्य वजह ग्लोबल वार्मिंग और ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैसों जैसे मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि है। जलवायु परिवर्तन से बहुत आणि होती है इसलिए हमें प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। पेड़ों के कटान को रोकना चाहिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। प्रधान अध्यापक हिलेंद्र शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं व ग्राम वासियों को कार्यक्रम में बताया कि प्राकृतिक जलवायु परिवर्तनशीलता जलवायु परिवर्तन के साथ समानांतर में होती है यानी ए ठ र ड की वजह से सुखा और बाढ़ जारी रहेगी और जलवायु परिवर्तन के कारण तीव्र हो सकती है। इसलिए भविष्य के लिए योजना बनाते समय इन प्राकृतिक उतार-चढ़ावों को भी ध्यान में रखना चाहिए। अंत में उपस्थित सभी ग्राम वासियों का विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# गाइड पर टूरिस्ट पुलिस ने की कार्रवाई

## ताजमहल पर विदेशी पर्यटकों के डांस का बनाया था वीडियो

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** ताजमहल पर विदेशी पर्यटकों द्वारा डांस का वीडियो वायरल होने के बाद सीआईएसएफ ने गाइड के खिलाफ लिखित शिकायत की। टूरिस्ट पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर गाइड के खिलाफ 151 की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि विदेशी पर्यटकों को डांस के लिए गाइड से मना करने के बाद भी गाइड ने रोका नहीं था। मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ताजमहल पर विदेशी पर्यटकों रॉयल गेट पर डांस कर रहे हैं। ग्रुप के सामने ही एक गाइड भी खड़ा है। बताया जा रहा है कि गाइड ने ही डांस करने के लिए बोला था। उसने इसका वीडियो भी बनाया। इस दौरान एएसआई और सीआईएसएफ के स्टाफ ने दूर से उन्हें ऐसा करने से रोका, लेकिन गाइड ने उनकी नहीं सुनी।

एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया इस मामले में सीआईएसएफ ने टूरिस्ट गाइड रोहित कुमार के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर टूरिस्ट गाइड के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई है। टूरिस्ट गाइड रोहित कुमार को ताजमहल में रील्स न बनाने के नियमों के बारे में जानकारी थी। इसके बाद भी नियमों को तोड़ा गया। पास में ही सीआईएसफ का जवान भी खड़ा हुआ था। उसने टूरिस्ट गाइड को वीडियो बनाने और डांस करने से रोकने को कहा। लेकिन गाइड ने बात को अनसुना कर दिया।

# पुलिस कमिश्नरेट आगरा मनायेगा अपना दूसरा स्थापना दिवस

- पुलिस कमिश्नरेट आगरा में इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुआ बदलाव, आधुनिक हुए थाना और कार्यालय, जनता को मिल रही बेहतर सुविधाएं

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** भारत के सबसे पुराने एवं विशाल पुलिस बल में से एक उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जनपद आगरा की कानून एवं व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाता है, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगरा के पुलिस प्रशासन में सुधार करते हुए दिनांक 26.11.2022 को आगरा में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गयी। अब दिनांक 26.11.2024 को दूसरा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के उपरान्त कमिश्नरेट आगरा में को अनुभवी पुलिस अधिकारीगण का नेतृत्व मिला, इसी क्रम में डॉ. प्रीतीन्दर सिहं (क्ढर) पुलिस कमिश्नरेट आगरा के पुलिस आयुक्त बनें, तदोपरान्त रवीन्दर गौड (क्ढर) कमिश्नरेट आगरा के पुलिस आयुक्त बने।

### भवनों का हुआ जीर्णोद्धार, हाइटेक हुई आगरा पुलिस

जीर्णोद्धार के बाद पुलिस कमिश्नरेट आगरा के थाने हाइटेक हो रहे है जो आम जन को बेहतर पुलिस सेवाएं प्रदान कर रहे है। जैसे थाना हरीपर्वत, थाना लोहामण्डी, थाना जगदीशपुरा, थाना सिकन्दरा, थाना खेरागढ़, थाना जगनेर, थाना बसई जगनेर आदि इसकी मिसाल हैं। अधिकांश थानों में अत्याधुनिक कॉन्फ्रेस हॉल, कार्यालय, कंप्यूटर रूम, ई-मालखाना सहित भवनो का नवीनीकरण किया गया है। थाने में हेल्प डेस्क, पार्किंग, उपनिरीक्षकों के कक्ष सब कुछ बदलकर अब आधुनिक हो गये है। गेस्ट रूम समेत कई फैसिलिटी हैं। और बेहद खूबसूरत गेस्ट रूम बनाये गए हैं। जैसे ही आप इन थानों में जाएंगे, ऐसा लगेगा ही नहीं की आप किसी पुलिस स्टेशन में हैं। आपको महसूस होगा कि आप किसी अच्छे होटल में प्रवेश कर रहे हैं।



साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस कमिश्नरेट आगरा में साइबर क्राइम सेल का नवीनीकरण कर आधुनिक साइबर क्राइम सेल बनाया गया है।

इस आधुनिक साइबर क्राइम सेल में साइबर अपराध रोकथाम हेतु आधुनिक वर्क स्टेशन, कार्यालय एवं शिकायत लेकर आने वाले लोगों की सुविधा हेतु विजिटर रूम बनाया गया है।

### परिवार परामर्श केन्द्र

परिवारों के मध्य होने वाली कहा सुनी एवं छोटी छोटी बातो से एक दूसरे के मध्य आने बाली दरारों को भर रहा आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातानुकूलित परिवार परामर्श केन्द्र बनाया गया है, जिसमें कुल आठ कक्ष बनाये गये, जिनमें दंपतियों के निजता का ध्यान रखते हुए कुशल काउंसलर्स द्वारा काउंसलिंग की जाती है एवं काउंसलिंग हेतु आने वाले दंपत्तियों के छोटे छोटे बच्चों की देखभाल हेतु एक क्रेच भी बनाया गया है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल को समर से समृद्धि की ओर थीम पर आधारित एनसीसी साइक्लोथॉन की मेजबानी मिली

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**आगरा।** आर्मी पब्लिक स्कूल, आगरा को 21 नवंबर 2024 को मिशन संग्राम 1857: समर से समृद्धि की ओर थीम पर आधारित एनसीसी साइक्लोथॉन की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ। यह आयोजन विद्यालय की प्राचार्या, डॉ. रूपाली गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस पहल का उद्देश्य 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, छात्रों में देशभक्ति की भावना का संचार करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस साइक्लोथॉन का नेतृत्व ब्रिगेडियर एन. एस. चाराग, एसएम, कमांडर एनसीसी ग्रुप, आगरा ने किया। इस कार्यक्रम ने युवाओं के मन में साहस, धैर्य और अनुशासन जैसे मूल्य स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। उप-प्राचार्या, श्रीमती पूनम कोहली के नेतृत्व में विद्यालय ने कैडेट्स का उत्साहपूर्ण स्वागत किया।

कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, एसडब्ल्यूओ तान्या ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसने छात्रों को इतिहास से सीखने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, कैडेट्स ने 1857 के विद्रोह पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने छात्रों पर गहरा प्रभाव दिखाई दिया।

# पुलिस जे मोबाइल चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शिकोहाबाद।** पुलिस ने लोगों के मोबाइल पर हाथ साफ करने वाली दो महिलाओं को छीछामई गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को महिलाओं के पास से दो मोबाइल बरामद हुए। नितेश पुत्र अखिलेश निवासी नगला पाल थाना बिछमा जिला मैनपुरी के 20 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने 2 मोबाइल चोरी कर ले लिए थे। उक्त सम्बंध में पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्काल घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन करते हुए मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल चोरी करने वाली दो महिलाएं छीछामई पुल पर बैराज के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ी है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को महिलाओं के पास से दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने महिलाओं के नाम सपीका पत्नी ज्वाला सिंह, काडी पत्नी ओमप्रकाश निवासी कडिया थाना बोडा जिला राजगढ मध्य प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों महिलाओं को जेल भेज दिया।

# सर्किल रेट प्रकरण को लेकर दूसरे दिन भी रजिस्ट्री कार्य रहा ठप्प

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**शिकोहाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के सहारे नसीरपुर क्षेत्र में जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए ग्राम नसीरपुर के किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। शिकोहाबाद वार के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार यादव व उनके परिवार की 50 वीघा बेशकीमती जमीन पुरानी सर्किल रेट से अधिग्रहीत की जा रही है। जबकि पास के गाँवों में सर्किल रेट कई गुना अधिक है। इसी मामले को लेकर आज गुरूवार दूसरे दिन अधिवक्ताओं ने बैनामा की रजिस्ट्री कार्य व राजस्व न्यायालय का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं के आन्दोलन को समाप्त कराने के लिये एसडीएम शिकोहाबाद अंकित कुमार ने वार्ता के लिए वकीलों को बुलाया। वार के अध्यक्ष हरिओम यादव की अध्यक्षता में एसडीएम से वार्ता हुई लेकिन वार्ता असफल रही। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर नसीरपुर क्षेत्र में सर्किल रेट बढाने की माँग की गई। अधिवक्ताओं ने जनपद की सभी तहसील वार व जिला सिविल वार व जिला रेवेन्यू वार से समर्थन की माँग की है।इस मौके उम्मेद बाबू महासचिव, अखिलेश, विनय, कुलदीप, गोरव, अनुज, गिर्राज, अशोक यादव, प्रवीण यादव एडवोकेट, के पी सिंह, ब्रजेश चन्द्र, सुभाष चंद्र, राजेश यादव, श्यामबाबू यादव, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सिरसा के रानियां में स्कूल वेन पर ताबड़तोड़ फायरिंग, नाबालिग सहित 4 लोग घायल




सिरसा । सिरसा के रानियां में स्कूल वेन पर सरेआम गोलियां चलाने का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश और साइड नहीं देने पर पिता और पुत्र ने स्कूल वैन पर फायरिंग की। आरोपी पिता पुत्र घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हमलावरों की तलाश में जुट गई। जानकारी के मुताबिक यह घटना सिरसा के नगराना थेड गांव के पास की है। यह विवाद गाड़ी और ट्रैक्टर के करोसिंग के वक़्त हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी पिता पुत्र ने गोलियां आरोपी पिता पुत्र घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार है। स्कूल वैन में दर्जनों बच्चे सवार थे। घटना में एक स्कूली बच्चे सहित 4 लोग बुरी तरह से घायल है। सभी को सिरसा के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## पानीपत : 40 लाख रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार, गैंगरेप मामले में समझौते के लिए थे पैसे



पानीपत। जिले में दुष्कर्म मामले में आरोपियों को ब्लैकमेल कर समझौता करवाने के नाम पर 45 लाख रुपये जबरन वसूलने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 लाख रुपये बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सीआईए वन पुलिस टीम ने कार्रवाई की है। आरोपी की पहचान नेमपाल निवासी काबड़ी के रूप में हुई।

**ये है मामला**

इस मामले को लेकर एसपी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि गत दिनों एसपी ऑफिस में थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया था कि उसके भतीजों के खिलाफ 22 अक्टूबर को थाना पुराना औद्योगिक में नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप किया और फिर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लेकिन केस दर्ज होने के 2 या 3 दिन के बाद काबड़ी निवासी नेमपाल अपनी पत्नी के साथ उससे और उसके भाई से मिलकर कहने लगा वह केस में फैसला करवा देगा, जिसकी एवज में उन्हें पैसे देने पड़ेंगे। जब पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि पैसे नहीं दिए तो तुम्हारें लड़कों को जेल से निकलने नहीं देंगे। डर के मारे उन्होंने पैसे देने की हां भर दी। आरोपी नेमपाल 31 अक्तूबर को गांव में एक प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में आया और समझौते की एवज में 1 करोड़ रुपये की मांग की। लेकिन उन्होंने इतने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद 50 लाख में सौदा तय हुआ। मौके पर उन्होंने उसे 45 लाख रुपये दिए। आरोपी नेमपाल अब फिर उनसे 5 लाख रुपये मांग रहा है। आरोपी धमकी दे रहा है की जब तक 5 लाख रुपये नहीं दोगे तो वह मुकदमा वापस नहीं लेंगे। इससे हमारा पूरा परिवार दशहत में है।

**आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड : एसपी**

इस मामले में एसपी ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को काबड़ी फ्लाईओवर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के पास 40 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने 5 लाख रुपये कर्ज चुकाने के लिए दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ अवैध शराब तस्करी, मारपीट, धोखाधड़ी, जानलेवा हमला व अपहर्ण का प्रयास करने मामले के कुल 13 अभियोग दर्ज है। इनमें 12 अभियोग पानीपत के थाना माडल टाउन, थाना पुराना औद्योगिक, थाना शहर में व 1 अभियोग यूपी के शामली जिला में दर्ज है। इनमें अधिकतर मामले माननीय न्यायालय में विचारीधीन है।

## 10 दिन तक महिला रहीं डिजिटल अरेस्ट इसके बाद क्या हुआ यह जान कर उड़ जाएंगे होश



यमुनानगर। देश में आजकल एक ठगी का नया तरीका चल निकला है, जिसके माध्यम से सीबीआई , ई डी के अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर उनसे पैसे वसूले जाते हैं। ऐसा ही एक अलग तरह का मामला यमुनानगर में सामने आया है, जिसमें एक महिला को 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। यमुनानगर की महिला ने साइबर थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 9 नवंबर को उनके पास एक कॉल आया कि हम सीबीआई वाले बोल रहे हैं। आपका आधार कार्ड पर एक सिम जारी हुआ है, जिसमें अकाउंट खोलकर 68 करोड़ की हेरा फेरी की गई है । इसलिए आपको इसमें गिरफ्तार किया जाता है । अधिकारी ने कहा कि आप डिजिटल अरेस्ट होना चाहते हैं या फिजिकल तो, महिला ने डिजिटल अरेस्ट होने की बात कही, जिस पर सीबीआई बने पुलिस अधिकारियों ने उन्हें वीडियो कॉल ऑन रखने की आदेश दिए और कहीं भी आने जाने पर पाबंदी लगा दी ।अगर वह बैंक में गई तो उस दौरान भी वीडियो कॉल ऑन रुखी गई। 9 नवंबर से 19 नवंबर तक लगातार यह सिलसिला जारी रहा और इस दौरान कुल 13 लाख से अधिक की राशि सीबीआई के अधिकारी बने लोगों ने विभिन्न अकाउंट में ट्रांसफर करवा दी। इसके लिए बाकायदा सीबीआई के लेटर हेड पर उन्हें व्हाट्सएप पर लेटर भी भेजा गया। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया। इसके बाद उन्होंने तुरंत उस ट्रांजैक्शन को सीज करने के लिए विभिन्न बैंकों और अन्य सिस्टम से अनुरोध किया। साइबर थाना प्रभारी में लोगों से अपील की कि वह डिजिटल अरेस्ट अथवा अन्य ऐसे किसीभी नए तरह के फ्रॉड को लेकर किसी झांसे में ना आए और इसकी सूचना तुरंत पुलिस अथवा साइबर थाना को दें। उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई नियम नहीं है ,अभी सीबीआई ईडी अधिकारी बनकर अपने आप को ऑफिस में दिखाकर वीडियो कॉल के माध्यम से इस तरह के ब्लैकमेल के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें डॉक्टर रिटायर्ड कर्मचारियों अधिकारियों को टारगेट किया जाता है, ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए।

# कुमारी शैलजा ने सीएम नायब सैनी को लिखा पत्र, कर दी बड़ी मांग

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या और इलाज की सीमित सुविधाएं एक गंभीर मुद्दा है। सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जैसे जिलों में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिवारों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हरियाणा के सभी जिलों के सिविल अस्पतालों में कैंसर उपचार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इससे न केवल मरीजों को प्रदेश में ही उचित इलाज मिल सकेगा, बल्कि उनका समय और संसाधन भी बचेगा।

सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे पत्र में कहा कि हरियाणा में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। विशेष रूप से घग्गर नदी के किनारे पड़ने वाले जिले जैसे सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में सिविल अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के साथ-साथ समुचित उपचार के अभाव में रोगी अपनी बहुमूल्य जान गंवा रहे हैं। बताया गया है कि हरियाणा में हर महीने लगभग 1500 कैंसर रोगी कैंसर से मर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र सिरसा, जिसमें घग्गर नदी के किनारे पड़ने वाले सिरसा, फतेहाबाद जिले शामिल हैं। इन जिलों के कैंसर रोगियों को या तो पीजीआई रोहतक/ चंडीगढ़/राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, झज्जर में इलाज के लिए जाना पड़ता है, जहां रोगियों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण उन्हें अपनी बारी और भर्ती होने आदि के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। उनके पास हरियाणा और हरियाणा से बाहर के निजी अस्पतालों जैसे बीकानेर, जयपुर, दिल्ली में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता, जो आम आदमी के लिए काफी महंगा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार को सभी कैंसर प्रभावित/प्रभावित जिलों के नागरिक अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए, ताकि उन्हें न केवल उचित और समय पर इलाज मिल सके। उनकी जान भी बच सके और उन पर आर्थिक बोझ भी कम हो। उन्होंने आशा व्यक्त





करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस गंभीर चिंता के मामले पर गौर करेंगे और कैंसर रोगियों के व्यापक हित में जल्द से जल्द कैंसर प्रभावित जिलों के सभी नागरिक अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए उचित कदम उठाएंगे।

## 'हमारी चिंता छोड़ें, पहले अपना नेता चुन लें', कृष्ण लाल पवार का हुड्डा पर तीखा कटाक्ष

**रोहतक ।** मौजूदा सरकार के दौरान हुई पहली परिवेदना समिति की बैठक में रोहतक परियोजना समिति के अध्यक्ष विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार ने अधिकारियों को सीधी चेतावनी दे डाली है। उनका कहना है कि विभाग अध्यक्ष को परिवेदना समिति की बैठक में मौजूद रहना अनिवार्य है, अन्यथा सस्पेंड कर दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी सहयोग करें और जो काम करेगा उसे सम्मान मिलेगा। वहीं मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना विधानसभा प्रतिपक्ष नेता ही नहीं बन पा रही तो भाजपा पर सवाल उठाने का उनका कोई अधिकार नहीं है।




कृष्ण लाल पंवार ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना विधानसभा प्रतिपक्ष नेता ही नहीं बन पा रही तो भाजपा पर सवाल उठाने का उनका कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ने कहा कि विकास एवं पंचायत मंत्रालय उनके पास है और मंत्रालय ने यह फैसला लिया है कि प्रदेश के 1000 गांव में पहले फेज के दौरान सभी फिरनी पक्की की जाएगी और स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी।

उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा ईवीएम हैक करने के मामले पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने व अपनी हार की कसक को शांत करने के लिए ईबीएम का राग अलाप रही है। उन्हें अब तो सपने में भी ईबीएम दिखाई दे रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि 1000 गांव में ई लाइब्रेरी भी बनेगी ताकि युवा उनमें पढ़ कर बिना खर्ची पर्ची रोजगार ले सकें। अवैध खनन को लेकर भी मंत्री कृष्ण लाल पवार सख्त नजर आए और उन्होंने कहा कि अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स अवैध खनन को रोकने के लिए काम करेंगे।

## अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन जल्द बनेगा मार्डन रेलवे स्टेशन, विज ने की रेलवे डीआरएम से मुलाकात



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आज अम्बाला रेल मंडल के डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान रेलवे से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

विज ने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कालोनी में विभिन्न कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए इन्हें जल्द पूरा करने को कहा ताकि आम जनता को इसका जल्द से जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन को मार्डन स्टेशन के तौर पर विकसित करने को लेकर डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया से चर्चा की तथा जो-जो कार्य आगे होने है उनको जाना। उन्होंने कहा कि छावनी स्टेशन को मार्डन रेलवे स्टेशन बनाया सके इसके लिए रेलवे जल्द कार्य करे ताकि यात्री सुविधाओं में इजाफा हो सके। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन उत्तर भारत का एक बड़ा रेलवे जंक्शन है और यहां पर रेल सुविधाओं को बढ़ाया जा तथा आधुनिक रूप दिया जाए। स्टेशन को लेकर उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**रेलवे कालोनी की मरम्मत व अन्य कार्यों को लेकर हुई चर्चा**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने डीआरएम को रेलवे कालोनी में सड़कों की मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने कहा कई सड़कों व गलियों की हालत ठीक नहीं है जहां मरम्मत की जरुरत है। इसके अलावा, नालियों व गलियों में सफाई कार्य को और बेहतर करने तथा कालोनी में पानी निकासी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कालोनी में जहां-जहां स्ट्रीट लाइट सही नहीं है उसे भी दुरुस्त किया जाए ताकि रात्रि में लोगों को आने-जाने में परेशानी न झेलनी पड़े।

**'अम्बाला-सहारनपुर रेल मार्ग पर अंडर ब्रिज रि-डिजाइन किया जाए'**

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-सहारनपुर रेलमार्ग पर शास्त्री कालोनी के पास रेलवे अंडर ब्रिज को रि-डिजाइन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंडरब्रिज में पानी निकासी एवं अन्य दिक्कत है जिन्हें ठीक किया जाना जरूरी है, इसलिए यहां नया अंडरब्रिज बनाने के लिए इसके रि-डिजाइन किया जाए।

गौरतलब है कि इस अंडरब्रिज से प्रतिदिन हजारों लोग रेलवे कालोनी, दुधला मंडी, गुलाब मंडी, शिवाला मंडी, शाहपुर, शास्त्री कालोनी, बंधु नगर एवं अन्य कालोनियों से हजारों लोग सदर क्षेत्र की तरफ आते-जाते है और छावनी में यह व्यस्त अंडरब्रिज है।

## अनिल विज का दावा: महाराष्ट्र व झारखंड में बीजेपी बनाएगी सरकार, कांग्रेस के ईवीएम हैक के आरोपों पर भी किया पलटवार

**अंबाला ।** (अमन कपूर) = महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव के बाद अब एग्जिट पोल आ गए है और एग्जिट पोल में महाराष्ट्र में NDA को बढ़त मिलती नजर आ रही है तो वहीं झारखंड में कांटे की टक्कर दिखाई जा रही है जिस पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने दोनों राज्यों में बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया है। बता दें कि जब हरियाणा में चुनाव हुए थे और सभी एग्जिट पोल कांग्रेस की सरकार बनती बता रहे थे, तब भी अनिल विज ने हरियाणा में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनाने का दावा किया था जो सच भी साबित हुआ था।

**ईवीएम कांग्रेस का जीने का सहारा है- विज**

कांग्रेस ने एक बार फिर से हरियाणा में 14 सीटों पर ईवीएम हैक करने का आरोप लगाया है और आज इसको लेकर कांग्रेस पार्टी हाईकोर्ट में जा रही है जिसपर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि ईवीएम कांग्रेस का जीने का सहारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ईवीएम का नाम लेके रोते रहेंगे और तो उनके पास कुछ है नहीं और ये तो हर चुनाव में होता है, जब भी कांग्रेस हारती है तो ईवीएम को लेकर रोती है।

**कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी पर बोले विज**

बता दें कि कुलदीप बिश्नोई बीजेपी पार्टी से नाराज चल रहे है और उन्होंने बीजेपी के सदस्यता अभियान मीटिंग में जाने से इनकार कर दिया है जिस पर




हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई बड़े नेता है और कोई नाराजगी वाली बात नहीं है।

## ज्वेलर्स को लूटने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार, पहले दिन रेकी... फिर कपड़े बदलकर दिया वारदात को अंजाम

**रेवाड़ी ।** रेवाड़ी में 10 दिन पहले एक ज्वैलर्स शोरूम में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (CIA-2) की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान गुरुग्राम के गांव हाजीपुर पातली निवासी वेदपाल व रोहतक के सूर्य नगर निवासी सचिन के रूप में हुई हैं। लूटे गए सोने और हथियार की बरामदगी को लेकर दोनों को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि लूट के इस मामले को ट्रेस करने के लिए एसपी की तरफ से पांच टीमें बनाई गई थी। ये सारी टीमें ही पिछले 10 दिनों से बदमाशों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग जगह छापेमारी कर रही थी। सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने आज दो आरोपियों वेदपाल और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें वेदपाल का क्राइम रिकॉर्ड मिला है, जबकि सचिन पर पहले कोई केस दर्ज नहीं है। उसके पिता रोहतक में ऑटो चलाते हैं, जबकि वह खुद पहलवानी करता था।

डीएसपी ने बताया कि वेदपाल पर 2016 में उसके ही गांव के एक युवक की हत्या का आरोप लगा था। जिसमें उसे 2019 में गुरुग्राम की कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जून 2023 में वह इसी मामले में पैरोल पर जेल से छूटा था। इसके बाद वापस जेल नहीं गया। लूट के इस मामले का मास्टर माइंड वेदपाल ही है। जिसमें चार लोगों की भूमिका पता चली है। तीन लोगों ने शोरूम में खुसकर वारदात की थी, जबकि चौथा आरोपी बाइक लेकर बेकअप के तौर पर कुछ दूर आगे खड़ा हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कोमल ज्वैलर्स के शोरूम पर लूट व फायरिंग की वारदात को रेकी के बाद अंजाम दिया था। आरोपियों ने 10 नवंबर को संडे के दिन शोरूम की रेकी की थी। उसके अगले दिन वारदात को अंजाम दिया। पुलिस से बचने के लिए दोनों दिन आरोपियों ने अलग-अलग कपड़े पहने। हालांकि पुलिस ने बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान की और फिर टेक्निकल टीम की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास जो दो बाइकें दिखाई दी थी, उनमें एक चोरी की और दूसरी उनकी खुद की थी। आरोपियों से लूटा गया सोना, बाइक और हथियार बरामद किए जाने हैं।

बता दें कि 11 नवंबर की सुबह करीब पौने 12 बजे आरोपियों ने बावल के कटला बाजार स्थित कोमल ज्वैलर्स में घुसकर लूट की वारदात की थी। शोरूम मालिक प्रीतम सिंह सोनी और उनका बेटा हरेंद्र एक ग्राहक को सोने के आभूषण दिखा रहे थे। तभी बदमाशों ने धावा बोला और तीन राउंड फायरिंग करते हुए 50 ग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी के अलावा 30 हजार रुपए कैश लूट लिए थे। साथ ही बदमाशों की फायरिंग में एक गोली हरेंद्र को लग गई थी। इस मामले में पुलिस ने लूट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

## करनाल से मनोहर लाल, कुरुक्षेत्र से सीएम सैनी..., भाजपा की सदस्यता अभियान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा की सदस्यता अभियान को गति देने के लिए बीजेपी के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी को कुरुक्षेत्र से नियुक्त किया गया है। इसके अलावा करनाल से मनोहर लाल, सोनीपत से मोहन लाल बड़ौली और कृष्ण पाल गुर्जर को फरीदाबाद से नियुक्त किया गया है।

**बीजेपी का सदस्यता अभियान संगठन का पर्व: बड़ौली**– पंचकूला में बीजेपी के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि बीजेपी का सदस्यता अभियान संगठन का पर्व है। 21 अगस्त से इसकी शुरुआत की गई थी लेकिन इसी बीच प्रदेश में चुनाव होने के कारण सदस्यता अभियान पर रोक लग गई थी। लेकिन 8 अक्टूबर को सीएम को सदस्यता दिलवाने की बाद प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर 313 मंडल है जिनमें सभी पर कार्यशाला की गई है। वहीं, सदस्यता के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। बीजेपी का जो सदस्य बनता है उसका पूरा ब्यौरा दिया जाता हैं। बड़ौली ने कहा कि अब तक प्रदेश में 11 लाख 50 हजार सदस्य बनें हैं और ये अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। 23 और 24 नवम्बर को तीव्र गति से सदस्यता अभियान चलेगा, जिसके तहत 2 दिन में हर बूथ से 100 सदस्य बनाए जाएंगे।

## हरियाणा में नए जिले बनने पर ब्रेक, सरकार ने लगाई रोक...

चंडीगढ़ । हरियाणा में नए जिले, उपमंडल और तहसील बनने को लेकर उठ रही चर्चाओं पर फिलहाल विराम लग गया है। अब जनगणना के बाद ही इस संबंध में आगे कार्रवाई शुरू की जाएगी। जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में जनगणना शुरू होगी, तब तक सरकार ने प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव पर रोक लगा दी है। वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जनगणना का कार्य पूरा होने तक जिला, तहसील और कस्बों की प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव पर रोक लगा दी है। बता दें कि गोहाना, हांसी, असंध, मानेसर और डबवाली को लंबे समय से जिला बनाने की मांग उठाई जा रही है, जबकि कलानौर और बवानी खेड़ा उपमंडल बनने की दौड़ में शामिल हैं। प्रशासनिक सीमाओं के पुनर्गठन से पहले जून में तत्कालीन कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर की अध्यक्षता में गठित कमेटी का भी नए सिरे से गठन किया जाएगा। इस कमेटी में तत्कालीन वित्त मंत्री जेपी दलाल, पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा और शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा शामिल थे, लेकिन इनमें से महिपाल ढांडा को छोड़कर सभी मंत्री चुनाव हार चुके हैं। इसके चलते प्रदेश सरकार को कमेटी का पुनर्गठन करना होगा।

# सिरसा को सीएम ने दी मेडिकल कॉलेज की नायाब सौगात, 1010 करोड़ की लागत से तैयार होगा कॉलेज

**सिरसा ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को सिरसा में बाबा सरसाईनाथ राजकीय मेडिकल मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती राव ने की। इस मौके पर डेरा बाबा सरसाईनाथ के महंत सुंदराईनाथ, सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा, उडीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, स्वास्थ्य विभाग की एसीएस सुमित्रा मिश्रा, डॉ. साकेत कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य गणमान्यों ने मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया। इससे पहले सीएम नायब सिंह सैनी ने पौधरोपण भी किया है।

इसके पश्चात अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा सरसाईं नाथ जी एक महान संत थे। जिन्होंने शाहजहां के बेटे दारा शिकोह को जीवनदान दिया। उनके नाम पर सिरसा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज में आने वाला हर मरीज निरोग होकर जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब 21 एकड़ भूमि में 1010 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज तैयार होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सिरसा में साढ़े पांच एकड़ भूमि पर कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है । प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 15 हो गई है। 10 साल में डबल इंजन की सरकार ने बेहतर काम किया है। पहले हरियाणा में काम धीमा था। मेडिकल कॉलेज भिवानी का काम लगभग पूरा हो चुका है। डबल इंजन की सरकार ने विकास की रफ्तार को बढ़ाया है। फरीदाबाद, पंचकूला, रेवाड़ी में नर्सिंग कॉलेज खोले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर गरीब व्यक्ति को निशुल्क चिकित्सा सेवा मिले।

अब हर गरीब परिवार को मेडिकल सेवाएं मिल रही हैं। पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा योजना दी जा रही है। हरियाणा में चिरायु हरियाणा योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 आयु की उम्र के बुजुर्गों के लिए इलाज मुफ्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा में भी योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से दूर रखें। किसान भाई पेस्टिसाइड का उपयोग कम करें, हमें प्राकृतिक खेती का रास्ता अपनाना चाहिए।



# खाली पेट एक्सरसाइज करने से दोगुनी रफ्तार से घटता है मोटापा

## शोध में हुआ खुलासा

मोटापा आज हर दूसरे व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन चुका है, जिसका एक कारण मधुमेह भी है। डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है। डायबिटीज में शरीर में इंसुलिन का स्राव कम हो जाता है, जिससे खून में ग्लूकोज लेवल बढ़ने लगता है। इंसुलिन एक हॉर्मोन है, जो पाचक ग्रंथि द्वारा बनता है। इसकी जरूरत भोजन को ऊर्जा में बदलने के लिए होती है। एक अध्ययन के अनुसार, भोजन और व्यायाम के समय में बदलाव कर लोग मधुमेह के स्तर पर नियंत्रण रख सकते हैं और ऐसी दिनचर्या बना सकते हैं, जिससे मधुमेह और मोटापे से लड़ने में मदद मिल सके।

ब्रिटेन के बाथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, सुबह के नाश्ते से पहले व्यायाम करने वाले लोग वसा की अधिक मात्रा घटाने में कामयाब होते हैं। इसके उलट, जो सुबह के नाश्ते के बाद व्यायाम करते हैं, उनके शरीर से वसा की मात्रा घटने का अनुपात कम होता है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रायनोलोजी एंड मेटाबोलिज्म में प्रकाशित शोध के अनुसार, सुबह व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए बेहतर है । शोधकर्ताओं ने छह हफ्ते तक मोटापे के शिकार या अतिरिक्त वजन वाले 30 पुरुषों पर शोध करने के लिए उन्हें दो समूहों में बांटा। एक समूह में उन्हें रखा गया, जिन्होंने सुबह के नाश्ते के पहले व्यायाम किया और दूसरे में उन्हें रखा गया, जिन्होंने नाश्ते के बाद व्यायाम किया। शोधकर्ताओं ने कहा कि छह हफ्ते चले शोध में भाग लेने वालों का वजन कम नहीं हुआ, लेकिन इससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव अवश्य पड़ा।

शोध में प्रतिभागियों के शरीर ने इंसुलिन के प्रति बेहतर प्रतिक्रिया दी, उनके रक्त में शर्करा की मात्रा नियंत्रण में रही और मधुमेह और दिल की बीमारी की आशंका कम देखी गयी। अध्ययन के सह-लेखक जेवियर गोंजालेज ने कहा कि 'हमारे परिणाम बताते हैं कि जब आप व्यायाम करते हैं, तो आप अपने स्वास्थ्य में बदलाव ला सकते हैं।' हालांकि शोधकर्ताओं के अनुसार, नाश्ते से पहले व्यायाम करने वालों की मांसपेशियों में प्रोटीन की मात्रा में अधिक वृद्धि देखी गई। विशेष रूप से उन लोगों में, जिनका शरीर ग्लूकोज को रक्तप्रवाह से मांसपेशियों में ले जाता है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया कि छोटे समय के अध्ययन में केवल पुरुष शामिल थे और वे इस प्रकार के व्यायाम के दीर्घकालिक प्रभावों का पता लगाने की कोशिश करेंगे। वे यह जानने का प्रयास करेंगे कि क्या इससे महिलाओं को भी पुरुषों के समान लाभ होता है।



# ब्लड शुगर बढ़ने से रोकते हैं ये 3 देसी अनाज



जब डायबिटीज आप पर हमला करता है, तो इसका मतलब आपको तुरंत अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। अपनी डाइट में शुगर कम करना, प्रॉसेस्ड खाद्य पदार्थों की कटौती करना और अपने आहार में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को सीमित करना शामिल है।

ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने का मतलब यह नहीं है कि आप पोषण पर समझौता करें। अनाज भारतीयों के लिए एक मुख्य भोजन है और उनमें पोषक तत्वों का खजाना है, जो आपके शरीर के लिए अच्छा है। अच्छे के लिए खराब को स्वैप करना और अपने आहार में कुछ स्वस्थ और अनाज को शामिल करना डायबिटीज को सुधारने में मदद करता है। जब यह बेमेल शर्करा के स्तर को कम करने की बात आती है, तो आपको आदर्श रूप से उन खाद्य पदार्थों को देखना चाहिए जिनमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, यानी, जो पचने में अधिक समय लेते हैं और शरीर में उर्जा को बरकरार रखते हैं। अनाज की पोषण संबंधी जानकारी की पहचान करना इस प्रकार की बीमारी के प्रबंधन में सहायक हो सकता है। कुछ खाद्य पदार्थ हैं जो आपके डायबिटीज को मैनेज कर सकते हैं।

### बाजरा

बाजरा ऊर्जा का निर्माण करता है। यह मैग्नीशियम का एक अच्छा स्त्रोत है, जो आदर्श इंसुलिन स्राव और रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार एंजाइम के उत्पादन में मदद करता है। अध्ययनों में पाया गया है कि नियमित रूप से बाजरे का उपभोग करने टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को कम किया जा सकता है। साथ ही, इसमें पौष्टिक फाइबर होता है जो विषाक्त पदार्थों और ब्लड लिपिड के स्तर को कम करता है।

### रामदाना

रामदाना का लंबे समय से पारंपरिक रूप से उपयोग किया जाता है और इसके कई लाभ भी हैं। आपको बता दें कि, अनाज शुगर का प्रबंधन करने की क्षमता के लिए और भी अधिक लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। रामदाना एक ग्लूटेन-फ्री अनाज है, जो अमीनो एसिड, आयरन, पोटैशियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो शरीर के चयापचय को स्थिर करता है और सुनिश्चित करता है कि इंसुलिन के स्तर सहित सभी कार्य उसी के अनुसार काम करें।

### बकव्हीट

हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि उपवास के दौरान बकव्हीन (एक प्रकार का अनाज) खाना मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। यह अनाज सक्रिय रूप से अच्छे फाइटोन्यूट्रिएंट्स, फाइबर की आपूर्ति करके और बढ़ती इंसुलिन स्राव को कम करके जीर्ण शुगर की समस्या के प्रबंधन में बहुत मददगार हो सकता है।

## रेसिपी




### पेरी पेरी चिकेन

**सामग्री**

- बारीक कटी लहसुन की कलियां
- क्रश्ड रेड पेपर फ्लेक्स: ½ टीस्पून
- रेडीमेड स्मोक्ड पैपरिका पाउडर: 1 टेबलस्पून
- नींबू का रस: ¼ कप
- ऑलिव ऑयल: ¼ कप
- रेड वाइन विनेगर: 1 टेबलस्पून

**विधि**

पेरी पेरी मैरिनेशन बनाने के लिए सभी चीजों को ब्लैंड्र में डालकर प्यूरी बना लें। चिकेन ब्रेस्ट के पीसेज को चाकू से गोदकर फ्लैट करें। प्लास्टिक बैग में चिकेन पीसेज को डालकर इसमें पेरी पेरी मैरिनेशन डालें। नमक और काली मिर्च पाउडर डालें। अच्छी तरह मिलाएं। करीब 4-5 घंटे या रातभर के लिए फ्रिज में रख दें। अवन को 200 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। बेकिंग ट्रे में ऑलिव ऑयल का स्प्रे करें। चिकेन ब्रेस्ट के पीसेज को रखें। साइड में लंबी स्लाइसेज में कटे पेपर्स रखें। ऊपर से ताज़े हर्ब्स डालें। लगभग 20 मिनट के लिए इसे बेक करें। प्लेट में निकालें। साइड में नींबू की स्लाइसेज डालकर सर्व करें।



### मिक्स पराठे

**सामग्री**

■ गेहूं का आटा: 2 कप ■ गाजर: 1/4 कप कटी हुई ■ पत्तागोभी: 1/2 कप कटी हुई, ■ शिमला मिर्च: 1/4 कप कटी हुई ■ प्याज: 1/4 कप बारीक कटा हुआ ■ मेथी: 2 टेबलस्पून बारीक कटी हुई ■ अदरक-लहसुन पेस्ट: 1 टीस्पून ■ हल्दी पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ हरी मटर: 1/4 कप ■ हरा धनिया:1 टेबलस्पून ■ हरी मिर्च: 1 बारीक कटी हुई ■ गरम मसाला: 1/4 टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ लाल मिर्च: 1/2 टीस्पून ■ तेल या घी: 2 टीस्पून ■ नमक: स्वादानुसार

**विधि**

एक पैन में धीमी आंच पर तेल गरम करें। उसमें गाजर, गोभी, शिमला मिर्च, हरी प्याज, मेथी के पत्ते और अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक और हल्दी पाउडर डालकर भूनें। सब्जियां नरम हो जाएं, तब तक इन्हें भूनें। इसमें लगभग 3 से 4 मिनट तक का समय लगेगा। फिर मटर को मैश करके उसमें मिक्स करें और थोड़ी देर में गैस बंद कर दें। सब्जियों को 5 मिनट के लिए ठंडा होने दें। एक बाउल में गेहूं का आटा, तेल और नमक डालें। उसमें पकी हुई सब्जियों का पेस्ट, कटी धनिया, कटी हरी मिर्च, सारे मसाले डालकर उन्हें अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटे को गूंद लें और 10 मिनट के लिए ढककर रख दें। इसके बाद आप आटे की गोली बनाकर उसे हल्के हाथ से धीरे-धीरे बेलें और फिर तवे पर तेल या घी डालकर धीमी आंच पर सुनहरा होने तक सेक लें। इसके बाद दही या अचार के साथ गरमा-गरम सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 3358




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 3357 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

ज्यादातर फिल्में शादी होने का दृश्य दिखाकर ही क्यों खत्म हो जाती हैं ?

ताकि शादी के बाद के दुखद दृश्य न देखने पड़ें.

नर्स, मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूँ, मैं अब अच्छा नहीं होना चाहता.

नर्स बोली-तुम अब अच्छे हो भी नहीं सकते क्योंकि डॉक्टर भी मुझसे प्रेम करता है और उसने मुझे तुमसे प्यार करते हुए देख लिया है.

अविवाहिता-क्या तुम अपनी किसी सबसे बड़ी बेवकूफी का प्रमाण दे सकते हो?

अविवाहित-तुमने प्यार कर लिया, यह क्या छोटा प्रमाण है?


सुनीता-पता नहीं इस बार साड़ियों के कौन-कौन से नये डिजाइन निकलेंगे ?

मोहन-वही दो ! एक जो तुम्हें पसन्द नहीं आयेगा. दूसरा वह जिसे खरीदने के लिए मेरे पास रुपये नहीं होंगे.

एक पति ने अपनी घरवाली से पूछा-युधिष्ठिर भी जुआ खेले थे, फिर तू मुझे क्यों रोकती है ?

घरवाली ने कहा -नहीं रोकूंगी, लेकिन याद रखना कि द्रौपदी के भी पांच पति थे.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3358




**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी ?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3357**



## सूडोकु -3358


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3357 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 3358




**बाएँ से दाएँ**

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदूढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -3357 का हल**



# ब्रिटेन में हजारों किसानों ने ट्रैक्टरों सहित संसद के बाहर किया प्रदर्शन




**लंदन, एजेंसी।** हजारों ब्रिटिश किसानों ने मंगलवार को संसद के बाहर प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने एक नए कर नियम के खिलाफ आवाज उठाई। उनका कहना है कि यह नियम पारिवारिक खेती को बर्बाद कर देगा। किसान बैनर, टॉय ट्रैक्टर और नारों के साथ सड़कों पर उतरे। सरकार के फैसले से गुस्साए किसानों का कहना है कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। सरकार ने हाल ही में बजट में एक पुराने कर छूट नियम को समाप्त करने का फैसला किया है। यह नियम कृषि भूमि को इनहेरिटेंस टैक्स से छूट देता था। अप्रैल 2026 से, 10 लाख पाउंड (लगभग 13 करोड़ रूपए) से अधिक मूल्य वाली कृषि भूमि पर मालिक की मृत्यु के बाद इसे अगली पीढ़ी को देने पर 20 प्रतिशत टैक्स लगेगा। किसानों का कहना है कि यह नियम उनके लिए अंतिम झटका साबित होगा। प्रदर्शन के सह-आयोजक ओल्ली हैरिसन ने कहा, हर कोई नाराज है। हम सड़कों को जाम करने और फ्रांस के किसानों जैसे विरोध की तैयारी में हैं। किसानों ने डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ ट्रैक्टरों पर द फाइनल स्ट्रॉ और नो फार्मर्स, नो फूड जैसे नारों के पोस्टर लगे हुए थे। बच्चों ने छोटे ट्रैक्टरों के साथ संसद स्क्वायर के आसपास मार्च निकाला। मशहूर टीवी होस्ट और किसान जेरेमी क्लार्कसन भी इस रैली में शामिल हुए। 1,800 किसानों को नेशनल फार्मर्स यूनियन (एनएफयू) ने संसद के अंदर जाकर सांसदों से बात करने का मौका दिया। एनएफयू के अध्यक्ष टॉम ब्रैडशॉ ने कहा, यह नीति ब्रिटेन की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। किसानों का कहना है कि ब्रेक्सिट, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक अस्थिरता के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही खराब है। अब यह नया कर नियम उनके लिए असहनीय है। किसानों की औसत आय पहले से ही कम हो गई है। उदाहरण के लिए, मवेशी पालने वाले किसानों की औसत आय केवल 17,000 पाउंड (21 लाख रूपए) है। प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की सरकार का कहना है कि 75 प्रतिशत किसानों पर यह कर लागू नहीं होगा। इसके अलावा, कई छूट के कारण किसान दंपति अपनी संपत्ति का 30 लाख पाउंड (39 करोड़ रूपए) तक टैक्स-मुक्त हस्तांतरण कर सकते हैं। पर्यावरण मंत्री स्टीव रीड ने कहा, यह कर उन अमीर लोगों से वसूला जाएगा जिन्होंने निवेश के लिए कृषि भूमि खरीदी है। इससे युवा किसानों के लिए जमीन खरीदना महंगा हो गया है। किसानों का कहना है कि कृषि भूमि का कागजी मूल्य अधिक हो सकता है, लेकिन उनकी वास्तविक आय बहुत कम होती है। अगर यह नियम वापस नहीं लिया गया।

## रूस के भीतर लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल के विरोध में स्लोवाकिया, पीएम फिको ने की अमेरिकी फैसले की आलोचना

**ब्राटिस्लावा, एजेंसी।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने सोमवार को यूक्रेन द्वारा रूस के खिलाफ लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों के इस्तेमाल करने का विरोध किया है। यह जानकारी स्लोवाकिया गणराज्य की समाचार एजेंसी (टीएएसआर) ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से बताया कि यूक्रेन संकट पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी प्रशासनिक नीति में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत बाइडेन ने कीव को रूस के अंदर हमला करने के लिए अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति दे दी है। एसोसिएटेड प्रेस, द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट सहित अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने दो अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस हरी झंडी से यूक्रेनी सेना को अमेरिका निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों को पहली बार उपयोग करने की अनुमति मिल जाएगी। टीएएसआर की रिपोर्ट के अनुसार, फिको ने देश के विदेश मंत्री जुराज ब्लानर और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनाक को इस कदम का समर्थन न करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी कार्यालय ने फिको के हवाले से कहा, यह तनाव में अभूतपूर्व वृद्धि है। बता दें कि सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों का इस्तेमाल करने की हरी झंडी दे दी। अमेरिकी मीडिया की खबरों के मुताबिक उत्तर कोरिया की ओर से युद्ध में मास्को की मदद के लिए हजारों सैनिकों की कथित तैनाती के जवाब में यूएस प्रेसिडेंट ने यह फैसला लिया है। सोल और वाशिंगटन दोनों ने इस बात का दावा कर रहे हैं कि रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की लंबे समय से यह मांग करते आए हैं कि रूस के अंदर लक्ष्यों को भेदने के लिए कीव को आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। एटीएसीएमएस 300 किमी (186 मील) तक जा सकती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### हमारे नेता कतर छोड़ नहीं गए तुर्की, इजरायल के दावे पूरी तरह से अफवाह- हमास



**गाजा, एजेंसी।** हमास ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि उसके कुछ नेता कतर से तुर्की चले गए हैं। एक आधिकारिक बयान में, हमास के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि इजरायली मीडिया द्वारा फैलाए गए दावे पूरी तरह से अफवाहें हैं जिन्हें इजरायल समय-समय पर बढ़ावा देने का प्रयास करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रविवार को इजरायली मीडिया ने खबर दी कि विदेश में स्थित हमास के कई नेता हाल ही में कतर से तुर्की चले गए हैं। इससे पहले सोमवार को तुर्की के विदेश मंत्रालय ने इजरायली मीडिया की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा कि हमास के राजनीतिक ब्यूरो के तुर्की में स्थानांतरित होने के दावे सच्चाई को नहीं दर्शाते हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम लागू करने और मध्य पूर्व में परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र बनाने की अपील की। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, यूएन चीफ ने यह बात परमाणु हथियारों और अन्य सामूहिक विनाश के हथियारों से मुक्त मध्य पूर्व क्षेत्र की स्थापना- विषय पर सम्मेलन के पांचवें सत्र में एक वीडियो संदेश में कही। गुटेरेस ने कहा कि इस तरह के क्षेत्र का विचार दशकों पुराना है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्षों और तनावों के चरम पर पहुंचने के साथ, यह लक्ष्य दिन-प्रतिदिन और अधिक जरूरी होता जा रहा है। यूएन महासचिव ने कहा कि एक साल से अधिक समय से गाजा एक विनाशकारी दौर से गुजर रहा है। यह संकट पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में लेने की चेतावनी दे रहा है। इस बीच हम सभी लेबनान में बढ़ते तनाव से चिंतित हैं। 7 अक्टूबर इजरायल में हमास के बड़े हमले के जवाब में यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इसके साथ ही इजरायली सेना 23 सितंबर से लेबनान पर एयर स्ट्राइक कर रही है। उसने सीमा पार एक सीमित जमीनी अभियान भी चलाया है, जिसका उद्देश्य कथित तौर पर हिजबुल्लाह को कमजोर करना है।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई की पूर्व सीईओ बनेंगी अमेरिका की शिक्षा मंत्री, डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप लगातार विभागों का बंटवारा कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने शिक्षा विभाग का जिम्मा लोकप्रिय डब्ल्यूडब्ल्यूई यानी वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट की सीईओ और पेशेवर कुश्ती खिलाड़ी लिंडा मैकमोहन को सौंपा है। इससे पहले वह अरबपति एलन मस्क समेत कई बड़े नामों को सरकार का काम सौंप चुके हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने मैकमोहन को शिक्षा विभाग का मंत्री नामित किया है। हालांकि, इससे पहले भी वह ट्रंप सरकार का हिस्सा रह चुकी हैं। मैकमोहन ने 2017 से 2019 तक ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान लघु व्यवसाय प्रशासन का नेतृत्व किया था। वह कनेक्टिकट में अमेरिकी सीनेट के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में दो बार चुनाव लड़ीं लेकिन असफल रहीं। मैकमोहन ने 2009 से एक साल तक 'कनेक्टिकट बोर्ड ऑफ एजुकेशन' में काम किया और कनेक्टिकट में 'सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी' के 'बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज' में कई साल बिताए। शिक्षा जगत में उन्हें अपेक्षाकृत अज्ञात माना जाता है, हालांकि उन्होंने 'चार्टर स्कूलों' और 'स्कूल चॉइस' के लिए समर्थन व्यक्त किया है। अमेरिका में 'चार्टर स्कूल' सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्कूल होते हैं जो अपने स्थानीय जिले से स्वतंत्र रूप से संचालित होते हैं। 'स्कूल चॉइस' शिक्षा के विकल्पों को दर्शाता है जिसके तहत छात्रों और परिवारों को सार्वजनिक स्कूलों के विकल्प चुनने की अनुमति मिलती है। मैकमोहन ने अमेरिकी सीनेट के चुनाव के लिए 2009 में डब्ल्यूडब्ल्यूई को अलविदा कह दिया था। उन्हें ट्रंप के लिए बड़ा डोनेशन देने वालों में गिना जाता है।

### तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडराया, यूरोपीय देशों ने भोजन, पानी जमा करने को कहा

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे ने आपातकालीन पुस्तिकाएं भी जारी कीं जिसमें लोगों को संपूर्ण युद्ध सहित किसी आपातकालीन स्थिति में एक सप्ताह तक प्रबंधन करने की सलाह दी गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध को खतरनाक रूप से बढ़ाते हुए, यूक्रेनी बलों ने मंगलवार देर रात रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में छह अमेरिकी निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलें दागीं। इसे मॉस्को द्वारा एक बड़े उकसावे के रूप में देखा जाएगा और एक जोरदार जवाबी कार्रवाई की संभावना है। कई नाटो देश अपने नागरिकों से युद्ध के लिए तैयार रहने को कह रहे हैं। परमाणु युद्ध का खौफनाक ख़तरा पहले से कहीं ज़्यादा नज़दीक नज़र आ रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस सीमा को कम कर दिया जब रूस परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकता था। यह तब हुआ जब यूक्रेन ने रूस के अंदर लक्ष्यों पर लंबी दूरी की छह अमेरिकी मिसाइलें दागीं। नाटो देशों ने युद्ध की आशंका गहराने की आशंका को भांपते हुए अपने नागरिकों को पर्चे जारी किए, जिसमें उन्हें युद्ध की तैयारी करने की सलाह दी गई।

## रूस ने भारत-चीन संबंधों के लिए समर्थन दोहराया, कहा- हर संभव तरीके से योगदान करने के लिए तैयार

**मास्को, एजेंसी।** पेसकोव ने पुष्टि की कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की योजना बनाई जा रही है, फिलहाल तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पेसकोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जल्द ही हम उनकी यात्रा की सटीक तारीखों पर काम करेंगे। बेशक, प्रधान मंत्री मोदी की दो रूस यात्राओं के बाद, अब हमारे पास राष्ट्रपति की भारत यात्रा है, इसलिए हम इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह यात्रा 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मास्को की प्रतिबद्धता दोहराई। पेसकोव ने कहा कि हम दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने के लिए तैयार हैं। एएनआई से बात करते हुए, पेसकोव ने रूस के तटस्थ रुख पर जोर दिया और रूस के कज़ान में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हालिया द्विपक्षीय बैठक के दौरान एक मेजबान के रूप में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला। हमें खुशी है कि दोनों नेताओं को कज़ान में अपनी द्विपक्षीय बैठक करने का अवसर मिला। यह दुनिया में हर किसी के लिए वास्तव में अच्छी खबर थी। लेकिन फिर, यह भारत और चीन की एक द्विपक्षीय पहल थी।

## पूर्व कनाडाई पीएम हार्पर ने ट्रूडो सरकार को फटकारा, कहा- खालिस्तानियों और जिहादियों को बढ़ावा देना बंद करो



**टोरंटो, एजेंसी।** पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने कनाडा की ट्रूडो सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि वह खालिस्तानियों और जिहादियों जैसे विभाजनकारी समूहों को बढ़ावा देना बंद करे। हार्पर, जो 2006 से 2015 तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे, ने कनाडा की आव्रजन और विदेशी नीतियों की तीखी आलोचना की। हार्पर ने यह टिप्पणी अब्राहम ग्लोबल पीस इनिशिएटिव (एजीपीआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। इस दौरान उन्होंने एजीपीआई के संस्थापक और सीईओ एवी बैनलो के साथ चर्चा की। बैनलो ने नेशनल पोस्ट में प्रकाशित अपने लेख में हार्पर के बयान को उद्धृत करते हुए लिखा कि हार्पर ने कहा, हमें जिहादियों, यहूदी विरोधियों, खालिस्तानियों, तमिल टाइगर्स और अन्य विभाजनकारी समूहों को बढ़ावा देना बंद करना होगा। हमें अपनी आव्रजन प्रणाली पर सख्त सवाल उठाने की जरूरत है कि हम लोगों को कैसे चुनते हैं।

हार्पर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कनाडा और भारत के संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत थे, लेकिन वर्तमान में दोनों के बीच तनाव बढ़ गया है। तनाव तब बढ़ा जब कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों पर आरोप लगाए। भारत ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया और ट्रूडो से सबूत मांगे, जो उन्होंने अभी तक पेश नहीं किए हैं। हार्पर ने खालिस्तानी मुद्दे को कनाडा की नीतियों का हिस्सा बनाने पर सवाल उठाया और कहा कि आव्रजन नीति में सुधार की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यहां विभाजनकारी विचारधाराओं को बढ़ावा न मिले। हम अपने समाज में पुराने नफरतों को नहीं ला सकते। इसे रोकने के लिए हमें कदम उठाने होंगे। वर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी समर्थकों के बारे में कहा कि वे पूरे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत समर्थक हिंदू भी पूरे हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। हालांकि, ट्रूडो को खालिस्तानी समूहों के प्रति नरम रुख रखने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है। हार्पर ने कनाडा की आव्रजन नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह नीति उन लोगों को शामिल कर रही है जो विभाजनकारी और हिंसक विचारधारा रखते हैं। उन्होंने एजीपीआई कार्यक्रम में यह भी कहा कि कनाडा को अपनी नीतियों को संतुलित करना होगा ताकि बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा, भारत के जी-20 अनुभव से बहुत कुछ सीखा



**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि ब्राजील ने दो दिवसीय जी-20 रियो शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत के अनुभव से बहुत कुछ सीखा है। राष्ट्रपति लूला ने पीएम मोदी की दूसरे और अंतिम दिन की बैठक के शुरुआत में म्यूजियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में द्विपक्षीय बैठक में उनका स्वागत किया।

बैठक के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और पिछले वर्ष जी-20 के आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी। लूला ने कहा कि ब्राजील ने रियो शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारतीय अनुभव से बहुत कुछ सीखा है। बैठक के दौरान, राष्ट्रपति लूला ने 2025 में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को अगले साल राष्ट्रपति लूला और प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने में खुशी होगी और वह 2025 में ब्राजील की राजकीय यात्रा की दिशा में काम करेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति लूला के साथ बातचीत की। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। हमने अपने देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का मूल्यांकन किया और ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा, कृषि आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। पीएम मोदी ने जी-20 के कार्य को जारी रखने और समूह के एजेंडे के मुद्दों पर प्रगति के लिए ब्राजील की अध्यक्षता की प्रशंसा की। दोनों नेताओं ने जैव ईंधन, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की। रियो शिखर सम्मेलन पिछले वर्ष के जी-20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाता है, जहां विशेष रूप से उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई थी। बैठक में ब्राजील के मंत्री माउरो विएरा (विदेश मामले), फर्नांडो हद्दाद (वित्त), एलेक्जेंडर सिल्वेरा (खान और ऊर्जा), लुसियाना सैंटोस (विज्ञान और प्रौद्योगिकी), साथ ही विकास, उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के कार्यकारी सचिव मार्सिओ एलियास रोजा ने भी भाग लिया।

## पोलियो के खिलाफ पाकिस्तान की लंबी लड़ाई का अंत नहीं, सक्रिय मामले 50 तक पहुंचे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पोलियो को जड़ से मिटाने के लिए पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों से नए मामले सामने आने के बाद मंगलवार को देश में सक्रिय पोलियो मामलों की कुल संख्या 50 तक पहुंच गई। अब तक बलूचिस्तान से कम से कम 24 मामले, सिंध से 13, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) से 11, पंजाब और इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं। मंगलवार को एक बच्ची में वाइल्ड पोलियोवायरस (डब्ल्यूपीवी1) पाया गया, जो केपी के टैंक जिले से पोलियो वायरस का दूसरा मामला है।

पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों में पोलियो टीकाकरण अभियान का विरोध भी हो रहा है और यहां तक ??कि स्वास्थ्य कर्मियों पर भी हमला हुआ है जिसमें लोगों की जान भी गई। टारगेटेड अटैक के खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिखने के कारण, पोलियो टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाना लगभग असंभव हो गया है, जिससे बच्चों के संक्रमित होने की संभावना बढ़ गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न भागों में पोलियो के मामलों में उत्साहजनक गिरावट देखी गई है। हालांकि उसने चेतावनी दी है कि नवीनतम मामलों का पता चलना एक खतरनाक और चिंताजनक संकेत है। यह दर्शाता है कि कई जिलों में बच्चे अभी भी जोखिम में हैं। पाकिस्तान और पड़ोसी अफगानिस्तान, दुनिया के दो ऐसे देश हैं जहां पोलियो अभी भी स्थानिक है। अतीत में, पाकिस्तान ने सालाना 300 मिलियन से अधिक ओरल वैक्सीन लगाए हैं। लेकिन यह बीमारी देश में अभी भी व्याप्त है।

कई विश्लेषकों ने पोलियो वायरस के प्रसार को संभालने में पाकिस्तान सरकार की निरंतर नाकामी पर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान के प्रति विरोध तब बढ़ा जब अमेरिकी जासूसी एजेंसी सीआईए ने देश में अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन का पता लगाने के लिए एक फर्जी हेपेटाइटिस टीकाकरण अभियान चलाया।

दुनिया के सबसे वॉन्टेड आतंकवादियों में से एक, बिन लादेन को 2011 में केपी के एबटाबाद में यूएस नेवी सील के ऑपरेशन में मार दिया गया। कई धार्मिक नेताओं का यह भी मानना ??है कि पोलियो टीकाकरण की बूंदों में सूअर का मांस और शराब के अंश होते हैं, जो इस्लाम में निषिद्ध है।

## पाकिस्तान की अदालत ने दंगों को लेकर पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पर तय किए आरोप



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और 20 अन्य लोगों के खिलाफ नौ मई 2023 के दंगों के संबंध में आरोप तय कर दिए हैं। अदालत के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उपाध्यक्ष कुरैशी ने सोमवार को कोट लखपत जेल में सुनवाई के दौरान तय किए गए आरोपों को बेबुनियाद करार दिया और इन्हें राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि ये मामले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेतृत्व को दबाने के लिए गढ़े गए हैं।

जिन वरिष्ठ नेताओं पर आरोप तय किए गए हैं उनमें पीटीआई की पंजाब इकाई के अध्यक्ष यास्मीन रशीद, सीनेटर एजाज चौधरी, पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा, पूर्व प्रांतीय मंत्री मियां महमूदुर राशिद, पूर्व सांसद आलिया हमजा, रूबीना जमील तथा सोशल मीडिया कार्यकर्ता सनम जावेद शामिल हैं। सुनवाई की अध्यक्षता आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मंज़र अली खान ने की। एक विशेष अभियोजक ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें थाने पर हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति को आग लगाने और कानून प्रवर्तन कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार जैसे आरोप शामिल थे। अदालत के अधिकारी के मुताबिक, सभी आरोपियों ने आरोपों से इनकार किया और खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के पास अपने दावों को पुष्ट करने के लिए सबूतों का अभाव है। अदालत ने अभियोजन पक्ष को 25 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान अपने गवाह पेश करने का निर्देश दिया।

नौ मई 2023 को खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। पत्रकारों से बात करते हुए कुरैशी ने खान के प्रति अपनी निष्ठा जतायी। खान अगस्त 2023 से 200 से अधिक मामलों को लेकर जेल में बंद हैं। कुरैशी ने इन मामलों को बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि इन्हें पीटीआई नेतृत्व को दबाने और उन्हें अवैध रूप से जेल में रखने के लिए गढ़े गए हैं। कुरैशी ने पीटीआई कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 24 नवंबर को इस्लामाबाद में प्रस्तावित विरोध मार्च में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह रैली राजनीतिक कैदियों की आजादी, स्वतंत्र न्यायपालिका की बहाली और इमरान खान की रिहाई के लिए है।

**ईरान में जेल में बंद नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ीं : तेहरान, एजेंसी।** ईरान में जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी एक जटिल सर्जरी से गुजरीं, जिसके तहत उनके दाएं पैर की एक हड्डी का कुछ हिस्सा कैंसर की आशंका के चलते हटा दिया गया। हालांकि, अधिकार समूहों के मुताबिक, नरगिस को सर्जरी के महज दो दिन बाद वापस जेल भेज दिया गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को भेजे गए 40 से अधिक अधिकार समूहों के हस्ताक्षर वाले एक पत्र में नरगिस को उन आरोपों में सुनाई गई जेल की सजा से तत्काल चिकित्सकीय फर्लो पर रिहा करने का आग्रह किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुमित वुड्स लिमिटेडने क्यू2 एफवाय25 में एकीकृत शुद्ध लाभ में 171 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी

**मुंबई , एजेसी।** सुमित वुड्स लिमिटेड जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और सामुदायिक स्थानों के निर्माण में समर्पित है, ने क्यू2 एफवाय25 के लिए अपने अप्रत्यक्ष वित्तीय परिणामों की घोषणा की। सुमित वुड्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मिताराम जांगिड ने कहा, मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जो हमारी केंद्रित रणनीति और प्रमुख प्रकल्पों में निरंतर सफलता को दर्शाता है। हमारी आय और लाभ में वृद्धि सुमित अतुल्यम जैसे रणनीतिक प्रकल्पों की सफलता के परिणामस्वरूप हुई है, और प्रभादेवी और दत्तानी ट्रेड सेंटर में हमारे नए प्रकल्पों के आसपास सकारात्मक घटनाक्रमों के कारण हुई है। ये मील के पत्थर यह दर्शाते हैं कि हम लगातार मूल्य सृजन करने और वृद्धि के लिए नए अवसरों को खोलने में सक्षम हैं। प्रमुख प्रकल्पों की समाप्ति और आर्केन्सिएल के लिए ऑक्युपन्सी सर्टिफिकेट और सुमित चरक्र परम के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र जैसे महत्वपूर्ण अनुमोदनों की प्राप्ति यह साबित करती है कि हम समय पर गुणवत्ता वाले प्रकल्प देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रभादेवी और दत्तानी जैसे उच्च-मूल्य पुनर्विकास प्रकल्पों के लिए विकसक के रूप में चयन होना रियल एस्टेट क्षेत्र में हमारी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करता है।

### फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**चेन्नई, एजेसी।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड एक क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो, ने एच1 एफवाय 2024-25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी: फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री बेजॉय अर्पुथराज ने कहा, फैंटमएफएक्स में हमने जो उल्लेखनीय प्रगति और वृद्धि हासिल की है, उस पर मुझे अत्यधिक गर्व है। इस छमाही में कंपनी के लिए एक परिवर्तनकारी समय रहा है, जिसमें राजस्व में 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 79 करोड़ तक पहुंच गया है– जिसमें से 35 करोड़ एच1 में प्राप्त हुए, जबकि शेष 44 करोड़ की बिलिंग ॥2 में अपेक्षित है। हम एफवाय 23-24 के हमारे प्रदर्शन के अनुरूप सतत परिचालन मार्जिन बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

### इंस्पायर फिल्म्स ने एच1 एफवाय25 के परिणामों की घोषणा की

**मुंबई , एजेसी।** इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड जो कि एक प्रमुख कंटेंट क्रिएशन और प्रोडक्शन कंपनी है, ने एच1 एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 20-एपिसोड रोमांस ड्रामा के लिए वैश्विक ओटीटी सौदा प्राप्त: डिजिटल मनोरंजन में रणनीतिक विस्तार, एक बेस्टसेलिंग उपन्यास की लोकप्रियता का लाभ उठाकर वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने की कोशिश। भारतीय प्रसारण नेटवर्क के साथ प्रमुख वितरण सौदा: एक प्रमुख जीईसी पर प्रसारित होने वाली तीन वेब श्रृंखलाएं, विविध शैली की पेशकशों के माध्यम से इंस्पायर फिल्म्स के राजस्व और दर्शकों के आधार को बढ़ाएंगी। फ्रेश मिंट भारत की युवा पीढ़ी को संबंधित कहानियों और विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर नए राजस्व अवसरों के साथ लक्षित करता है।

# टाटा पावर ने पड़ोसी देश की कंपनी से की डील, क्लीन एनर्जी पर मिलकर करेंगे काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पावर ने भूटान में 5,000 मेगावाट की क्लीन एनर्जी कैपिसिटी के डेवलपमेंट के लिए एक बड़ी डील की है। यह डील भूटान की कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ की गई है। बता दें कि डीजीपीसी, ड्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड की सब्सिडयरी है। यह भूटान की एकमात्र बिजली उत्पादन कंपनी है।

टाटा पावर ने कहा कि यह एशिया के क्लीन एनर्जी सेक्टर में दोनों देशों की दो प्रमुख बिजली कंपनियों के बीच सबसे बड़ी साझेदारी है। इस डील के तहत कम-से-कम 5,000 मेगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट विकसित की जाएंगी। इसमें 1,125 मेगावाट क्षमता की डोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना सहित 4,500 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, टाटा पावर की सब्सिडयरी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड 500 मेगावाट की




सोलर प्रोजेक्ट्स (टीपीआरईएल) विकसित करेगी।

टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा- टाटा पावर की ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के साथ साझेदारी क्षेत्र में पसंदीदा क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट के रूप में हमारी साख को मजबूत करती है। हम मिलकर 5,000 मेगावाट की क्लीन एनर्जी कैपिसिटी सृजित करेंगे। यह पार्टनरशिप भूटान की जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने में मदद करेगी और भरोसेमंद तथा 24 घंटे क्लीन एनर्जी आपूर्ति के जरिये दोनों देशों की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करेगी।

बता दें कि टाटा पावर का 2008 से डीजीपीसी के साथ एक लंबे समय से संबंध रहा है। उस समय दोनों कंपनियां भूटान के जलविद्युत क्षेत्र में पहली सार्वजनिक-निजी भागीदारी के रूप में 126 मेगावाट क्षमता की दगाछू जलविद्युत संयंत्र को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए साथ आई थीं। टाटा पावर के पास 1,200 किलोमीटर लंबी टाला ट्रांसमिशन लाइन परियोजना भी है। कंपनी इसके जरिये भूटान से भारत तक स्वच्छ बिजली पहुंचाती है।

#### टाटा पावर के शेयर का हाल

बीते कुछ समय से टाटा पावर के शेयर में उतार-चढ़ाव का माहौल है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को टाटा पावर के शेयर 0.83 प्रतिशत बढ़कर 408.10 रुपये पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 417.80 रुपये पर पहुंच गए। 27 सितंबर 2024 में शेयर की कीमत 494.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

## "एक घर मकान से कहीं बढ़कर होता है"– 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में अपने सपनों का घर खोज रहीं हैं आस्था गिल

**मुंबई , एजेसी।** पॉप म्यूजिक की बेहद टैलेंटेड सनसनी आस्था गिल अपने सपनों का घर खरीदने के मिशन पर है। इस मिशन में उन्हें अपने दर्शकों का साथ भी मिल रहा है, क्योंकि उसका चुनाव वह सोनी लिव के शो 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में कर रही हैं। यह सिंगर-सॉन्गराइटर, जोकि अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिये मशहूर है, अब लक्जरी रियल एस्टेट की दुनिया की खोज कर रही हैं। उन्हें अपने सपनों के घर की डील पक्की होने की पूरी उम्मीद है। आस्था ने रोमांचित होकर कहा, ''घर सिर्फ वह चार दीवारें नहीं हैं, जिन पर छत टिकी होती है। घर में यादें बनती हैं और वह प्यार तथा सुख देने वाला एक स्वर्ग होता है। मैं अपने लिये परफेक्ट जगह, यानि सपनों के घर की तलाश में हूँ। और 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' ने मेरे पूरे अनुभव को निजी और शानदार एहसास दिया है। मुझे लगा ही नहीं कि मैं किसी शो में हूँ; ऐसा लगा जैसे मैं असल में इन बेहतरीन घरों का दौरा कर रही हूँ। मैं जल्दी से जल्दी अपनी माँ को यह शानदार घर दिखाकर उनकी प्रतिक्रिया देखना चाहती हूँ।''

घरों में सोच-समझकर तैयार की गई हर चीज़ और स्टोरेज के शानदार समाधानों ने आस्था को खासतौर पर आकर्षित किया। उन्होंने रियल्टर नवदीप की भी जमकर तारीफ की, जिनकी विशेषज्ञता और अपनेपन ने आस्था पर गहरा असर डाला। ''शो में निजी तौर पर नवदीप के काम को देखना प्रेरक रहा- मैं पहले से कहीं ज्यादा प्रभावित हूँ!''

## भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी प्रतिष्ठित शाखा की शताब्दी विरासत और उत्कृष्टता का जश्न मनाया

**मुंबई , एजेसी।** भारतीय स्टेट बैंक की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हुए, भारत की माननीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एसबीआई की प्रतिष्ठित हॉर्निमैन सर्किल शाखा की शताब्दी के उपलक्ष्य में विशेष रूप से ढाले गए 100 के स्मारक सिक्के का अनावरण किया। सिक्के के लॉन्च के साथ-साथ, उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के विकास के 5वें संस्करण का भी अनावरण किया, जिसमें 1981 से 1996 के बीच बैंक की यात्रा के परिवर्तनकारी युग का वर्णन किया गया है। इस कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, श्री एम. नागराजू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, निरमला सीतारमण ने कहा, एसबीआई की उल्लेखनीय यात्रा, जो अपनी प्रतिष्ठित शाखा के शताब्दी समारोह के साथ समाप्त हो रही है, विकास और सेवा की एक असाधारण विरासत को दर्शाती है। 1920 के विलय के समय 100 शाखाओं से लेकर आज 22,640+ शाखाओं तक, वित्त वर्ष 2025 में 500 और जोड़ने की योजना के साथ, एसबीआई अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखता है। एसबीआई का योगदान आंकड़ों से कहीं आगे जाता है - इसने अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक को अपनाकर और वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करके भारत के बैंकिंग परिदृश्य को बदल दिया है। परंपरा को आधुनिकता से जोड़ने की इसकी यात्रा विरासत शाखाओं के संरक्षण में परिलक्षित होती है, जबकि इसके प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि योनो, वैश्विक मंच पर भारत की फिनटेक क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

## 25 नवंबर से खुल रहा है पावर कंपनी का यह आईपीओ

#### अभी से ही 50 प्रीमियम पर पहुंचा शेयर, चेक करें प्राइस बैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने वालों के लिए एक और मौका आ रहा है। अगले सप्ताह से एक एसएमई कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए ओपन होगा। यह आईपीओ - अहमदाबाद स्थित राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड का है। कंपनी का यह इश्यू 25 नवंबर को निवेश के लिए खुलेगा और 27 नवंबर को बंद होगा। इसके लिए प्राइस बैंड 335 रुपये तय किया गया है। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर अभी से ही 50 रुपये प्रीमियम पर उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि यह शेयर लिस्टिंग पर 15 प्रतिशत तक का मुनाफा करा सकता है। 1971 की इस कंपनी के पास 160.47 करोड़ रुपये का बुक बिल्ट इश्यू है। ऑफर का फेस वैल्यू प्रति शेयर 10 रुपये है। इश्यू का प्राइस बैंड 320 रुपये से 335 रुपये प्रति शेयर है। सार्वजनिक पेशकश का लॉट आकार 400 शेयरों का है। यह आईपीओ 2,790,000 शेयरों का एक बिल्कुल फ्रेश इश्यू है। यह ताजा इश्यू 93.47 करोड़ रुपये बनता है। आवंटन की संभावित तारीख गुरुवार, 28 नवंबर है। रिफंड की शुरुआत उसी सप्ताह, शुक्रवार, 29 नवंबर को होगी। शेयर शुक्रवार, 29 नवंबर को निवेशकों के डीमैट खातों में जमा किए जाएंगे। 2 दिसंबर को लिस्टिंग होने का अनुमान है। करीबन 53 सालों के इतिहास के साथ राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड राज्य ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों और निजी उपयोगिताओं, उद्योगों, भूमिगत बिजली ट्रांसमिशन और बुनियादी ढांचे ईपीसी क्षेत्र को परामर्श प्रदान करता है।

## फिनो बैंक ने घरेलू बचत को बढ़ावा देने के लिए "गुल्लक" बचत खाते का अनावरण किया

**रीवा ।** बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब ग्राहकों की बचत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, फिनो बैंक ने आज ÷गुल्लक÷ नामक एक नया बचत खाता का अनावरण करने की घोषणा की है, जो ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई लाभ प्रदान करता है और उनकी बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति फिनो बैंक के मध्य प्रदेश राज्य में फैले लगभग 87000 मर्चेंट पॉइंट्स पर जाकर गुल्लक खाता खोल सकता है और इसके लाभों का आनंद ले सकता है। केवल 1000 रुपये के न्यूनतम बैलेंस के साथ, गुल्लक खाताधारक को कोई वार्षिक योजना शुल्क नहीं देना होगा, उन्हें नकद जमा करने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, गैर-मेट्रो स्थानों में 7 मुफ्त एटीएम ट्रांजेक्शन का लाभ मिलेगा और रुपे (ऋह्वश्चड्ढ4) डेबिट कार्ड पर विशेष ऑफ़र मिलेंगे। एक रोमांचक सुविधा यह है कि कुछ शर्तें पूरी करने पर न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता भी माफ की जा सकती है।

## लिस्टिंग के साथ ही कल इन निवेशकों को होगा 5 गुना तक फायदा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रक ऑपरेटरों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस के शेयर 21 नवंबर यानी कल गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने के लिए तैयार हैं। कंपनी के इश्यू को तीन दिन में 1.86 गुना सब्सक्राइब किया गया। इस 1,115 करोड़ रुपये के आईपीओ का प्राइस बैंड 259-273 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी के शेयरों की पॉजिटिव लिस्टिंग की उम्मीद है। इसी के साथ शुरुआती निवेशकों को इससे पांच गुना तक का तगड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

#### क्या है डिटेल

जिंका के शुरुआती निवेशकों में क्विकराउट्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड शामिल है, जिसने 2015 में 52.04 रुपये प्रति शेयर की औसत अधिग्रहण लागत पर निवेश किया था। इसके अलावा अन्य एक्सेल इंडिया (2015 में 62.71 रुपये), सैंड्स कैपिटल (132.09 रुपये), इंटरनेट फंड पीटीई (69.07 रुपये) और पीक ङ्कङ्क (2018 में 308.98 रुपये) ने निवेश किया था

एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, शेयर बिक्री में 4,19,40,018 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जबकि बिक्री के लिए 2,25,67,270 शेयरों की पेशकश की गई थी। क्यूआईबी के हिस्से को 2.76 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जबकि रिटेल निवेशकों की कैटेगरी को 1.65 गुना सब्सक्राइब किया गया था। गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत सब्सक्राइब किया गया था। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मंगलवार को एंकर निवेशकों से 501 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए थे। 13 से 18 नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

# ईएसआईसी से जुड़े 20.58 लाख श्रमिक, पहली बार नौकरी पाने वालों में युवाओं की अच्छी संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से 20.58 लाख नए श्रमिक जुड़े हैं। इनमें 10.5 लाख युवा हैं, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम है। इस लिहाज से माना जा सकता है कि पहली बार नौकरी पाने वालों में युवाओं की संख्या भी काफी अच्छी रही है। युवाओं की संख्या कुल रजिस्टर्ड हुए श्रमिकों की संख्या का 48.83 प्रतिशत है।

बीते वर्ष की समान अवधि में 18.88 लाख श्रमिक ईएसआईसी में रजिस्टर हुए थे। इस लिहाज से सालाना आधार पर भी 1.70 लाख श्रमिकों की संख्या बढ़ी है। महिलाओं के हिसाब से देखा जाए तो सितंबर में 3.91 लाख महिलाएं ईएसआईसी में रजिस्टर हुई हैं, जिनमें बड़ी संख्या उन युवा




महिलाओं की है जिन्होंने पहली बार नौकरी शुरू की है। वहीं, 64 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराया है।

ध्यान रहे कि ऐसे कर्मचारी, जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपये से कम हो वो सभी कर्मचारी ईएसआईसी से जुड़ने के पात्र होते हैं। ईएसआईसी से जुड़ने वाले संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

### बैटरी, चार्जिंग सेवा पर जीएसटी दर कम हों

इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी कम करने की जरूरत है। उद्योग मंडल फिक्की इलेक्ट्रिक वाहन समिति की चेयरपर्सन सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने ईवी पर फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर बिजलीचालित वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ई-ड्राइव कोष को बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ईवी पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि बैटरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसे घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए, ताकि जब उपभोक्ता बैटरी बदले तो यह अधिक किफायती हो।

## 6 महीने में 565 प्रतिशत चढ़ गया यह शेयर, अब बोनस शेयर बांटने की तैयारी में कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स बिजनेस से जुड़ी कंपनी पदम कॉटन यार्न्स अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर का तोहफा देने की तैयारी में है। कंपनी की बोर्ड बैठक 27 नवंबर 2024 को होनी है। इस मीटिंग में ही पदम कॉटन यार्न्स का बोर्ड बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। बोनस शेयर इश्यू किए जाने से पहले मंगलवार को पदम कॉटन यार्न्स के शेयर बीएसइ में 2 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 213.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने मंगलवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 32.02 रुपये है।

#### 6 महीने में 565 प्रतिशत उछल गए कंपनी के शेयर

पदम कॉटन यार्न्स के शेयर पिछले 6 महीने में 565 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स बिजनेस से जुड़ी कंपनी पदम कॉटन यार्न्स के शेयर 21 मई 2024 को 32.06 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213.30 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 3 महीने में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 270 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 19 अगस्त 2024 को 57.73 रुपये पर थे। टेक्सटाइल कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213 रुपये के ऊपर बंद हुए हैं।

#### 3 साल में कंपनी के शेयरों में 2400 प्रतिशत से अधिक की तेजी

पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में पिछले 3 साल में 2403 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 18 नवंबर 2021 को 8.52 रुपये पर थे। पदम कॉटन यार्न्स के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213.30 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 2 साल में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 1573 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 नवंबर 2022 को 12.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213 रुपये के ऊपर बंद हुए हैं। पिछले 4 साल में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 3750 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी का मार्केट कैप 100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

# अब एसएमई आईपीओ पर दांव लगाना होगा मुश्किल, सेबी ने बनाया तगड़ा प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप एसएमई आईपीओ पर दांव लगाते हैं तो ये खबर आपके लिए किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को स्स्ध्र आईपीओ के लिए न्यूनतम एप्लीकेशन साइज को मौजूदा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये तक करने का प्रस्ताव दिया है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि केवल पर्याप्त जोखिम लेने तथा निवेश की क्षमता वाले निवेशक ही आवेदन कर सकें।

#### सेबी ने क्या कहा

सेबी की ओर से जारी प्रस्ताव में कहा गया- यह देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में एसएमई आईपीओ में रिटेल निवेशकों की भागीदारी बढ़ी है। एसएमई आईपीओ में रिस्क ज्यादा होता है और शेयरों की लिस्टिंग के बाद सेंटिमेंट बदलने पर निवेशक फंस जाते हैं। ऐसे में छोटे रिटेल निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एप्लीकेशन का साइज बढ़ाने का प्रस्ताव है।

बाजार नियामक सेबी ने एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए अलॉटमेंट पद्धति में बदलाव का भी प्रस्ताव दिया है। सेबी ने एसएमई आईपीओ में ऑफर




फॉर सेल को इश्यू साइज के 20 प्रतिशत तक सीमित करने का भी प्रस्ताव दिया है। सेबी ने कहा कि एसएमई एक्सचेंज की स्थापना का उद्देश्य जरूरतमंद छोटे और मध्यम उद्यमों को उनके विकास के लिए फंड उपलब्ध कराना था। सेबी ने कहा- यह देखा गया है कि प्रस्तावित आईपीओ के प्रमोटर ने अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है जो एसएमई प्लेटफॉर्म बनाने का उद्देश्य नहीं था। सेबी ने 20 करोड़ रुपये से अधिक के इश्यू के लिए फंड इस्तेमाल की कड़ी निगरानी का भी प्रस्ताव दिया। नियामक ने यह भी प्रस्ताव दिया कि मर्चेंट बैंकरों को दी जाने वाली फीस का खुलासा एसएमई आईपीओ के प्रॉस्पेक्टस में किया जाना चाहिए।

आईपीओ आंकड़े बताते हैं कि एसएमई आईपीओ में दो ऑफर फॉर सेल एसएमई आईपीओ थे। इसका मतलब है कि ऑफर फॉर सेल में पूरी तरह से प्रमोटर्स अपनी हिस्सेदारी बेचकर पैसे जुटाते हैं। वहीं, कुल 52 आईपीओ में से 30 में ऑफर फॉर सेल का हिस्सा कुल साइज का 20 प्रतिशत से अधिक था।

## विश्व बैंक की शाखा आईडीए की मदद के लिए 4 अरब डॉलर देगा अमेरिका, बाइडन ने एक्स पर दी यह जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय विकास संघ की मदद करने के लिए अगले 3 वर्षों में 4 अरब अमरीकी डालर देने एलान किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, बाइडन ने कहा, इस सप्ताह मैं विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा के साथ यह घोषणा करने में शामिल हुआ कि संयुक्त राज्य अमेरिका आईडीए की जरूरतों को फिर से पूरा करने के लिए 3 वर्षों में चार अरब अमेरिकी डॉलर देने का वचन देगा। आईडीए विश्व बैंक की वह शाखा है, जो कमजोर देशों की मदद करती है। हम दूसरों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी प्रतिज्ञाओं को आगे बढ़ाने में हमारा साथ दें।

अंतरराष्ट्रीय विकास संघ विश्व बैंक का हिस्सा है जो कम आय वाले देशों की मदद करता है। 1960 में स्थापित, आईडीए विश्व बैंक की मूल ऋण शाखा, अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ( का पूरक है। आईडीए की वेबसाइट पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इसके अनुदान और कम ब्याज वाले ऋण देशों को अपने भविष्य में निवेश करने और जीवन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं जिससे अधिक समृद्ध समाज का निर्माण होता है।

आईडीए दुनिया के 78 कम आय वाले देशों के लिए सहायता के सबसे बड़े स्रोतों में एक है और इन देशों में बुनियादी सामाजिक सेवाओं के लिए निधि का सबसे बड़ा स्रोत है। आईडीए रियायती शर्तों पर जरूरतमंद देशों को पैसा उधार देता है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरुआत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय टीम शुक्रवार को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अच्छी शुरुआत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान कर रहे जसप्रीत बुमराह का लक्ष्य हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को मिली करार हार को भुलाकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहेगा। पिछले कुछ समय में टीम के अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है उससे भी टीम पर दबाव रहेगा। इस मैचम में नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी नहीं खेल रहे है। रोहित हाल ही में दूसरी बार पिता बने हैं, ऐसे में वह अपने परिवार के साथ है। इन हालातों में पारी की शुरुआत कर रहे यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को अच्छी शुरुआत करनी होगी।

इस सीरीज में विराट , आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन अहम रहेगा क्योंकि ये अपने कैरियर के अंतिम दौर पर हैं। ऐसे में पांच मैचों की सीरीजउनके भावी करियर की दशा और दिशा तय करेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम का पदर्शन तय करेगा कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचती है कि नहीं। भारतीय टीम को इसके लिए ऑस्ट्रेलिया को हर हालत में 4-0 से हराना होगा। वहीं भारतीय टीम के लिए सकारात्मक बात ये है कि टीम की क्षमता पर जब भी सवाल उठे हैं, इसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है। बुमराह ने कहा, 'जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरूआत करते हैं लेकिन जब हारते हैं, तब भी तो ऐसा ही होता है। न्यूजीलैंड सीरीज से हमने सबक लिया है लेकिन यहां हालात अलग हैं और यहां हमारे परिणाम अलग रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम इस सीरीज में जीतकर पिछले एक दशक से इस सीरीज को नहीं जीत पाने के सूखे को समाप्त करना चाहेगी। पहले मैच में भारतीय टीम में नियमित कप्तान रोहित के अलावा , शुभमन गिल भी नहीं होंगे। इसका लाभ भी मेजबान टीम भी उठाना चाहेगी। यहां की पिच उछाल भरी होगी जिसपर मेजबान टीम के गेंदबाजा हावी होने का प्रयास करेंगे।

भारतीय टीम की ओर विराट कोहली, के अलावा ऋषभ पंत और केएल राहुल , यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाजों को अधिक से अधिक रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर अंकुश लगाना होगा। यह ऐसी सीरीज होगी जिसमें गेंदबाजों का पलड़ा भारी होगा और बुमराह भारत की कमान भी संभालेंगे। मोहम्मद सिराज और आकाश दीप तेज गेंदबाजी में उनका साथ दे सकते हैं लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा भी चयन के दावेदार हैं। टीम संयोजन चाहे जो हो, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। टीम की बल्लेबाजी स्टीव स्मिथ , मार्नस लाबुशेन जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी भारत की परेशानी बढ़ा सकते हैं उनका औसत करीब 28 रहा है। उस्मान ख्वाजा को छोडकर कोई आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। विकेटकीपर एलेक्स कारी और कप्तान पैट कमिंस ने कभी कभार ही अच्छी पारियां खेली है। पहले टेस्ट के लिए पिच में नमी और उछाल को देखते हुए भारतीय टीम ऑलरांडर रविंद्र जडेजा की जगह अनुभवी आर अश्विन को उतार सकती है। वहीं यूवा ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी और बल्लेबाज ध्रुव जुरेलको मौका मिल सकता है। ये दोनो ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं।




### टीम

**भारत :** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

## एडीलेड टेस्ट में रोहित की वापसी से भारतीय खेमे में व्यवधान की संभावना : पोंटिंग



**पर्थ (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेजबान टीम की 3 . 1 से जीत की अपनी भविष्यवाणी को दोहराते हुए कहा कि एडीलेड टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम में वापसी से व्यवधान की संभावना है। रोहित पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर है जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा ,'' मेरा मानना है कि उनके अभियान में और व्यवधान की संभावना है जब रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से लौटेगा। मैं अभी भी कहता हूं कि आस्ट्रेलिया 3 . 1 से जीतेगा।''

उन्होंने कहा ,'' मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी बहुत अच्छी है लिहाजा मैं अपनी भविष्यवाणी पर कायम हूं।'' दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू होगा जो दिन रात का मैच होगा। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक रन बना चुके पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बावजूद भारतीय टीम काफी संतुलित है। उन्होंने कहा ,'' भारत को पता है कि पर्थ टेस्ट में उसकी टीम क्या होगी। उसे पता था कि रोहित इस टेस्ट में नहीं खेलेगा। यह भी पता था कि बुमराह कप्तान होगा। उन्हें पता था कि किन कमियों को पूरा करना है। टीम संतुलित लग रही है।''

भारत ने आस्ट्रेलिया को पिछली चार टेस्ट श्रृंखलाओं में हराया है। पिछली बार 2020 . 21 श्रृंखला में एडीलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर आउट होने के बाद उन्होंने सुनील गावस्कर से बातचीत में आस्ट्रेलिया की 2 . 1 से जीत का कयास लगाया था जो गलत साबित हुआ। भारत ने मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट जीतकर शानदार वापसी की और श्रृंखला अपने नाम की। उस समय कप्तान रहे विराट कोहली एडीलेड टेस्ट के बाद अपनी बेटी के जन्म के कारण लौट आये थे। पोंटिंग ने उम्मीद जताई कि इस बार उनका कयास सही साबित होगा। उन्होंने कहा ,'' पिछली बार सनी (गावस्कर) सही साबित हुआ था लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस बार रवि (शास्त्री) सही साबित नहीं होगा। मैं अभी भी कहूंगा कि आस्ट्रेलिया 3 . 1 से जीतेगा।

## पुजारा के भारतीय टीम में नहीं होने से खुश हैं हेजलवुड

**पर्थ (एजेंसी)।** यहां शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच की तैयारी में लगे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नहीं होने से उन्हें खुशी मिली है। हेजलवुड के अनुसार पुजारा विकेट पर जम जाते हैं और उन्हें गेंदबाजी करना बेहद कठिन होता है। पुजारा ने साल 2018-19 में चार टेस्ट की सात पारियों में तीन शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2020-21 की श्रृंखला में 928 गेंदें खेली जो श्रृंखला में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाई थी। हेजलवुड ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'मुझे खुशी है कि पुजारा इस बार टीम में नहीं है। वह ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको आप हमेशा आउट करना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हालांकि कहा कि पुजरा के नहीं होने के बाद भी भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम में हमेशा युवा और नए खिलाड़ी आते रहते हैं। उन पर अच्छे प्रदर्शन का इतना दबाव होता है इसलिए भारतीय एकादश में जो भी होगा, वह काफी बेहतर ही होगा। पिछली बार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ब्रिसबेन में चौथे और आखिरी टेस्ट में नाबाद 89 रन बनाए थे। हेजलवुड ने कहा कि पंत के जैसे आक्रामक बल्लेबाज के लिए लचीलापन अपनाना होगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे बल्लेबाज के सामने आपको हमेशा एक से दो योजनाएं होनी चाहिये। वहीं शुभमन गिल अंगूठे की चोट के कारण पहला मैच नहीं खेलेंगे जिसकी वजह से भारत को तीसरे नंबर पर नया बल्लेबाज उतारना होगा।

## ब्रेंडन मैकुलम के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर यशस्वी जायसवाल की नजरें, कर सकते हैं ये कारनामा

**पर्थ (एजेंसी)।** शुक्रवार यानी 22 नवंबर का दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहद अहम है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज इसी दिन से होगा जहां पर्थ में दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट खेला जाएगा। वहीं भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों की वजह से मौजूद नहीं होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। इस दौरे पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर भी सबकी नजरें रहेंगी, जोकि रोहित शर्मा के जोड़ीदार भी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। उन्होंने अन्य बल्लेबाजों की तुलना में रन तो बनाए लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उनके पास एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरूआत की। उन्होंने



14 टेस्ट में 1407 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक लगाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए। हालांकि, उसके बाद उनके बल्लेबाज से ज्यादा रन नहीं निकले हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उनके करियर को भी नई उड़ान दे सकता है। यशस्वी जायसवाल मैच के दौरान बड़े शॉट खेलने के लिए जाने जाते हैं और जब तक क्रीज पर रहते हैं छक्के और चौके लगाने से नहीं चूकते। उन्होंने इस साल 32 छक्के लगाए हैं। अगर वह पर्थ टेस्ट में दो और छक्के लगाते हैं तो वह ब्रेंडन मैकुलम के एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। मैकुलमन ने 2014 में 33 छक्के लगाए हैं। यशस्वी जायसवाल 2024 में जो रूट के बाद एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। रूट ने 1338 रन बनाए हैं, जबकि जायसवाल के नाम 1119 रन है। अगर वह 219 रन और बना लेते हैं तो वह इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की बेहतरीन शुरुआत की। उन्होंने 14 टेस्ट में 1407 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक लगाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए। हालांकि, उसके बाद उनके बल्लेबाज से ज्यादा रन नहीं निकले हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उनके करियर को भी नई उड़ान दे सकता है।

## मेसी अगले साल आ सकते हैं भारत

तिरुवनंतपुरम । भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है । अर्जेंटीना के स्टार स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल भारत में खेलने आ सकते हैं मेसी के भारत में भी काफी प्रशंसक हैं । ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के पास अवसर होगा कि वह मेसी को देख सकें । केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने कहा कि मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए भारत आयेगी । खेल मंत्री ने कहा कि इस मैच की मेजबानी के लिए राज्य पूरी तैयारी करेगा । उन्होंने केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा । मेसी ने अंतिम बार 2011 में भारत में खेला था उस समय अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था । यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था. हाल ही में मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में मेसी के शामिल होने से उत्तरी अमेरिका में उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है, जिससे भारत में भी उनके प्रशंसक आकर्षित हुए हैं, जो अक्सर उनके मैच देखने के लिए देर रात तक जागते रहते हैं ।



## शमी को आईपीएल में इसलिए नहीं मिलेगी अधिक कीमत : मांजरेकर



मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाले नीलामी में अधिक कीमत नहीं मिल पायेगी। मांजरेकर के अनुसार सभी फ्रेंचाइजी उनकी फिटनेस को लेकर चिंतित होगी क्योंकि वह साल तक चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि शमी की घरेलू क्रिकेट में वापसी एक महत्वपूर्ण कदम है । आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान वह शानदार फॉर्म में थे । वह 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लेकर टूर्नामेंट के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए । उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आया, जहां उन्होंने 57 रन देकर 7 विकेट लिए । मांजरेकर ने कहा कि निश्चित रूप से कई टीमों की उनमें रुचि होगी । लेकिन अगर आप शमी की हाल की चोट को देखेंगे तो आप पाएंगे कि उन्हें उबरने के लिए काफी समय लगा है । हर टीम को सीजन के दौरान संभावित ब्रेकडाउन के बारे में हमेशा चिंता रहेगी । यदि कोई फ्रेंचाइजी भारी निवेश करती है और फिर उसे बीच में ही खो देती है तो उसके विकल्प सीमित हो जाते हैं । इस चिंता के कारण उनकी कीमत में गिरावट हो सकती है । गौरतलब है कि आईपीएल 2023 में शमी ने 17 पारियों में 8.04 की इकॉनमी रेट से 28 विकेट लिए थे और पर्पल कैप जीती थी ।

## बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए इनाम घोषित किये

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय टीम ने बुधवार को यहां के राजगीर स्टेडियम में हुए फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीता है। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम को बधाई देते हुए इनाम घोषित किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है जो सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दिखाती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं भी दीं।




साथ ही उन्होंने लिखा, राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के सहयोगी स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा।

## कनाडा को हराकर जर्मनी डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची

मैलागा । जर्मनी की डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है । जर्मनी ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को हराकर अंतिम चार में जगह बनायी । जर्मनी के जान–लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने–अपने मैच जीतकर कनाडा को 2–0 से हराया । इसके साथ ही जर्मनी की टीम डेविस कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी । जर्मनी के अल्टमायर ने इस मैच में गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7–6(5) 6–4 से हराया। वहीं इससे पहले एक अन्य मैच में स्ट्रफ ने डेनिस शापोवालोव पर 4–6 7–5 7–6(5) से जीत दर्ज की । स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि हम जीत के अधिकारी थे । मैं जीत से उत्साहित हूं हालांकि विरोधी खिलाड़ी डेनिस भी काफी अच्छे से खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में जबरदसत सर्विस की जिससे हमारे लिए वापसी करना मुश्किल हुआ । टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए । कुल मिलाकर यह बहुत करीबी मुकाबला रहा था । अब सेमीफाइनल में जर्मनी का मुकाबला नीदरलैंड से होगा । नीदरलैंड ने इससे पहले एक अन्य मैच में रफल नडाल पर जीत के साथ ही स्पेन को हराया था । स्ट्रफ ने कहा कि हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है । हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं । उन्होंने कहा, नीदरलैंड ने भी अब तक शानदार मुकाबला खेला है । हमें सेमीफाइनल में हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है । हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास काफी प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं । इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे । अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5–0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7–5 से जीत हासिल की । ??दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15–40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया ।

## कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा: मार्क वॉ


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है।

कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। वॉ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, ÷ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें परिस्थितियां पसंद हैं। मुझे लगता है कि वह स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं। हालांकि, उनके मानकों के अनुसार, उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उनका औसत काफी गिर गया है, '।

'शायद पर्थ उनके लिए एक अच्छी शुरुआत होगी, क्योंकि उन्होंने (2018 में) एक बहुत ही मुश्किल पिच पर शानदार शतक बनाया था। जब आपके पास कुछ खास मैदानों पर अच्छी यादें होती हैं तो यह हमेशा अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'भारत की तुलना में ऑस्ट्रेलिया में होने पर उन पर कम दबाव होगा। भारत में अपनी घरेलू धरती पर खेलना बहुत ही रोमांचक होता है। यह सीरीज उनके लिए नई शुरुआत होगी।' दिसंबर 2014 के बाद पहली बार कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं, लेकिन आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी उन्हें अपने संघर्षरत टेस्ट करियर को फिर से पटरी पर लाने का मौका देगी। वॉ ने आगे कहा, ÷ऑस्ट्रेलियाई लोग अभी भी उन्हें एक बड़ा विकेट मानते हैं।वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं और ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है और उन्हें बड़े मंच से प्यार है।

वॉ ने कहा, 'भारत ने हमें पिछली चार सीरीज में हराया है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे कोहली का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आएगा। वह रन बनाने के लिए पर्याप्त अच्छे और तकनीकी रूप से अच्छे हैं या नहीं, यह एक अलग कहानी है।' पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को भी भरोसा है कि कोहली इस गर्मी में ऑस्ट्रेलिया में फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और मेजबान टीम के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। 'उनकी मानसिकता ऑस्ट्रेलियाई है, कभी हार न मानने वाला रवैया। उन्हें किसी लड़ाई में उलझने से कोई गुरेज नहीं है। हाल ही में उनके फॉर्म को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन मैं इससे चिंतित नहीं हूं। मैं जानता हूं कि कोहली के पास काफी अनुभव है।'

## मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बीबीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहेंगे



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) के शुरुआती मैचों से बाहर हो गये हैं। मैक्सवेल के स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में ग्रेड टू टियर का पता चला है। मैक्सवेल को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी । इसके बाद से ही वह दर्द से परेशान थे । इस चोट के कारण फरवरी 2025 में श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की सीरीज से पहले टेस्ट टीम में वापसी की उनकी संभावनाओं को भी झटका लगा है । उन्होंने अंतिम बार 2017 में टेस्ट क्रिकेट खेला था । इसके अलावा, अब वह बीबीएल सत्र की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड मैच भी नहीं खेल पायेंगे । क्रिकेट विक्टोरिया ने कहा है कि चोट के कारण मैक्सवेल कम से कम चार सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे । बिग बैश लीग का सत्र अगले माह 15 दिसंबर से शुरू होगा जिसमें मेलबर्न स्टार्स का सामना पर्थ स्कॉर्चर्स से होगा । मैक्सवेल ने इस साल की शुरुआत में अपनी टेस्ट वापसी के बारे में आशा व्यक्त की थी जिसमें भी अब बाधा आई है ।

## भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार का 'कोई बोझ नहीं उठा रही है' : बुमराह

**पर्थ (एजेंसी)।** कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि भारतीय टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है।

भारत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज में हाल ही में मिली हार ने जटिलताएं बढ़ा दी हैं। टीम को कीवी टीम के हाथों 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में 25 रन से हार भी शामिल है। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत की पहली क्लीन स्वीप हार और तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में उनकी पहली हार थी। भारत पांच मैचों की सीरीज में एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ उतरेगा÷ चार मैच जीतना और लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना।

बुमराह ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब आप जीतते हैं, तो आप शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं, तो भी आप शून्य से शुरुआत करते हैं। हम भारत से कोई बोझ नहीं उठा रहे हैं। हां, हमने न्यूजीलैंड सीरीज से कुछ सीखा है, लेकिन वहां परिस्थितियां अलग थीं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं।' नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले बुमराह ने आगे कहा, ÷हमने अपनी प्लेइंग इलेवन को अंतिम रूप दे दिया है और आपको कल सुबह मैच शुरू होने से पहले पता चल जाएगा।

भारतीय तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया में अपने ऐतिहासिक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए टीम की तैयारियों पर भी भरोसा जताया। पर्थ की पिच, जो अपनी उछाल और गति के लिए जानी जाती है, गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जो श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में एक दिलचस्प मोड़ लाएगी। पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। एडिलेड 6 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा, इसके बाद 14 दिसंबर को ब्रिसबेन होगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न में होगा और पांचवां अंतिम टेस्ट 3 जनवरी, 2025 को सिडनी में शुरू होगा।

यह पहली बार होगा जब भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में मिली हार के बाद आगामी सीरीज भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत का अंक प्रतिशत वर्तमान में 58.33




प्रतिशत है और वह तालिका में शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। लगातार तीसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए, भारत को पांच में से कम से कम चार टेस्ट जीतने होंगे।

# सोलर पैनल से सशक्त हो रहे यूपी के किसान, यूपी बना ऊर्जा का मजबूत केंद्रः सीएम योगी

## वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'उत्तर प्रदेश - पार्टनरशिप कॉन्क्लेव' में सीएम योगी ने लिया हिस्सा






माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गुरुवार को होटल ताज, लखनऊ में वर्ल्ड बैंक तथा गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश - पार्टनरशिप कॉन्क्लेव में सम्मिलित होते हुए

### » वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन के साथ यूपी के विकास की नई पहल
### » यूपी में लगभग एक लाख किसानों को सोलर पैनल उपलब्ध कराए गए- मुख्यमंत्री

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**लखनऊ »** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में आयोजित 'पार्टनरशिप कॉन्क्लेव' में प्रदेश के सतत विकास और कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में प्रौद्योगिकी, सरकारी योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी को आवश्यक बताया। वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सीएम योगी ने प्रदेश की चुनौतियों और उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों और कृषि क्षेत्र को नई तकनीकों और संसाधनों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार की उन उपलब्धियों को साझा किया जिनसे पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव आए हैं। सीएम योगी ने कहा कि सोलर पैनल से आज प्रदेश के किसान सशक्त हो रहे हैं, प्रदेश ऊर्जा का मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

**इंसेफेलाइटिस से मुक्ति एक प्रेरणादायक सफलता है- सीएम :** सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में कभी 'मौत का कारण' मानी जाने वाली इंसेफेलाइटिस बीमारी के उन्मूलन को प्रदेश की एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि 2017 से पहले हर साल इस बीमारी से 1500 से 2000 बच्चों की मौत होती थी, लेकिन राज्य सरकार ने WHO, गेट्स फाउंडेशन, यूनिसेफ और अन्य संस्थाओं के सहयोग से मात्र तीन वर्षों में इस समस्या को पूरी तरह समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि यह शासन, तकनीक और जनसहभागिता का परिणाम है कि आज यूपी में इंसेफेलाइटिस से कोई मौत नहीं होती।



### साझा दृष्टिकोण से सतत विकास के मिलेगी गति- योगी

मुख्यमंत्री ने गेट्स फाउंडेशन, वर्ल्ड बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में उनके अनुभव और सहयोग से बदलाव की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह साझेदारी विकास का आधार है और इससे उत्तर प्रदेश के किसानों और जनता को बेहतर भविष्य मिल सकेगा। पार्टनरशिप कॉन्क्लेव के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कृषि और अन्य क्षेत्रों में तकनीक, जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने की अपील की। कॉन्क्लेव में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अनिल राजभर, राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और गणमान्य मौजूद रहे।

**कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और नवाचार की आवश्यकता- सीएम योगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास देश की सबसे उपजाऊ भूमि और जल संसाधन हैं, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 89 कृषि विज्ञान केंद्र और 6 कृषि विश्वविद्यालय कार्यरत हैं, जो किसानों को प्रोत्साहित करने और उन्हें नई तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 1 लाख किसानों को सोलर पैनल उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे सिंचाई और बिजली की समस्याओं को हल करने में मदद मिली है। राज्य सरकार ने किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

**टेक्नोलॉजी से किसान को जोड़ने पर सीएम योगी का जोर :** सीएम योगी ने कहा कि जब तक किसान नई तकनीकों को अपनाएंगे नहीं, तब तक कृषि क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि नहीं होगी। टेक्नोलॉजी को किसानों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान और एक्सटेंशन प्रोग्राम जरूरी हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से किसानों को प्रायोगिक रूप से दिखाया जाए कि नई तकनीकों से खेती में कैसे बदलाव लाया जा सकता है।

**सरकारी योजनाओं के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी- मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी योजनाओं के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी है। साझेदारी से ही कृषि उत्पादकता को 3-4 गुना तक बढ़ाया जा सकता है। निजी क्षेत्र को इस दिशा में प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे राज्य के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना, जल संसाधनों का सही उपयोग करना और कृषि से जुड़े स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सही योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन से कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया जा सकता है।

## मुख्य समाचार

### विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों तथा मुफ्त कानूनी सहायता की दी गई जानकारी



**पठानकोट (अलोक कुमार ) »** जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के चेयरमैन कम डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जितेंद्र पाल सिंह खुरमी के निर्देशानुसार सचिव कम सीजीएम रुपिंदर सिंह के हुक्म की पालना करते हुए सरकारी हाई स्कूल गांदरा लहाड़ी में मुख्य अध्यापिका पूनम की अध्यक्षता मे विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की पालना तथा मुफ्त कानूनी सहायता संबंधी सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें विशेष रूप में एएसआई प्रदीप कुमार एएसआई जॉन कुमार तथा पीएलबी विनोद कुमार उपस्थित हुए, ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए एएसआई प्रदीप कुमार तथा जॉन कुमार नहीं बताया कि नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन नहीं चलना चाहिए इन नियमों की पालन न करने पर ₹25000 जुर्माना तथा 3 साल की कैद हो सकती है उन्होंने बताया कि सड़क में हमेशा बाई तरफ चलना चाहिए, दो पहिया बाहन चलते समय हेलमेट पहनना चाहिए, ड्रिंक पीकर कभी भी ड्राइव नहीं करनी चाहिए तथा ड्राइव करते समय फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, उन्होंने बताया कि 16 साल के बच्चे का भी लर्निंग लाइसेंस बनता है लेकिन 50 सीसी तक की इलेक्ट्रॉनिक टू व्हीलर ही चला सकता है, बड़ी व्हीकल चलाने के लिए उसको 18 साल का होना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालन नहीं करने वाले लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान गवा बैठते हैं या अपंग हो जाते हैं इसलिए सभी को चाहिए कि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करें, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के पीएलवी विनोद कुमार ने बताया कि जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी द्वारा हर विद्यार्थी को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को मुफ्त में वकील दिया जाता है तथा कागज पत्र का खर्च भी अथॉरिटी ही करती है उन्होंने बच्चों को गुड टच तथा बेड टच की जानकारी भी दी, उन्होंने बताया कि टोल फ्री नंबर 15100 पर फोन करके भी मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई चकबंदी विभाग की समीक्षा

#### चकबंदी अधिकारी को दिए निर्देश, गांव में की जा रही चकबंदी का बनाएं मैप : डीएम



**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**हापुड़ »** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में चकबन्दी विभाग में कार्यरत बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी / चकबन्दी अधिकारी / सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहे है। जनपद हापुड में कुल 21 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाधीन है, जिसमें से जनपद हापुड में 13 ग्राम तहसील- गढ़मुक्तेश्वर के नवप्रसारित तथा इसके अतिरिक्त 01 ग्राम पूर्व से चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है तथा तहसील हापुड के 06 ग्राम तथा तहसील-धौलाना का 01 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है। उक्त ग्रामों में जिलाधिकारी / जिला उप संचालक चकबन्दी महोदया हापुड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की चकबन्दी निदेशालय स्तर से जारी कार्य योजना के अनुरूप कार्य प्रगति बढाने तथा चकबन्दी न्यायालयों में 03 वर्षों से अधिक पुराने वादों वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किये जाने के लिए व शासन / चकबन्दी निदेशालय / जिला स्तर पर प्राप्त परिवाद/आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्ता पूर्ण ससमय निस्तारण के निर्देश भी दिये गये है।

### विभागाध्यक्ष बैठक में उपस्थिति करें सुनिश्चित- : पंचायत मंत्री पंवार

#### जनता की शिकायतों का सही निपटारा करें अधिकारी



**सुकरमपाल पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**रोहतक »** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री व भू-गर्भ मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा जनता की शिकायतों का सही ढंग से निपटारा करें। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक के एजेंडे में 13 शिकायतें शामिल थी, जिनमें से सुनवाई के दौरान आठ शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य पांच शिकायतों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्थानीय ओमेक्स सिटी निवासी यशवीर की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के आयुक्त, रोहतक के उपमंडलाधीश, तहसीलदार, जिला नगर योजनाकार एवं नगर निगम की कार्यकारी अभियंता की समिति गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।खनन एवं भू-गर्भ मंत्री कृष्णलाल पंवार ने स्थानीय शास्त्री नगर निवासी जयपाल सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पेयजल पाईपलाइन का कार्य जल्दी पूर्ण करवाएं और सर्वेक्षण कर आवश्यकतानुसार पाईपलाइन भी डाली जाए। उन्होंने बलियाणा निवासी अंकित कुमार की फ्लैट से संबंधित शिकायत की सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को मामले की जांच करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित वन अधिकारी तथा जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने स्थानीय तेज कालोनी निवासी मंजू की बकाया मुआवजा राशि से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा इस मामले को स्वयं देखेंगे तथा उपायुक्त द्वारा रिकवरी की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 71वें राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में की शिरकत



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम में आयोजित 71वां सहकारिता सप्ताह 2024 राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए। (21.11.2024)

### मुख्यमंत्री ने विकसित भारत-विकसित हरियाणा के विजन को साकार करने के लिए सहकारिता समितियों से सक्रिय रूप से जुड़ने का किया आह्वान

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**नई दिल्ली »** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहकारिता आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लोगों से विकसित भारत-विकसित हरियाणा के विजन को साकार करने में सहकारी समितियों से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में 71वें राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि नारायणगढ़ में जल्द ही एक नई अत्याधुनिक सहकारी चीनी मिल स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र में एक आधुनिक सूरजमुखी तेल पेराई मिल स्थापित की जाएगी और रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सहकारी सरसों तेल मिल स्थापित की जाएगी। विकसित भारत-विकसित हरियाणा के संकल्प को पूरा करने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने व्यापक सुझाव दिए, जिनमें स्थानीय उत्पादों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंच, किसानों को लाभान्वित करने के लिए फसल भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं स्थापित करना, महिला स्वयं सहायता समूहों का कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता देना शामिल है। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के साथ-साथ परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली और ई-गवर्नेंस प्रथाओं को अपनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत काम करने का भी आग्रह किया। ये पहलें न केवल सहकारिता आंदोलन से जुड़े लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान देंगी बल्कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत और समृद्ध हरियाणा के विजन में भी सहायक होंगी।

## भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा पिलखुवा के तत्वाधान में संस्कृति सप्ताह का भव्य आयोजन आरम्भ हुआ



**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**हापुड़।** संस्कृति सप्ताह के प्रथम दिवस पर मिल्टन स्कूल चंडी रोड में 100 बच्चों को स्कूल बैग , बुक्स व स्टेशनरी आदि का वितरण किया गया। शाखा के सभी पदाधिकारी शाखा संरक्षक अशोक गोयल वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार, शाखा मार्गदर्शक बीना गोयल, शाखा अध्यक्ष शशि गुप्ता, शाखा सचिव अलका अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष श्वेता गोयल, शाखा महिला संयोजिका हिमानी बंसल, शाखा सदस्य वर्षा सिंघल, मोनिका सिंघल, स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा गुप्ता प्रबंधक मूलचंद गुप्ता जी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सुधा गुप्ता जी और मूलचंद गुप्ता जी ने सृष्टि शाखा परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा की। शाखा संरक्षक अशोक गोयल जी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया उन्होने अपने काव्यपाठ में बच्चों को भगवान का रूप बताया। शाखा मार्गदर्शक बीना गोयल जी ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन संचालन से सभी को आनंदित किया। शाखा के अन्य पदाधिकारीयों ने बच्चों के उत्साह को देखते हुए बच्चों को उनके जीवन शैली को जीने के बहुत से ऐसे तरीके बताएं जो बच्चों को योग्य बनाएंगे । शाखा के सभी उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों ने लगभग 100बच्चों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया ।सभी बच्चों के चेहरे की मुस्कान देखते बन रही थी।कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य भी उपस्थित रहे। उसके बाद सभी ने जलपान कर कार्यक्रम को विराम दिया।

## 24 को वृन्दावन में मनाई जाएगी ब्रह्मलीन संत गीतानंद महाराज की 20वीं पुण्यतिथि

### देश विदेश से आएंगे अनुयाई

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**मथुरा।** राष्ट्रसंत तपोमूर्ति ब्रह्मलीन गीतानंद महाराज की 20 वीं पुण्यतिथि वृंदावन के गीता आश्रम में 24 नवम्बर (रविवार) को मनाई जाएगी, जिसमें देश-विदेश से उनके अनुयाई बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

मुमुक्षु मंडल व गीता आश्रम वृन्दावन के प्रमुख एवं महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अवशेषानन्द महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रसंत ब्रम्हलीन तपोमूर्ति गीतानंदजी महाराज की 20 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर गीता आश्रम वृंदावन में एक वृहद कार्यक्रम 24 नवम्बर (रविवार) को आयोजित होगा, जिसमें देश के जाने माने संत, भगवताचार्य, विद्वान, हाईकोर्ट के जस्टिस, अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर भगवत सेवा में लीन साधुओं को जहां ऊनी वस्त्रों एवं कंबल आदि का वितरण किया जाएगा वहीं साधनविहीन लोगों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं ब्रज क्षेत्र का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे से 11.30 तक श्रद्धांजलि सभा तथा पूर्वाह्न 11.30 बजे से भंडारा आयोजित किया जायेगा।

डॉ. स्वामी अवशेषानंद महाराज ने बताया कि ब्रम्हलीन संत गीतानन्द महाराज ने अपने जीवन की अंतिम के आखिरी समय तक जनहित कार्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग की मदद करने का प्रयास किया था। उत्तर भारत के वे ऐसे महान संत थे जो घट-घट में भगवान के दर्शन करते थे तथा जिनका कार्य क्षेत्र उनके द्वारा देश के विभिन्न भागों में स्थापित किये गए आश्रमों के साथ साथ आश्रम के बाहर भी था। उनकी आराधना का मूल मंत्र था ''प्रमु तुम हरौ जनन की पीर''।

वे ऐसे महान संत थे जिन्हे गीता न केवल कंठस्थ थी बल्कि गीता को उन्होंने अपने जीवन में उतारा था। गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है इसलिए उन्होंने गोशालाओं की स्थापना की तो शिक्षा के लिए संस्कृत पाठशाला, चिकित्सा के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन, संतों के लिए अन्न क्षेत्र, वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना, हरिजन बच्चों के लिए हरिजन छात्रावास, प्राकृतिक आपदा में पुनर्वास एवं राहत कार्य इस महान संत के त्यागमय जीवन की कहानी के पन्ने बोलते हैं। वृन्दावन की पावन धरती पर चैतन्य महाप्रभु,



बल्लभाचार्य, रूप गोस्वामी, जीव गोस्वामी, गोपाल भट्ट, जैसे संतों ने यदि धर्म की ध्वजा फहराई और श्यामाश्याम की लीलाओं के गूढ़ रहस्य को समाज के कोने कोने तक पहुंचाया तो बीसवीं शती में देवरहा बाबा, श्रीपाद बाबा, आनन्दमयी मां,स्वामी अखण्डानन्द, स्वामी वामदेव, नीम करौली बाबा, जैसे संतों ने सनातन धर्म पर आए संकट से समाज को निकालकर एक दिशा दी। स्वामी गीतानन्द महराज ने इससे अलग हटकर गीता के रहस्य को मानवजीवन में उतारने के मूलमंत्र को इस प्रकार प्रस्तुत किया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मुंह से सहज ही निकल पड़ा था कि यदि अन्य संत इसी भावना को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें तो भारत अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर सकता है। कारगिल युद्ध के बाद प्रधानमंत्री रक्षा कोष में जमा करने के लिए जब इस संत ने 11 लाख रूपये की थैली पूर्व प्रधानमंत्री स्वय अटल बिहारी वाजपेयी को सौंपी तो वाजपेयी अभिभूत होकर उक्त प्रतिक्रिया व्यक्त कर गए पर अहंकार से कोसों दूर इस महान संत ने यह कहकर वाजपेयी को और आश्चर्यचकित कर दिया था कि इसमें उनका कुछ भी योगदान नही है। उन्होंने तो वही काम किया है जो एक पोस्टमैन करता है। यह धनराशि उनके शिष्यों की है जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री रक्षा कोष को दिया है। उनका सिद्धान्त था कि दान इस प्रकार दिया जाना चाहिए कि दाहिने हांथ से दिये गए दान का पता बांए हाथ को भी न चल सके।

स्वामी गीतानन्द महाराज दीपक की तरह थे जिन्होंने न केवल अपने शिष्यों को बल्कि सम्पूर्णमानवता को अंधकार से निकालकर समाजसेवा का ऐसा सन्मार्ग दिखाया जो वास्तविक मोक्ष का साधन है। उनका कहना था कि भगवत गीता मानव जीवन के जीने का विज्ञान है। गीता के रहस्य एवं चमत्कार को मानव अपने जीवन में उतारकर ही उसकी महत्ता और उपयोगिता का अनुभव कर सकता है। गीता मानव को जन्म से लेकर मृत्यु तक हर परिस्थिति से मुकाबला करने और उसमें दी गई अच्छाइयों को उतारने की शिक्षा देती है। स्वामी गीतानन्द महराज ने गीता पर प्रवचनों के माध्यम से समाज को बताया कि मनुष्य अपने कार्य एवं साधना से मानव की सेवा किस प्रकार कर सकता है।

उन्होंने वृन्दावन की पावन भूमि से गीता के संदेश की ऐसी अमृत वर्षा की थी कि आज के प्रतियोगितापूर्ण समय में इसका रसास्वादन करने के लिए महाराजश्री के पास जो भी आया उसके मन को ऐसी शांति मिली कि उसके लिए वृन्दावन का अनूपयति गीता आश्रम ही तीर्थ बन गया। कहा जाता है कि संत भगवत शक्ति का एक स्वरूप होता है। जैसे जल का सहज स्वभाव हर व्यक्ति को शीतलता देकर उसकी तृष्णा को बुझाना होता है उसी प्रकार संतों का स्वभाव दुःखी और संतृप्त जीवों पर करूणा कर उन्हें कल्याणकारी मार्ग की ओर अग्रसर करने का होता है। ब्रम्हलीन संत गीतानन्द महाराज इन्ही विशेषताओं के कारण अपने शिष्यों के प्रेरणा के श्रोत बन गए।